इसका स्पष्टीकरण कठिन नहीं, यदि कहीं नासिक्य का उच्चारण ऐसा करना पड़े कि मात्रावृद्धि न हो तो उसे अनुस्वार से नहीं, रङ्ग से व्यक्त करना चाहिए। इसलिए संस्कृत के 'पारावतानम्' की जगह 'पारावआणँ' आया है और

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

संस्कृत के 'जातवेदनम्' की जगह 'जाअवेअणँ।'

दूसरी ओर संस्कृत के 'विरुतः' की जगह 'विरुएहिं' है जिसका उच्चारण तो होगा दो मात्राओं वाले 'हिं' के साथ 'विरुएहिम्,' किन्तु जिसे लिखा गया है 'विरुएहिं' क्योंकि यहाँ अनुस्वार का आगम करण कारक में आये विसर्ग की जगह हुआ। और भट्ट जी के संस्करण में यही सर्वत्र है। यदि संस्कृत के किसी शब्द में अन्त 'म्' से है तो उसे तब तक प्राकृत रूपान्तर के बाद भी 'म्' ही लिखा गया है जब तक प्राकृत रूपान्तर ऐसा न हो कि उसका संस्कृत ढाँचा ही बदल गया हो। गाथा 1-19 में संस्कृत के 'कर्णाभ्याम्' की जगह 'कण्णेहिं' है जिसका उच्चारण तो होगा दो मात्राओं वाले हिं' के साथ 'कण्णेहिम्,' किन्तु जिसे लिखा गया है 'कण्णेहिं' क्योंकि यहाँ अनुस्वार का आगम 'कर्णाभ्याम्' के ढाँचे को एकदम बदलते हुए 'कण्णेहिं है जबकि गाथा 1-28 में संस्कृत के 'दातुम्' की जगह 'दाउम्' है, 'दाउं' नहीं, क्योंकि 'दातुम्' का ढाँचा 'दाउम्' में सुरक्षित है।

• अनुस्वार कहाँ-कहाँ लिखा गया है?

मेरी समझ में भट्ट जी के संस्करण में एक लेखन-पद्धति तो अपनायी ही गयी है जिसका पालन सर्वत्र विना किसी अन्तर्विरोध के किया गया है। वह लेखन-पद्धति इस अर्थ में दोषपूर्ण कही जा सकती है कि संस्कृत के अतिरिक्त हमें कहीं किसी परवर्ती भांषा में हलन्त शब्दों के दर्शन नहीं मिलते, जो भी है अजन्त है अगर हम कुछ समकालीन भाषावैज्ञानिकों के आग्रह के अधीन 'कमल' को 'कमल्' न करने लगें और तथा-कथित 'हिंदी में अ-लोप की समस्या' पर विचार में न उलझें। अनुस्वार का आगम बहुधा कृत्रिम लगता है, कभी 'छन्द के अनुरोध से' कभी कुछ खास ढंग से जोर देने के लिए जैसे डिंगल काव्य में दिखायी देता है।

बहरहाल, प्राकृत में लेखन के कोई ऐसे 'नियम' नहीं हैं जो अनुल्लंघनीय हों। पिशेल कृत प्राकृत भाषाओं का व्याकरण के डॉ हेमचन्द्र जोशी द्वारा अनुवाद 16 में सैंकड़ों जगह 'म्' अन्त में सूचित किया गया है, उदाहरण के लिए पृ. 22 पर 'अण्णम् लड्ढहतणअम्,' तो हम क्या यह मान लेगे कि डा. हेमचन्द्र जोशी को इस 'नियम' का पता नहीं था कि प्राकृत में 'म्' की जगह अनुस्वार देना चाहिए?

संस्कृत में अनुस्वार को स्वर समझने की सुविधा प्राप्त है, क्या प्राकृत में भी है? एक रोचक प्रसङ्ग यह है:- चूँकि 'अम्ब' को वज्जालग्गं के अनुसार

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

सर्वत्र ही 'अंब' लिखना होगा इसलिए नियम तो यह हुआ कि गाथा 1-19, जो भट्ट जी के संस्करण में और महिलाएँ में इसप्रकार मुद्रित है

कोसॅम्ब किसलअवण्णअ तण्णअ उण्णामिएहिँ कण्णेहिँ
हिअअट्ठिअं घरं वच्चमाण धवलत्तणं पाव॥

(कोशाम्रकिसलयवर्ण तर्णक उन्नामिताभ्यां कर्णाभ्याम् हृदयस्थितं गृहं व्रजन्धवलत्वं प्राप्नुहि॥)

अचिरसमुद्‌गत आम की कोंपल जैसा वर्ण।
धौला बन तू वत्सतर घर प्रस्थित उत्कर्ण॥

को इस तरह छपना चाहिए था

कोसंब किसलअवण्णअ तण्णअ उण्णमिएहिं कण्णेहिं
हिअअट्ठिअं घरं वच्चमाण धवलत्तणं पाव॥

ऐसा छापने में क्या कठिनाई थी? यहाँ 'कोसम्ब' में स-कार संयुक्ताद्य है और संस्कृत छन्दःशास्त्र कहता है कि उसे द्विमात्रिक गुरु के रूप में पढ़ना चाहिए; किन्तु यहाँ छन्द के अनुरोध से उसे एकमात्रिक अतः लघु के रूप में पढ़ना होगा और यही बताने के लिए 'कोसॅम्ब' छापा गया है। अब यदि 'कोसंब' छापते हैं तो इस बात को बताना पड़ेगा कि 'कोसंब' में स-कार को लघु पढ़ना है जिसका यहाँ यह मतलब लगा कि 'अनुस्वार' को लघु पढ़ना है; इसके लिए जो 'नियम' है वह है 'अनुस्वार' की जगह 'चन्द्रबिन्दु' देना। तब लिखना पड़ेगा 'कोसँब' जो शायद ठीक नहीं लगा। लेकिन यही कभी ठीक भी लगा है। गाथा 3-10 भट्ट जी के संस्करण में और महिलाएँ में इस प्रकार मुद्रित है

जे *सँमुहागअबोलन्तवलिअपिअपेसिअच्छिविच्छोहा*
अम्हं ते मअणसरा जणस्स जे होन्ति ते होन्ति॥
(ये संमुखागतव्यतिक्रान्तवलितप्रियप्रेषिताक्षिविक्षोभाः
अस्माकं ते मदनशरा जनस्य ये भवन्ति ते भवन्तुज्॥[17])

लौट रह् उसके पुनः मुड़ते-तकते नैन।
मुझको तुम कुछ भी कहो लग जाते शर मैन॥

स्पष्ट है कि यह 'सँमुहागअ' इसलिए 'सॅम्मुहागअ' नहीं लिखा गया कि संस्कृत छाया में 'संमुखागत' मुद्रित है, 'सम्मुखागत' नहीं।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

दरहक़ीक़त 'नियम' एक ही है; यदि स्वर से असमर्थित पञ्चम वर्ण को सूचित करना है तो अनुस्वार, यदि केवल उसका 'रंग' भर आना है तो चन्द्रबिन्दु से सूचित अनुनासिक जिसका 'रङ्ग' नाम ठीक लगता है। 'कंगन' और 'कँगना' लिखने में कुछ तो अन्तर होना चाहिए जो बता सके कि भले ही दोनों चतुर्मात्रिक हैं, 'कंगन' भगण है और 'कँगना' सगण।

यहीं थोड़ा रुक कर मैं इस लघुपठन-सङ्केत '˘' और इस चन्द्रबिन्दु-सङ्केत 'ँ' के अन्तःसम्बन्ध पर एक बात कहना चाहता हूँ।

पहले ऐसे सङ्केत देने की प्रथा न थी। उदाहरण के लिए दादू की पङ्क्ति है: "*ऐसा जंनम न बारंबारा*" तो उसमें पहला अनुस्वार सङ्केत लघुपठित है और शब्द 'जंनम' का उच्चारण 'जँनम्' है जबकि दूसरा अनुस्वार-सङ्केत पूर्णपठित है और शब्द 'बारंबारा' का उच्चारण 'बारम्बारा' है।[18]

जिन लोगों ने भी मुद्रण में इस लघुपठन-सङ्केत की प्रथा चलायी, उन्होंने निश्चय ही इस बात की ओर ध्यान दिया कि चन्द्रबिन्दु-सङ्केत वस्तुतः अनुस्वार-सङ्केत के लघुपठन का सङ्केत है और इसलिए चन्द्रबिन्दु से अनुस्वार निकाल देने पर जो बचा उसे उन्होंने ठीक ही लघुपठन का सङ्केत निश्चित किया। इसके लिए हमें उनकी प्रशंसा करनी चाहिए और उनका कृतज्ञ होना चाहिए।

किन्तु कृतज्ञता की बात तो बहुत दूर है; इस नियम का पालन भी अब हिंदी मैं समाप्तप्राय है और 'मैँ' सर्वत्र 'मैं' है, हैँ' सर्वत्र 'हैं' है, 'हाँक' सर्वत्र 'हांक' है, 'रँगीला' सर्वत्र 'रंगीला' है। यों तो कहा जा सकता है कि टाइप ढाल कर मुद्रण करने की जो साम्राज्यवादी साजिश अंग्रेज़ों ने रची, स्वतन्त्रता-प्राप्ति के बाद उससे बाहर निकल कर हम अपनी 'परम्परा' की ओर लौट रहे हैं। किन्तु मैं अभी हिंदी-साक्षरता से पूरी तरह निराश नहीं हूँ और आशा करता हूँ कि ऐसा कहा न जायेगा।

मैं इस सम्बन्ध में एक दिलचस्प उद्धरण दे कर यह प्रकरण समाप्त करता हूँ। पिशेल का कहना है :

हस्तिलिपियाँ ऊपर दिये गये स्थलों के अतिरिक्त[19] बहुत अधिक स्थानों में 'ं' के बदले 'म्' लिखती हैं जिन्हें याकोबी शुद्ध मानता है और प्रायः सभी सम्पादकों ने इनको पाठ में दे दिए हैं,[20] पर किसी ने भी न तो इनका क्रम देखा और न ही कोई नियम। जैन-हस्तलिपियों को छोड़ अन्य प्राकृत ग्रन्थों में भी बहुत अधिक स्थानों में 'ं' के बदले 'म्' दिया

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

है और ये रूप प्राचीन यूरोपीय तथा आजकल के भारतीय छपे हुए ग्रन्थों में वर्तमान हैं। . . . 'ं' के स्थान पर जो 'म्' दिया है उसका निर्णय करना अभी शेष है, इसका तात्पर्य यह है कि हस्तलिपियाँ शुद्ध की जानी चाहिए।[21]

पिशल साहब 'ं' के बदले 'म्' लिखना 'संस्कृताऊपन' मानते हैं। क्या हमें भी ऐसा ही मान लेना चाहिए और क्या 'संस्कृताऊपन' कोई सांस्कृतिक अपराध है? क्या हमें भी पिशल साहब के अनुकरण पर यह मान लेना चाहिए कि प्राकृत पर जैनों का एकाधिकार था और जैनों के अतिरिक्त अन्य प्राकृत लेखकों की 'हस्तलिपियाँ शुद्ध की जानी चाहिए?

मेरा समझना है कि नहीं है, ज़िस भाषा का ज्ञान हस्तलिपियों से ही प्राप्त होता है, जिस भाषा के लेखन-वैविध्य में उच्चारण-वैविध्य खोज पाना असम्भव है, उस भाषा की हस्तलिपियाँ शुद्ध करने की नौबत आये तो कहीं अपनी समझ में भी विनम्रता-पूर्वक कुछ सुधार करने की जरूरत होनी चाहिए।

5

गाहा-सत्तसई में कुछ ऐसा नहीं जो हमें इसे गाथा-सप्तशती कहने से रोक सके। ये छेकोक्तियाँ हैं और भुवनपाल ने अपनी टीका का नाम उचित ही **छेकोक्तिविचारलीला** रखा है। 'आर्या' को परिसीमित करके प्राप्त की गयी 'गाहा' के रचनाकारों में आनन्दवर्धन और कालिदास अगर शामिल हैं तो किस आधार पर संस्कृत कविता के व्यापक परिवेश से प्राकृत कविता को अलग से पहचाना जा सकता है?

दुर्भाग्यवश अलग से पहचानने की ऐसी ही कोशिशें प्राकृत कविता के आधुनिक अध्ययन की प्रायः प्रमुख प्रेरणा रही है। इस अध्ययन की प्राचीन परम्परा जब संस्कृत से प्राकृत और प्राकृत से अपभ्रंश को अधिक उज्ज्वल बताती थी[22] तो वह कभी भी इन भाषाओं के प्रति किसी रोमांस से ग्रस्त नहीं रहती थी, क्योंकि वह इन भाषाओं को बरतती थी और केवल इतना कहती थी कि जो मिठास मुझे अपनी घरेलू बोली में मिलती है वह सीखी हुई साहित्यिक भाषा में नहीं मिलती। वह भारतीय बहुभाषी होता है, जैसे आज का औसत भारतीय भी है, बशर्ते कि उसमें अपनी बहुभाषिता को विश्वविद्यालयीय शिक्षा से धो-पोंछ न दिया हो। एक औसत मध्यवर्गीय भारतीय प्रायः कुछ काम अंग्रेज़ी में, कुछ काम 'खड़ी बोली हिंदी' में और कुछ काम अपनी घरेलू बोली, भोजपुरी या गढ़वाली, कुमाँऊनी में करता पाया जा सकता है और पूरी दृढ़ता और सच्चाई के साथ यह

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

कहता हुआ मिल सकता है कि मुझे अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अपनी घरेलू बोली, जैसे भोजपुरी, ज्यादा मीठी लगती है। क्या वह इन भाषाओं के लिए कोई ऐसा सोपानंक्रम बता रहा होता है जो इस व्यापक देश के सभी अपसमाजों पर समान रूप से एक कानून के रूप में लागू होते हैं? क्या जब कोई यह कहता है कि मेरी माँ के हाथ का बनाया खाना सबसे मीठा होता है तो वह यह कह रहा होता है कि संसार की अन्य स्त्रियाँ पाककला में फूहड़ हैं? क्या मण्डन मिश्र के घर में पले तोतों के कानों में 'स्वतः प्रमाणं परतः प्रमाणम्' के अतिरिक्त कोई आवाज पड़ती ही नहीं थी?

किन्तु आधुनिक अध्ययन भाषाओं को बरतता नहीं, उन्हें एक नृतत्त्वशास्त्री की दृष्टि से देखता है और उनकी एक रोमांटिक छवि गढ़ता है। वह सचमुच यह मानने लगता है कि केशवदास के घर के नौकर देसी ज़बान नहीं बोल पाते थे।[23]

यह रोमांटिक छवि बहुत दूर तक फैली हुई है और बहुत गहराई तक इसकी जड़े हैं। हमारा समाजशास्त्र कुछ छवियाँ गढ़ता है और उन छवियों के अधीन हमारा साहित्यशास्त्र भी काम करने लगता है।

नवीन प्रस्तुतियाँ इसी रोमांटिक छवि के अधीन कार्यरत होती हैं।

इस रोमांटिक छवि का एक हिस्सा यह है कि जो बोली एक के लिए मीठी है वह सबके लिए मीठी है, चाहे वह उसे बरतता हो या नहीं। गाथा-सप्तशती की गाथाएँ गायी जाती थीं, इसलिए वे सर्वदा ही श्रुतिमधुर होंगी, यह मानना इसी रोमांटिक छवि के चलते सम्भव हुआ है। महाराष्ट्री प्राकृत (जिसमें गाथा-सप्तशती की गाथाएँ निबद्ध हैं) में संस्कृत शब्दों से व्यञ्जन 'हटा दिये गये' हैं तो इसलिए कि वह गीतों में प्रयुक्त होती थी और फलतः श्रुतिमधुर है। किन्तु क्या सबके लिए और किन्तु क्या आज भी?

6

इस छवि का एक हिस्सा यह है कि गाँव की युवती सरल और भोली होती है, इसलिए वह 'छिनाल' नहीं हो सकती क्योंकि छिनालें क्रूर और हृदयहीन होती हैं जैसा कि हमारी बंबैया फिल्म बताती है और जरा किसी औरत को छिनाल कह कर तो देखिए, उसके भाई और बेटे ज़बान खींचने पर आमादा हो जाँयगे। इसलिए जाहिर है कि जब गाँव का बराती अपनी माँ और बहन के लिए कन्या-पक्ष की महिलाओं से भोजन के समय छिनाल का शब्द सुनते हुए मुदित हो रहा है तो वह किसी 'कुप्रथा' में जकड़ा हुआ है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

किन्तु भारतीय साहित्य ही नहीं, कहीं का भी साहित्य सन्दर्भ-गम्भीर होता है, व्रजदेवियों के कृष्णानुराग की आध्यात्मिक व्याख्याओं का अभाव नहीं है किन्तु उसको आधार बना कर लिखे गए शृङ्गार-काव्य को आप स्वकीया-प्रेम में घटायेंगे तो कुल मिला कर यह उसे 'घटाना' ही होगा। इसलिए राधा को परकीया नायिका के ऊढाप्रभेद के अन्तर्गत ही प्रायः देखा जाता है और इस ऊढात्व को और भी प्रगाढ करने के लिए एक सम्प्रदाय उन्हें कृष्ण से उम्र और पद में बड़ी महिला के रूप में बताता है; राधा कृष्ण से आठ वर्ष उम्र में बड़ी हैं और रिश्ते में उनकी मामी हैं।

अपने से उम्र में आठ वर्ष छोटे किशोर वय के भानजे के प्रति एक पूर्णयौवना मामी का प्रेम 'निष्कलुष' नहीं है किन्तु उसकी यह कलुषमयता ही उन आवरणों को भी दूर करती है जो नैतिक और सामाजिक सुरक्षा के रूप में दाम्पत्य में उपस्थित होते हैं। मैं यहाँ श्रीमद्भागवत का एक श्लोक सामने रखना चाहता हूँ

तदोडुराजः ककुभः करैर्मुखं प्राच्या विलिम्पन्नरुणेन शन्तमैः।
स चर्षणीनामुदगाच्छुचो मृजन् प्रियः प्रियाया इव दीर्घदर्शनः॥

–10-29-02

(तब चन्द्रमा उगा। बहुत दिन के बाद दिखे प्रिय की तरह, जो प्रिया के गालों को हाथों से मसलता हुआ उसका वियोगजन्य शोक दूर कर के उसके चेहरे को शर्म और उत्तेजना की ललाई से रँग देता है, अपनी किरणों से पूर्व दिशा के गालों को मसलते हुए उसके चेहरे को ललाई से रँगता हुआ चन्द्रमा उगा। कुलटाओं का दुःख दूर करता हुआ चन्द्रमा उगा।

यह मैं स्वीकार करता हूँ कि **श्रीमद्भागवत** के अनेक आदरणीय व्याख्याकार यहाँ 'चर्षणी' का अर्थ 'कुलटा', नहीं लिखते किन्तु यह मैं स्वीकार नहीं करता कि यह अर्थ न लिखना उचित भी है।

'चर्षणी' का अर्थ समझने के लिए जाना होगा कामसूत्र तक जहाँ बताया गया है कि उन ग्रामीण स्त्रियों को 'चर्षणी' कहते हैं जो गाँव के कुछ वर्गों के युवाओं के लिए 'वचनमात्रेण साध्य' होती है।[24] आप 'चर्षणी = कुलटा' को श्रीमद्भागवत से बाहर रख देंगे तो रासपञ्चाध्यायी को कैसे समझ पायेंगे जिसका यह प्रारम्भिक है?

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

आप 'चर्षणी = कुलटा को बाहर करके गाथा-सप्तशती को नहीं समझ सकते; 'चर्षणी = कुलटा' महिलाएँ गाथा-सप्तशती में वैसे ही केन्द्रीय हैं जैसे 'चर्षणी = कुलटा व्रजदेवियाँ श्रीमद्भागवत में।

आवश्यकता इस केन्द्रीयता को समझने की है न कि इस केन्द्रीयता को छिपाने की।

7

पाण्डेय जी ने इस बात की ओर ध्यान दिया है कि 'महिला' और 'वनिता' इन दो शब्दों से ही गाथा-सप्तशती की स्त्रियाँ बतायी गयी हैं। क्या 'महिला' और 'वनिता' का अर्थ केवल 'मनुष्य प्रजाति की मादा' भर है?

'वनिता' का अर्थ 'जातरागा स्त्री' है। जहाँ तक 'महिला' की बात है, मैं समझता हूँ कि यह लगभग वही है जो भोजपुरी या अवधी आदि में 'मेहरारू' है, 'बिटिहिनी का, पूरा मेहरारू होय (= लड़की क्या, पूरी जवान औरत है)' लगभग वही वाक्य है जो इस गाथा का कथ्य है :

कइआ जाआ कइआ णु सिक्खिआ माइआ हअकुमारी
तं तं जाणइ सव्वं जं जं महिलाओं जाणंति॥

(कदा जाता कदा नु शिक्षिता मातः हतकुमारी
तत्तज्जानाति सर्वं यद् यन्महिला जानन्ति॥)

ओ माँ, यह मुई कुमारी कब पैदा हुई कब इसे सिखाया गया;
यह वह सब कुछ जानती है जो महिलाएँ जानती हैं।[25]

निश्चय ही वे ही महिलाएँ 'महिला' कहलाने की हकदार हैं जो 'घर का सुख-दु:ख समझने वाली' हों, शेष तो मर्द के लिए बुढ़ापा ही है[26] किन्तु क्या कहीं श्रीमद्भागवत में ऐसा सङ्केत है कि 'चर्षणी = कुलटा व्रजदेवियाँ अपने पति-पुत्र को भोजन नहीं देती थीं या अपनी बूढ़ी बीमार सास को एक गिलास पानी के लिए तरसाती थीं? हमें यह क्या फिर से समझना पड़ेगा कि यौन एकवर्तिता का आदर्श महिलात्व का वह आदर्श है जो पुरुषवाचना ने बनाया है?

'महिला' वह है जो फ्रांसीसी का femme है; पुरुष की सहवर्तिनी किन्तु पुरुषवाचना से अव्याख्येय :

गहचरियं दें वचरियं ताराचरियं चराचरे चरियं
जाणंति सयलचरियं महिलाचरियं न जाणंति॥

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

(ग्रहचरितं देवचरितं ताराचरितं चराचरे चरितं
जानन्ति सकलचरितं महिलाचरितं न जानन्ति॥)

ग्रहों का चरित, देवों का चरित, नक्षत्रों का चरित, इस चराचर में सब का चरित;

बुद्धिमान् सम्पूर्ण चरित जानते हैं किन्तु महिलाचरित नहीं जानते।[27]

पुरुषवाचना से अव्याख्येय इस महिलाचरित की अव्याख्येयता से हम कुछ पुरुषवाचना की सीमाओं को समझने की कोशिश कर सकते हैं। यह एक 'नवीन' प्रयास भी कहा जा सकता है।

किन्तु हमारी आधुनिक आलोचना बेहद कट्टरपंथी है और उसकी असली चिन्ता कविता समझने की नहीं जानने की है कि इतिहास और समाजशास्त्र उसकी पीठ ठोंक रहे हैं कि नहीं। उसका समझना यह है कि जो घरबिगाड़ू परपुरुषगमन तलाक के लिए कानूनी आधार है, जिस परस्त्रीगमन पर जेल की सजा मिल सकती है उसे हमारी कविता में जगह मिले इससे बढ़ कर शर्म की बात क्या है और हम अपनी कविता के नाते शर्मसार हो इससे बढ़ कर शर्म की बात क्या है।

इसलिए, चूँकि उत्तम कविता समाज का उज्ज्वल पक्ष प्रस्तुत करती है और गाथा-सप्तशती उत्तम कविता है, गाथा-सप्तशती में समाज का उज्ज्वल पक्ष ही प्रस्तुत है। गङ्गाधर गड़बड़ आदमी था।

गङ्गाधर गाथा-सप्तशती के प्राचीन व्याख्याकार हैं। निर्णयसागर प्रेस से इनकी टीका के साथ गाथा-सप्तशती प्रकाशित हुई थी। बाद में इस पर भट्ट मथुरानाथ शास्त्री की नवीन संस्कृत व्याख्या 'व्यङ्ग्यसर्वङ्कषा' के साथ यह निर्णयसागर प्रेस से पुनः छपी। अब यह भट्ट जी वाला संस्करण भारत सरकार की सहायता से पुनर्मुद्रित हो कर फिर सुलभ हुआ है और गङ्गाधर की टीका वैसी ही दुर्लभ है जैसी वह प्रकाशन के पहले दुर्लभ रही होगी।

भट्ट जी ने कहा है कि उनकी टीका गङ्गाधर की टीका के भरोसे लिखी गयी है। किन्तु यह भरोसा गङ्गाधर की टीका से असहमति मैं अधिक दिखायी देता है। जो भी हो, गङ्गाधर की टीका का वही अंश मेरे सामने आ सकता है जो भट्ट जी ने अपनी टीका में असहमति बताने के उद्देश्य से टाँक दिया है।

भट्ट जी की टीका आधुनिक आलोचनादृष्टि से अनुप्राणित है। जब भट्ट जी की टीका लिखी गयी थी तब आलोचनादृष्टि की आधुनिकता तुलनात्मक

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

समालोचना में थी और उन्होंने यह बताने में बड़ा परिश्रम किया है कि किस प्रकार आर्या-सप्तशती की अपेक्षा गाथा-सप्तशती अधिक 'सुरुचिपूर्ण' है और किस प्रकार गाथा-सप्तशती का काव्यकौशल बिहारी-सतसई से अधिक है।

ऐसे किसी आग्रह के अधीन काम करने पर क्या हो सकता है इसका कुछ अनुमान निम्नलिखित प्रसङ्ग से किया जा सकता है, गोवर्धनाचार्य की एक आर्या है :

तिमिरेऽपि दूरदृश्या कठिनाश्लेषे च रहसि मुखरा च

शङ्खमयवलयराजी गहपतिशिरसा सह स्फुटतु॥

अँधेरे में भी दूर से ही दिखायी देती हैं, आलिङ्गन में चुभती हैं, एकान्त में खनखना कर विघ्न करती हैं; ये शङ्ख की चूड़ियाँ गृहस्वामी की खोपड़ी के साथ ही फूट जायें।[28]

इस पर भट्ट जी ने अपनी भूमिका में यह टिप्पणी की है:

'गृहपतिशिरसा सह स्फुटतु' इति किमश्राव्यं न प्रतीयते? इयमपि 'नायिका' नाम? अयमपि शृङ्गारः॥
'शृङ्गारोत्तरसत्प्रमेयरचनैराचार्यगोवर्धनस्पर्धी कोऽपि न विश्रुतः' इति पद्यखण्डं पुनर्मनस्यावर्तते!

'गृहस्वामी की खोपड़ी के साथ ही फूट जायें' यह क्या सुनने में ग़लत नहीं लगता? यह भी भला 'नायिका है? यह भी शृङ्गार रस है!!

'शृङ्गार रस की श्रेष्ठ रचना करने में आचार्य गोवर्धन का मुकाबला करने वाला कोई नहीं सुना गया' यह पद्यखण्ड फिर याद आ जाता है।[29]

भट्ट जी की आपत्ति इसी पद्य खण्ड 'शृङ्गार रस की श्रेष्ठ रचना करने में आचार्य गोवर्धन का मुकाबला करने वाला कोई नहीं सुना गया' पर है। भूमिका में पृ. 27 पर भी वे यही आपत्ति दो विस्मयादिबोधक चिह्नों के साथ दर्ज़ कर चुके थे। वहाँ 'श्रोणी भूमा॰' आर्या का जिक्र था, जिसकी नायिका का ढीठ सपना यह है कि सोते हुए पति की बाँह का तकिया लगाये हुए वह जार के साथ रमण करे।[30] भट्ट जी को आचार्य गोवर्धन का शृङ्गार रस बराबर 'अश्लीलता की हद कर दी' किस्म का लगता है और चूँकि उद्धृत आर्या 274 में अमङ्गल-अश्लीलत्व दीखता है, इसलिए यहाँ तो वह काव्यदोष भी बन गया।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

आचार्य गोवर्धन को शृङ्गार रस की श्रेष्ठ रचना करने वाला बताने वाले जिस पद्यखण्ड पर भट्ट जी को दो-दो बार आपत्ति हुई है, वह गीतगोविन्द के यशस्वी कवि जयदेव की पङ्क्ति है।[31] प्राचीन कवि जब किसी पुराने कवि की प्रशंसा करते थे तो वह गुटबंदी के नाते लिखी गयी समकालीन समीक्षा की तरह नहीं होती थी, एक सम्पूर्ण सहृदय समाज की सुचिन्तित राय होती थी। गोवर्धनाचार्य की जयदेवकृत-प्रशंसा का उपहास करने से पूर्व भट्ट जी को दस बार सोचना चाहिए था कि क्या इस आर्या के इस प्रत्यक्षतः अमङ्गल-वाची अर्थ तक ही वस्तुतः गोवर्धनाचार्य की विवक्षा थी? क्या गोवर्धनाचार्य की साहित्यिक समझ इतनी ही कमजोर थी कि उन्हें अमङ्गल-अश्लीलत्व इसमें नहीं दीखा और वे ऐसी स्त्री को नायिका का दरजा दे बैठे जो रस की कसौटी पर खरी नहीं उतर सकती, केवल एक हृदयहीन दुश्चरित्रा मात्र सिद्ध होती है?

किन्तु भट्ट जी ने नहीं सोचा और गोवर्धनाचार्य, जयदेव और इसके पीछे के अन्य तमाम आदरणीय नामों की खिल्ली उड़ाने में उन्हें कोई सङ्कोच न हुआ। इस साहस के पीछे का बल आधुनिकता थी जो यह सिखाती है कि प्राचीन गर्हास्पद है, क्योंकि अर्वाचीन अधिक शक्तिसम्पन्न है; साहित्य के क्षेत्र में अंग्रेज का साहित्य अच्छा, क्योंकि अंग्रेज विजेता है। भारतीय का साहित्य बुरा क्योंकि भारतीय पराजित है।

'बुरा जो देखन मैं चला' तो जाहिर है कि 'बुरा वही जो अंग्रेज बतलाये' अतः 'अश्लीलत्व' एक बुराई हुई। प्रकृत प्रसङ्ग में यह अभीष्ट था कि गाथासप्तशती अश्लील नहीं है। जिन लोगों को भट्ट जी की सारी वकालत के बावजूद गाथासप्तशती अश्लील लग सकती है उन्हें तो भट्ट जी ने 'नवसभ्य' और 'नावश्यकप्रवेश' (= जिन्हें गाथासप्तशती नहीं पढ़नी चाहिए) कह कर टाल दिया। किन्तु 'आवश्यक प्रवेश' वाले लोगों को यह बताना जरूरी था कि यदि गाथांसप्तशती अश्लील नहीं है तो अश्लील किसे कहते हैं? उत्तरः- आर्यासप्तशती को।

8

पाण्डेय जी की टीका (क्योंकि अनुवाद के साथ कुछ टीका भी महिलाएँ में हैं) भी आधुनिक आलोचनादृष्टि से अनुप्राणित है। उदाहरण के लिए, 6-48 हैं:

पुणरुत्तकरप्फालणउहअतडुल्लिहणवड्ढणसआइं
जूहाविअस्स माए पुणो वि जइ णम्मआ सहइ।।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

(पुनरुक्तकरास्फालतटोल्लिखनपीडनशतानि
यूथाधिपस्य मातः पुनरपि यदि नर्मदा सहते।।)

खूँद रहा जल सूँड से करता तीर-प्रपात।
एक नर्मदा सह रही गजपति का उत्पात।।

इस पर पाण्डेय जी की टिप्पणी है:

अन्योक्ति आज भी सटीक है, क्योंकि आज भी नर्मदा सेतु बाँधने वाले नरगजों का उत्पात सह रही है।[32]

भट्ट जी के समय में 'नर्मदा बचाओ आन्दोलन' नहीं था, नहीं तो वे इस गाथा की शृङ्गारपरक व्याख्या न करते। किन्तु 'नर्म-दा' विग्रह कर के प्राचीन साहित्य में अनेक पद्य रचे गए हैं, सबके स्वारस्य के लिए कहाँ तक हम 'नर्मदा बचाओ' चिल्लाते फिरेंगे। वैसे मेरी समझ में यहाँ 'पुणरुत्त' की संस्कृत छाया 'पुनरुत्थ' करने से शायद अर्थ अधिक स्पष्ट होता किन्तु यहाँ मैं व्याख्या करने नहीं बैठा हूँ। 6-54 है :

जंतिअ गुलं विमग्गसि ण अ मे इच्छाइ वाहसे जंतं
अणरसिअ किं ण आणसि ण रसेण विणा गुलो होइ।।

(यान्त्रिक गुडं विमार्गयसे न च ममेच्छया वाहयसि यन्त्रम् अरसिक किं न जानासि न रसेन विना गुडो भवति।।

चला रहे हो यन्त्र तुम मेरे मन को भूल।
कहाँ मिला गुड़ रस विना रस या मन प्रतिकूल।।

यहाँ भट्ट जी के अनुसार तो नायिका धमकी दे रही है यदि कोल्हू ठीक से नहीं चलाया तो मजदूरी नहीं मिलेगी, किन्तु वज्जालग्गं 533 के टीकाकार ने 'गुल- का अर्थ 'द्रवीकरण' तथा 'मधुरत्व' किया है और ये ही अर्थ उचित हैं। ये ही अर्थ गंगाधर के भी थे। यों तो कुछ ध्यान 'गुल' के clitoris अर्थ पर भी देना चाहिए जो मोनियर विलियम्स के सर्वसुलभ शब्दकोष में दिया हुआ है, और 'मिठाई' का लोक-प्रयोग भी निकट है। जहाँ तक इस गाथा में आए 'रस' शब्द की बात है मैं समझता हूँ कि वज्जालग्गं 554 से इसका भाव समझा जा सकता है, जिसमें 'रसाउलो उच्छू = रसाकुल इक्षुः' की बात आती है।

इस समय आलोचनादृष्टि की आधुनिकता 'सुरुचिपूर्णता' को और भी कठोर परिभाषाओं में जकड़ने में है और पाण्डेय जी की आलोचनादृष्टि का जो

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

परिचय उनकी भूमिका से मिलता है, उसका एक अनुमान इस उद्धरण से मिल सकता है:

परकीया रति, अभिसार, जार-जारिणी व्यापार को काव्य-संसार का भी स्थायी अमर्यादित भाग नहीं माना जा सकता। शृङ्गार के निरूपण में पूर्वराग के स्थल में ही अविवाहित प्रेम औचित्य की सीमा के अन्दर होता है। व्यभिचार से जुड़ने पर शृङ्गार रसाभाव बन जाता है। . . . शृङ्गार लौकिक वृत्तान्त और नियमों का अनुकरण न हो कर उनके अन्तर्निहित प्रतिदर्श का निरूपण होना चाहिए।[33]

इस विवेचन से लगता है कि प्राचीनों ने 'व्यभिचार बनाम शृङ्गार' पर कोई विचार ही नहीं किया था और 'रसाभास' का यह आगमन प्राचीनों की दृष्टि में नहीं था जब वे शृङ्गार और व्यभिचार का घालमेल कर रहे थे। किन्तु सच्चाई इसके उलट है; पाण्डेय जी के इस विवेचन को साहित्यदर्पण के रचयिता विश्वनाथ महापात्र का प्रबल समर्थन प्राप्त है और उज्ज्वलनीलमणि के टीकाकार विश्वनाथ चक्रवर्ती का प्रबल विरोध भी। यह 'प्रबल समर्थन' और यह 'प्रबल विरोध' किस प्रकार प्राप्त है? साहित्यदर्पण में कुछ बातें कही गयी हैं : (1) परोढा और अननुरक्ता वेश्या को छोड़ कर अन्य नायिकाएँ ही शृङ्गार रस का आलम्बन हैं, अर्थात् परकीया नायिका के भेदों में पूर्वराग के आधार पर कन्या का तो शृङ्गार रस का आलम्बन है, किन्तु धर्मविरुद्ध होने के नाते परोढा शृङ्गार रस का आलम्बन नहीं है; (2) उपनायकनिष्ठ रति रसाभास है।[34] इन बातों को यदि हम पाण्डेय जी की ऊपर के उद्धरण में कहीं गयी इन बातों से मिलायें: (1) व्यभिंचार से जुड़ने पर शृङ्गार रसाभास बन जाता है। (2) शृङ्गार के निरूपण में पूर्वराग के स्थान में ही अविवाहित प्रेम औचित्य की सीमा के अन्दर होता है, तो यह स्पष्ट हो जायेगा कि 'प्रबल समर्थन' किस प्रकार प्राप्त है। और विश्वनाथ चक्रवर्ती ने उज्ज्वलनीलमणि की स्वकृतटीका आनन्दचन्द्रिका में साहित्यदर्पण का नामोल्लेख करते हुए कहा है कि 'औपपत्य में साहित्यदर्पणकार की सम्मति नहीं है, यह सोच कर डरना नहीं चाहिए।[35] इस पर ध्यान दें तो यह भी स्पष्ट हो जायेगा कि 'प्रबल विरोध' किस प्रकार प्राप्त है।

मुझे साहित्यदर्पण में, या उसकी अपनी देखी हुई किसी टीका में, यह स्पष्ट नहीं मिला कि यदि औपपत्य से रसाभास होता है और परोढा आलम्बन नहीं हो सकती तो फिर उन तीन सौ चौरासी नायिकाओं का क्या होगा, जो साहित्यदर्पण में गिनायी गयी हैं और जिनमें न केवल परोढा और वेश्या ने खासी जगह घेर रखी है अपितु जिसके भेदों की संख्या कुछ कम करने की चेष्टा करने

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

वालों के मत का साहित्यदर्पणकार ने उपहास भी किया है। इसलिए यद्यपि यह विषयान्तर लग सकता है, मैं इसकी कुछ चर्चा करना आवश्यक मानता हूँ कि इस विषय में साहित्यदर्पणकार का मत परवर्ती साहित्यविचार में कहाँ तक स्वीकार किया गया; कुछ कोशिश यह समझने की भी करूँगा कि साहित्यदर्पणकार का मत वस्तुतः विरोधाभाष है या केवल विरोधाभास।

9

पहले शायद यह सोचना ठीक होगा कि साहित्यदर्पणकार का मत क्या है। मुझे लगता है कि उनके लक्षण से शायद यह मत उतना स्पष्ट नहीं होता जितना उनके उदाहरण से। उपनायकनिष्ठ रति के नाते 'शृङ्गार के रसाभास' का जो स्वरचित उदाहरण उन्होंने दिया है, वह यह है:

स्वामी मुग्धतरो वनं घनमिदं बालाऽहमेकाकिनी
क्षोणीमावृणुते तमालमलिनच्छाया तमःसन्ततिः
तन्मे सुन्दर मुञ्च कृष्ण सहसा वर्त्मेति गोप्या गिरः
श्रुत्वा तां परिरभ्य मन्मथकलासक्तो हरिः पातु वः॥

(*मेरा पति बुद्धू है,* यह जंगल घना है, मैं जवान और अकेली हूँ, अँधेरा फैल रहा है, इसलिए हे कृष्ण! मेरी राह छोड़ दो,'' ऐसा कहती हुई गोपी की बातें सुन कर उसके साथ रतिक्रीड़ा प्रारम्भ कर देने वाले कृष्ण आपका कल्याण करें)।

एक खयाल यह हो सकता है कि यहाँ रसाभास रेखाङ्कित अंश के नाते है क्योंकि उससे यह प्रकट होता है कि गोपी का यह कृष्णानुराग उसके पति में रतिकोविदत्व के अभाव के नाते है। इस प्रकार कृष्ण 'उपनायक' ठहरते हैं; यदि उस गोपी का पति रतिकोविद होता तो उसे कृष्ण की कोई ऐसी जरूरत न थी। किन्तु प्रश्न यह है कि इस तरह 'उपनायकनिष्ठरति' का उदाहरण यह कैसे बनेगा? क्या 'उपनायक' का यह अर्थ स्वीकृत है?

यहाँ उपनायक स्पष्ट ही कृष्ण हैं। सामान्यतः साहित्यशास्त्र में 'उपनायक' का उदाहरण मालतीमाधव में मकरन्द माना जाता है; वह अर्थ यहाँ अभिप्रेत नहीं हो सकता। अतः हमें 'उपनायक' का अर्थ 'नायक से कुछ हीन' ही लेना पड़ेगा। कृष्ण कैसे 'उपनायक' हो सकते हैं?

मुझे लगता है कि यहाँ 'मुग्ध' का अर्थ 'मूढ' न कर के 'सुन्दर' करना ठीक होगा, जैसा कि गीतगोविन्द के (प्रथम सर्ग की अन्तिम अष्टपदी के बाद

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

वाले श्लोक में *'शृङ्गारस्सखि मूर्तिमानिव मधौ मुग्धो हरिः क्रीडति'* आदि में है; कोषगत प्रमाण के लिए विश्वकोष का 'मुग्धः सुन्दरमूढयोः' गीतगोविन्द के टीकाकार उद्धृत करते रहे हैं। फिर यदि पति 'मुग्धतर' है, अधिक मनोहर है, तो कृष्ण 'उपनायक' ही ठहरेंगे और तब यह 'उपनायकनिष्ठ रति' निश्चय ही रसाभास है।

यह काव्य-दोष के निदर्शन के लिए एक बनाया हुआ उदाहरण है, सामान्यतः काव्य-रचना में किसी कवि से ऐसा पद्य रचने की आशा नहीं की जाती। दूसरी ओर परोढा का उदाहरण यह है :

स्वामी निःश्वसितेऽप्यसूयति मनोजिघ्रः सपत्नीजनः
श्वश्रूरिङ्गितदैवतं नयनयोरीहालिहो यातरः
तद्दूरादयमञ्जलिः किमधुना दृग्भङ्गिभावेन ते
वैदग्धीमधुरप्रबन्धरसिक व्यर्थोऽयमत्र श्रमः॥

(मेरा पति मेरे द्वारा साँस लेने पर भी गुस्से से भर जाता है, सौतें मन की बात सूँघ लेती हैं, सास हर इशारा ताड़ लेती है, देवरानियाँ आँख की हर हरकत पहचानती हैं। अभी तुम्हारी आँखों के इशारों से क्या फ़ायदा, तुम रतिकौशल की कितनी भी पहचान क्यों न रखते हो, यहाँ तुम्हारा सारा श्रम व्यर्थ है और मैं दूर से ही हाथ जोड़ती हूँ (फिर कभी अवसर मिला तो देखा जायेगा।)

यहाँ रेखाङ्कित अंश में यह देखा जा सकता है कि नायिका के पति में 'मर्दानगी' की कोई शिकायत नहीं है और वह उसे चाहता भी है, किन्तु नायिका कुछ खोज रही है जो उसमें नहीं है और नायिका का विचार यह है कि मेरी रतिचातुरी पहचान सकने वाला जो यह दूसरा भी मौजूद है, वह निराश न लौटे।

मुझे जहाँ तक समझ में आता है, 'उपनायक' और 'उपपति' में अन्तर करना जरूरी है; साहित्यदर्पणकार का मत यदि भ्रान्त लगता है तो उसमें यह कारण प्रमुख है कि 'उपनायक' और 'उपपति' में अन्तर नहीं किया जा रहा है।

जहाँ तक साहित्यदर्पणकार के इस कथन की बात है कि "परोढा और अननुरक्ता वेश्या को छोड़ कर अन्य नायिकाएँ ही शृङ्गार रस का आलम्बन हैं, अर्थात् परकीया नायिका के भेदों में पूर्वराग के आधार पर कन्यका तो शृङ्गार रस का आलम्बन है किन्तु धर्मविरुद्ध होने के नाते परोढा शृङ्गार रस का आलम्बन है," मेरा सोचना यह है कि यह साहित्यदर्पणकार ने कहा ही नहीं, उन्होंने जो 'अननुरक्ता' विशेषण दिया है उसे परोढा और वेश्या दोनों पर लागू करना चाहिए। 'अननुरक्ता' शृङ्गार का आलम्बन नहीं हो सकती, इस पर तो कोई विवाद नहीं

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

है।

अब जाहिर है कि यदि साहित्यदर्पणकार का मत वस्तुतः विरोधाभाष नहीं है केवल विरोधाभास ही है, तो साहित्यदर्पणकार का मत परवर्ती साहित्यविचार में कहाँ तक स्वीकार या अस्वीकार किया गया, यह समझने के लिए कुछ विस्तार से उस बहस की छानबीन करनी पड़ेगी जो बाद में की गयी। यह बहस हिंदी के रीतिकालीन ग्रन्थों में ज़्यादा नहीं हुई, लेकिन संस्कृत में हुई।

भानु मिश्र[36] की रसमञ्जरी नायिकाभेद का आधारभूत ग्रन्थ है। इस पर सत्रह टीकाओं के लिखे जाने की जानकारी है, जिसमें से कई प्रकाशित हैं। टीकाओं में नागेश भट्ट और विश्वेश्वर जैसे प्रखर चिन्तक शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त अकबर शाह की **शृङ्गारमञ्जरी** और शिवराम त्रिपाठी की स्वरचित ग्रन्थ **रसरत्नहार** पर लिखी टीका **लक्ष्मीविहार** में **रसमञ्जरी** से असहमतियाँ दर्ज हैं। हिंदी की रीतिकालीन कविता का समस्त नायिकाभेदवर्णन **रसमञ्जरी** का आधार लिए हुए है। मैं प्रो॰ रामसुरेश त्रिपाठी द्वारा सम्पादित संस्करण[37] के आधार पर कुछ बातें कहता हूँ। इस संस्करण में एक अधूरी टीका मुद्रित है, जिसका नाम **रसामोद** है; टीकाकार हैं- त्रिविक्रम मिश्र।

जिस बहस का जिक्र मैंने ऊपर किया है, वह वस्तुतः भानु मिश्र पर अकबर शाह द्वारा किए गए आक्षेपों और त्रिविक्रम मिश्र द्वारा उन आक्षेपों के प्रतिवादों में लगभग पूरी तरह समायी हुई है। किन्तु यह समझना आवश्यक है कि लक्षणों को पूर्णतया निर्दोष बनाने के प्रयास अन्य शास्त्रों में दिये जाने वाले लक्षणों की तरह ही काव्यशास्त्र में भी प्रायः सफल नहीं रहे हैं; उदाहरण के लिए शिवराम त्रिपाठी ने 'परकीया' की जगह 'स्वानूढा' रखने का प्रस्ताव किया है (ताकि उसमें कन्यका और अन्योढा दोनों का समावेश हो जाए और कन्यका परकीया में 'पर' कौन है इस बहस से बचा जा सके) और इस ओर ध्यान नहीं दे पाये हैं कि 'स्वानूढा = जो अपनी पत्नी न हो' का लक्षण सामान्या पर भी घटित होता है।

बहरहाल, सबसे पहली बात तो यह है कि 'व्यभिचार' इस बहस में नितान्त अप्रासङ्गिक माना गया है; वह धर्मशास्त्र की विषयवस्तु है, काव्यशास्त्र की विषयवस्तु नहीं है। उसकी कोई चर्चा ही नहीं है।

चर्चा किसकी है? 'रस' की और 'रसाभास' की। इस सिलसिले में कुछ शब्दों पर ध्यान देना आवश्यक है। शृङ्गार के सन्दर्भ में मध्यकालीन काव्यशास्त्र

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

में जो शब्द प्रमुखता से उभरा है, वह है 'अनुराग', इसकी परिभाषा त्रिविक्रम मिश्र द्वारा यह की गयी है : ''स्त्री और पुरुष की परस्पर रिरंसा को ही अनुराग कहते हैं''[38] सामान्या की रिरंसा से उसका उदरभरण भी होता है, यह सही है किन्तु वह जितनी देर एक पुरुष के साथ रहती है उतनी देर उसमें अनुरक्त रह सकती है यह भी सही है। क्या हम किसी सैनिक को 'वीर' कहने से मना इसलिए कर देंगे कि वह सेना में वेतन-जीवी है?

अब सवाल उठता है कि मृच्छकटिकम् की वसन्तसेना जो दरिद्र चारुदत्त में अनुरक्त हुई और अपना पैसा भी जिसने चारुदत्त पर खर्च किया, वह सामान्या थी कि नहीं। तो इसका उत्तर यह है कि जैसे यदि भिक्षुक कभी दान दे दे तो उसका भिक्षुकत्व नष्ट नहीं होता, वैसे ही बिना द्रव्य की लालसा के ही चारुदत्त में अनुरागवती होने के नाते वसन्तसेना का सामान्यात्व नष्ट नहीं होता। मालविकाग्निमित्र की इरावती को भी हमारे प्राचीन साहित्यशास्त्री सामान्या मानते हैं, इसकी सिद्धि कैसे होगी? मैं इसमें इतना जोड़ना चाहता हूँ कि वह बात इससे भी साबित होती है कि ब्राह्मण के कर्मों में यजन और याजन, अध्ययन और अध्यापन, दान और प्रतिग्रह माने गए हैं, क्षत्रिय के कर्मों में हैं- यजन किन्तु याजन नहीं, अध्ययन किन्तु अध्यापन नहीं, दान किन्तु प्रतिग्रह नहीं। अब यदि ब्राह्मण वाजपेय यज्ञ करे तो उसके बाद विधान के अनुसार वह यजन करेगा और याजन नहीं करेगा, अध्ययन करेगा और अध्यापन नहीं करेगा, दान करेगा और प्रतिग्रह नहीं करेगा; तो क्या उसका ब्राह्मणत्व नष्ट हो जायेगा?

अनुकूलत्व और विलासित्व, ये दो ही चीजें महत्त्वपूर्ण हैं। स्वकीया की कामकलाचातुरी पतिनिष्ठ होती है, परकीया की कामकलाचातुरी प्रधानतः उपपतिनिष्ठ होती है, और सामान्या की कामकलाचातुरी प्रधानतः वित्तोपार्जन से जुड़ी हुई होती है। किन्तु 'अनुरक्ता' होना नायिका होने के लिए आवश्यक और पर्याप्त है।

अगर कुछ ऐसा ख़याल हो कि सामान्या नायिका का यह प्रस्तुतीकरण केवल त्रिविक्रम का निजी प्रयास है और इसे भारतीय पारम्परिक चिन्तन का कोई समर्थन नहीं प्राप्त है तो शिवमहापुराण की इस कथा को सामने रख लेना चाहिएः

महानन्दा नामकी एक वेश्या थी। वह शिवभक्त थी। एक बार शिव उसकी परीक्षा लेने के लिए एक बहुमूल्य रत्नकङ्कण पहने हुए शैव वेष में आए। महानन्दा की इच्छा उस रत्नकङ्कण को पाने की हुई, उसने यह इच्छा व्यक्त की जिसके प्रत्युत्तर में शिव ने कहा कि तुम इसे ले सकती हो, किन्तु इसका तुम क्या दाम दोगी। महानन्दा ने कहा कि मैं वेश्या हूँ, पतिव्रता नहीं और मेरा कुलधर्म

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

व्यभिचार है; मैं तीन दिनरात तुम्हारी पत्नी बन सकती हूँ, यदि तुम यह रत्नकङ्कण मुझे दे दो। सूर्य और चन्द्र को साक्षी मान कर यह शर्त तय हुई। उसके बाद रत्नकङ्कण दे कर शिव ने एक रत्ननिर्मित शिवलिङ्ग उसे दिया और कहा इसे सँभाल कर रखो, यह मेरे प्राणों से भी अधिक मुझे प्रिय है। उस शिवलिङ्ग को महानन्दा ने नाट्यमण्डप में रख दिया और वादे के मुताबितक रात को शिव के साथ सोयी। रात को ही नाट्यमण्डप में आग लग गयी और शिवलिङ्ग जल कर टुकड़े-टुकड़े हो गया। शिव ने कहा कि मैं तो इस शिवलिङ्ग के विना जीवित नहीं रह सकता, मेरी चिता सजाओ। चिता सजायी गयी, शिव ने उसमें प्रवेश किया ओर तीन दिन-रात पत्नी रहने के अपने वचन को याद करती हुई महानन्दा वैश्या ने भी उस चिता में प्रवेश कर के अनुमरण करना चाहा। शिव प्रकट हुए और महानन्दा वेश्या की याचनानुसार उसके बान्धवों-भृत्यों समेत महानन्दा वेश्या को पुनर्जन्म से छुटकारा पाने का वर दे कर अपने लोक में ले गए।

शिव का यह अवतार 'वेश्यानाथ' के नाम से प्रसिद्ध है।

जो इस कथा को सुनता और सुनाता है तथा अपने धर्म से च्युत नहीं होता, उसे परम गति प्राप्त होती है।[39]

सामान्या का यह 'अपने धर्म से च्युत न होना' यदि उसे उसी परम गति का अधिकारी बताया गया है जो स्वकीया के लिए सुरक्षित मानी जाती है तो हमें 'अपने धर्म' के पाण्डेय जी का यह विवेचन 'व्यभिचार बनाम शृङ्गार' के मुकद्दमे में बदल गया है जिसमें वे 'शृङ्गार के वकील हैं और गङ्गाधर 'व्यभिचार' के। लगभग पूरी भूमिका में इन्हीं स्थापनाओं को परिपुष्ट करता हुआ यह विवेचन फैला हुआ है। कुल मिला कर इस विवेचन में जिस किसी भी तर्क या तर्काभास से सहायता मिल सकती है, ले ली गयीं है। इस विवेचन के बुनियादी कथनों में से एक यह है :

शृङ्गार ही भारतीय परम्परा में पश्चिमी रूमानी प्रेम का समान्तर है। काम की तत्त्वचिन्ता को गाथाओं का विषय बताया गया है। यहाँ 'काम' शब्द को किसी निन्दनीय अर्थ में प्रयुक्त नहीं मानना चाहिए। जैसा कि गाथाओं में निदर्शित है, यहाँ कामतत्त्व से प्रेमतत्त्व सङ्‌गृहीत है।[40]

गाथाओं की 'व्यभिचार-परक व्याख्या' में 'नगरजीवन और राजदरबार का विकास' भी कारण माना गया है जैसे 'भोले ग्रामवासी' कभी परस्त्री या परपुरुष में अनुरक्त ही न होते हों।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

पाण्डेय जी का कहना है :

गङ्गाधर जैसे टीकाकार प्रायः गाथा की सभी नायिकाओं को कुलटाएँ मानकर ही सन्तोष करते हैं, मानो शृङ्गार रस व्यभिचार में ही पूरा होता हो।[41]

इस टिप्पणी का अवसर है गाथा 2-029 की व्याख्या :

तह माणो माणधणाएँ तीअ एमेअ दूरमणुबद्धो
जह से अणुणीअ पिओ एक्कग्गाम व्विअ पउत्थो॥

तथा मानो मानधनया तया एवमेव दूरमनुबद्धः
यथा तस्या अनुनीय प्रिय एकग्राम एव प्रोषितः॥

इस पर गङ्गाधर का कहना था कि यहाँ दूती ने जार को यह बताया है कि नायिका ने अकारण मान कर के उसे इतना तूल दिया कि उसका प्रिय उसे मना-मना कर थक गया और अब उसकी ओर झाँकता भी नहीं, इसी गाँव में रह कर भी वह जैसे परदेश चला गया है अतः नायिका अकेली है, उसके प्रिय के आ धमकने का कोई खतरा नहीं है, और तुम्हारे लिए अवसर है कि तुम पहुँच जाओ।

इसका विरोध करते हुए भट्ट जी ने कहा है कि यहाँ सखी अतिमान के कुपरिणाम के बारे में नायिका को शिक्षा देती हुई किसी अन्य कलहान्तरिता की दुर्दशा का बयान कर रही है।

पाण्डेय जी के अनुसार यहाँ नायिका स्वयं कलहान्तरिता है और 'अत्यधिक मान की निन्दा व्यङ्ग्य है'।

इस सन्दर्भ में तो पहले यह समझना जरूरी है कि मान है क्या? पत्नी पति पर उसके निखट्टू होने के नाते भी कुपित हो सकती है, वह मान नहीं कहलाता। मान दो ही प्रकार से होता है, एक 'प्रणयमान' जो 'अकारण कोप' है और दूसरा 'ईर्ष्यामान' जो 'सकारण कोप' है और अन्य स्त्री में आसक्ति के किसी प्रमाण के नाते जनित ईर्ष्या से उत्पन्न होता है।

यदि यहाँ नायिका का मान वास्तविक माना जाएगा तो वह 'अतिमान' का उदाहरण होगा जो रसाभास है; इतना मान कि प्रियतम एक ही गाँव में रहते हुए प्रियतमा का मुँह देखने से भी कतराने लगे, किस तर्क से रसात्मक हो सकता है? यह 'कलहान्तरिता' नहीं, ऐसी नायिका है जिसका प्रेमी (या पति) उसमें अनुरक्त नहीं रहा और इस प्रकार उनका सम्बन्ध समाप्त है। गङ्गाधर की ही

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

व्याख्या ठीक है।

हमारी आधुनिक आलोचना ने अपना सारा ध्यान 'चित्रकाव्य' पर केन्द्रित किया है। उसे हर जगह कोई चित्र चाहिए। जनजीवन का चित्र, प्रकृति का चित्र, विकृति का चित्र। इसलिए वह गाथा-सप्तशती में कृषक के, कृषकवधू के, ग्राम की भोलीभाली युवती के, वन्य जीवन के, पहाड़ों के, नदियों के, चित्र खोजती-फिरती है। अब चित्र से उसका अर्थ है representation, तो जो भी है वह एक बाह्य वास्तविकता को represent करता है। अगर गाँव में 'कुचाली' नहीं बसते तो गाथा-सप्तशती में कहाँ से आ जायेंगे? निश्चय ही कवियों से लेकिन चूँकि कवि को भी कुचाली कहना ठीक नहीं इसलिए निश्चय ही टीकाकारों से।

इसलिए भट्ट जी, जोगलेकर जी, पाण्डेय जी सब मिल कर गङ्गाधर से पूछते हैं, 'जरा बताना तो गाँव में वह छिनाल कहाँ है, जो तुम्हें गाथा-सप्तशती में हर जगह दीखती है?''

क्या 'दधि को चुरैया मैया पकरि पछान्यो मैं, कहने वाली वर्तमानसुरतगोपना[42] वस्तुतः यह मानती रही है कि उसकी सफाई पर भरोसा कर लिया जायेगा और उसके परिवार वाले उसे 'बदचलन नहीं मानेंगे?

इस तरह कविता पढ़ने के बहुत खतरे हैं। गाथा-सप्तशती से लेकर बिहारी तक वे धान के खेत फैले हुए हैं जिनकी रखवाली एक लड़की कर रही है और उस रखवाली के दौरान वह अपने एक से अधिक प्रेमियों के साथ केलिरत है। अगर इसका मतलब यह होगा कि 'धान की रखवाली करने वाली लड़कियाँ ऐसी ही होती हैं' तो धान की रखवाली करने वाली लड़कियों का जीना हराम हो जायेगा।

साहित्य समाज का दर्पण नहीं है। उसमें समाज का कोई चित्र नहीं होता। वह कुछ represent नहीं करता।

मैं गाथा 5-057 सामने रखता हूँ :

कारिमाणंदवडं भामिज्जंतं बहूअ सहिआहिं
पेच्छइ कुमारिजारो हासुम्मिस्सेहिँ अच्छीहिं॥
(कृत्रिममानन्दपटं भ्राम्यमाणं वध्वाः सखीभिः
प्रेक्षते कुमारीजारो हासोन्मिश्राभ्यामक्षिभ्याम्॥)

कृत्रिम ही आनन्द-पट लख सखियों के हाथ
वधू-पूर्व-प्रणयी-नयन विकसित विहसित साथ॥[43]

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

इसमें 'आनन्दपट' शब्द आया है। इसका अर्थ गङ्गाधर ने 'प्रथमपुष्पवतीवस्त्र' किया है और उनके हिसाब से बात यह है कि कुमारीजार यह देख कर हँस रहा है कि उसके साथ समागम के कारण योनिच्छद की क्षति के नाते जो रक्तस्राव हुआ है उसको नायिका की सखियाँ प्रथम रजोदर्शन का रक्तस्राव समझ रही हैं और चूँकि कई उपसमाजों में ऐसा आचार है कि प्रथम रजोदर्शन की एक सार्वजनिक प्रस्तुति की जाती है, इसलिए वे इस धब्बेदार कपड़े को सबको दिखा रही हैं।

किन्तु भट्ट जी का विचार भिन्न है। उनके अनुसार 'आनन्दपट' का अर्थ है 'सुहागरात को हुए समागम के कारण योनिच्छद की क्षति के नाते हुए रक्तस्राव के धब्बों वाला नववधू का वस्त्र' और इस प्रकार उनका सोचना यह है कि सखियाँ इस रहस्य को जानती थीं कि यह वधू अक्षता नहीं है और इस नाते सुहागरात के दूसरे दिन वे नकली 'आनन्दपट' सबको दिखा रही हैं, जिससे यह सबको विदित हो कि यह सुहागरात को पतिसमागम के पूर्व अक्षता ही थी; जार की हँसी यह सोच कर है कि सखियों ने किस चतुराई से 'अन्य के पराक्रम' को 'अन्य की कृति' बना दिया है। भट्ट जी का कहना है कि 'प्रथमसङ्गम का लग्नलोहित वधूवस्त्र' सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाता है; भूमिका में वे बताते हैं कि 'राजपुत्रों में' अभी भी यह आचार प्रचलित है। दूसरी ओर गङ्गाधर ने बताया है कि 'प्रथमपुष्पवतीवस्त्र' सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाता है। भट्ट जी भूमिका में पूछते हैं, 'भला रजोदर्शन में जार का क्या स्वरस है, सहृदय ही विचारें।'

गङ्गाधर ने 'रजोदर्शन में जार का स्वरस' तो कहा नहीं है, जो उन्होंने कहा है वह मैं ऊपर लिख चुका हूँ। सवाल यह है कि 'रजोदर्शनं मैं स्वरस' किसका है, सो वह जाहिर है कि पति का है, क्योंकि नववधूसङ्गम की अनुमति प्रथम रजोदर्शन के पूर्व नहीं थी।

प्रथम रजोदर्शन पितृगृह में न हो, पतिगृह में हो, इसकी सावधानी रखी जाती थी; बहुत से भारतीय उपसमाजों में अभी भी विवाह बहुत छोटी उम्र में कर दिया जाता है।

उन्नीसवीं सदी के अन्त में भारत में अंग्रेजों का शासन था। उन्होंने एक कानून बनाया जिसके अनुसार बारह वर्ष से कम उम्र की लड़की का विवाह वैध नहीं रह गया; संयोगवश इसके सौ साल बाद डेनमार्क की संसद् ने एक कानून बनाया जिसके अनुसार बारह वर्ष की उम्र ही age of consent मानी जानी थी।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

लोकमान्य तिलक का राजनीतिक जीवन अंग्रेजों के बनाये इसी कानून का सङ्गठित विरोध करने से प्रारम्भ होता है।

समकालीन भारत पर इतिहास की पकड़ मजबूत है। अतः हम यह सिद्ध करते रहने की चेष्टा करते रहते हैं कि 'बालविवाह की विकृति' कुछ ऐतिहासिक सङ्कटों के चलते आ गयी थी। अन्यथा शकुन्तला को देखिए और दमयन्ती को देखिए और . . . । इतिहास से टकराना वैसा ही है जैसे दीवाल से टकराना। मैं इस झंझट में न पड़ूँगा कि जब कालिदास और हाल का समय आसपास ही है तो यह कैसे हो सकता है कि शाकुन्तल तो 'द्वितीययौवना शकुन्तला' के विवाह की बात करता है जब कि गाथासप्तशती में ऐसी वधुएँ भी हैं जो 'प्रथमयौवना' भी नहीं हैं। मैं सिर्फ यह कहूँगा कि गाथासप्तशती में बालविवाह के प्रमाण बहुतायत से हैं।

बराबर ऐसी नववधू का जिक्र आता है जिसका यौवन अब उभार पर आने वाला है और जिसका यह रंगढंग देख कर उसकी बड़ी सौतें चिन्तित हो रही हैं। गाथा 6-054 मैं सामने रखता हूँ।

मज्झो पिओ कुअंडो पल्लिजुआणा सवत्तीओ
जह जह वड्ढंति थणा तह तह छिज्जंति पंच वाहीए।।

मध्यः प्रियः कुटुम्बं पल्लीयुवानः सपत्न्यः
यथा यथा वर्धेते स्तनौ तथा तथा क्षीयन्ते पञ्च व्याध्याः।।

जैसे व्याधी-कुच बढ़े पाँच हो गए क्षीण।
मध्य पिया पल्लीयुवक स्वजन सौत श्रीहीन।।

बराबर ऐसी नववधू का जिक्र आता है जो अब पुष्पिणी हुई है। उदाहरण के लिए मैं गाथा 3-089 सामने रखता हूँ :

तुप्पाणणा किणो चिट्ठसि त्ति पडिपुच्छिआएँ वहुआए
विउणावेट्ठिअजहणत्थलाइ लज्जोणअं हसिअं।।

घृतलिप्तानना किमिति तिष्ठसीति परिपृष्टया वध्वा
द्विगुणावेष्टितजघनस्थलया लज्जानतं हसितम्।।

'घी मुँह पर पोते हु क्यों हो' यह सुन बाल।
और छिपाती जघनस्थल हँसी वधू नतभाल।।[44]

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

यहाँ गङ्गाधर के अनुसार नववधू के प्रथम रजोदर्शन की सूचना इस प्रकार दी जा रही है कि उसका बेशर्म होना साबित हो और इस प्रकार एक इशारा यह भी हो जाय कि यह तो खेली-खाई लगती है। इस ईर्ष्यासूचन का भट्ट जी ने लज्जावती कुलवधू का सन्दर्भ दिया है जो पति के द्वारा मुँह पर घी पोतने का कारण पूछने पर हँसती हुई जघनस्थल को दुहरा लपेटती है।

बहरहाल

तूलपटीमपहाय स्वपिति सहस्येऽप्यनावृतशरीरः
अवलोकितनिजदयितानन्दपटानन्दितस्वान्तः॥[45]
नूतनमानन्दपटं प्रथमं सदने जनैर्व्याप्ते
प्रकटयति गोपयत्यपि गोपवधूर्विपरिवर्तितोरुयुगा॥[46]

को भी देखने से 'आनन्दपट' का अर्थ भी कुछ खुल सकता है। मैं इस प्रश्न को अनिर्णीत ही छोड़ता हूँ क्योंकि शायद 'आनन्दपट' के अर्थ-निर्धारण में भट्ट जी के समर्थक कुछ और भी हैं और यहाँ इतना अवकाश नहीं कि मैं इस बहस को आगे बढ़ा सकूँ।

12

गाथा 5-044 मैं सामने रखता हूँ :

जाव ण कोसविकासं पावइ ईसीस मलाई कलिआ
मअरंदपाणलोहिल्ल भमर तावच्चिअ मलेसि॥

यावन्न कोषविकासं प्राप्नोतीषम्मालतीकलिका
मकरन्दपानलोभयुक्त भ्रमर तावदेव मदयसि॥

खिली न मालति की कली भरा नहीं मकरन्द।
क्यों उसके पीछे पड़े अभी अबूझ मरन्द॥[47]

इस गाथा के सन्दर्भ में यह स्मरण करना आवश्यक है कि 'भ्रमर' की काव्यरूढियाँ भिन्न पुष्पों के सन्दर्भ में भिन्न हैं। उदाहरण के लिए 'केतकी' के साथ ही भ्रमर उसके काँटों से लहूलुहान होते हुए भी रसपान का लोभ नहीं छोड़ पाता और 'कमलिनी' का 'कोषविकास' चूँकि सूर्य के हाथों होता है, इसलिए वह भ्रमर के लिए प्रौढा परकीया है, ठीक वैसे ही जैसे चूँकि चन्द्रमा के करस्पर्श से 'कमलिनी की आँखें मुँदने लगती हैं' इसलिए वह 'कुलटा' है। बहरहाल, मालती (= चमेली) और उसी की समकक्ष मल्लिका (= बेला) का 'कोषविकास' जिसे

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

भट्ट जी ने 'वराङ्गकुड्मलविकास' कह कर स्पष्ट कर दिया है, भ्रमर के 'मर्दन' का ही परिणाम माना जाता है और इसलिए वह ऐसी अक्षता का प्रतीत है, जिसके डालों के बीच छिपी होने पर भी उसकी उत्कट सुगन्ध के सहारे रसलोलुप भ्रमर खोज निकालता है और मर्दन के द्वारा लगभग बलात् उसका 'कोषविकास' करके भर आये मकरन्द को ग्रहण करता है, किन्तु जाहिर है कि मालतीकलिका के लिए यह 'बलात् कोषविकास' अन्ततः अरुचिकर नहीं, बात सिर्फ इतनी है कि वह इस मर्दन को 'सह ले'।

भ्रमर मालतीकलिका का ही रसपान करता है, मालतीपुष्प का नहीं। यही काव्यरूढि है, जैसे कि भ्रमर कमलिनीपुष्प का ही रसपान करता है, कमलिनीकलिका का नहीं। यहाँ भ्रमर से अनुरोध किया जा रहा है कि वह मालतीकलिका का उतना ही मर्दन करे जितना उसके 'कोषविकास' के लिए आवश्यक है, उससे अधिक चण्डवेगिता न दिखाये, क्योंकि भ्रमर का लोभ मकरन्दपान तक सीमित है, मालतीकलिका का अनावश्यक पीडन उसका लक्ष्य नहीं।

यह साफ था, अगर इसके जरा-सा ही पहले आयी हुई गाथा 5-042 पर ध्यान दिया गया होता :

णिअवक्खारोविअदेहभारणिउणं रसं लिहंतेण
विअसाविऊण पिज्जइ मालइकलिआ महुअरेण॥

निजपक्षारोपितदेहभारनिपुणं रसं लभमानेन
विकास्य पीयते मालतीकलिका मधुकरेणा॥

निज पंखों पर भार रख कौशल से रस खान।
खिली मालती की कली मधुकर करता पान॥

यहाँ मधुकर ने अपनी देह का भार अपने पंखों पर ही क्यों रखा है? इसलिए किं 'मालती की कली' का अनावश्यक पीडन न हो।

इसको भट्ट जी ने और उनके अनुकरण पर पाण्डेय जी ने यों समझा है कि उतावले भ्रमर को यह समझाया जा रहा है कि वह तबतक प्रतीक्षा करे जबतक मालतीकलिका का 'कोषविकास' न हो जाए और वह मालतीपुष्प में न बदल जाए।

किन्तु यह वनस्पति-जगत् तो है नहीं, काव्य-जगत् है। इसमें भ्रमर अगर इस सीख पर चला तो उसकी प्रतीक्षा अनन्त होगी और मालती का जो हाल होगा, वह एक कवि पहले बता चुके हैं :

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

न च गन्धवहेन चुम्बिता न च पीता मधुपेन मल्लिका
पिहितैव कठोरशाखया परिणामस्य जगाम गोचरम्॥

इस सिलसिले में 7-013 पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए:

अविहत्तसंधिबंधं पढमरसुब्भेअपाणलोहिल्लो
उव्वेलिउं ण आणइ खंडइ कलिआमुहं भमरो॥
(अविभक्तसन्धिबन्धम् प्रथमरसोद्भेदपानलुब्धः
उद्वेल्लितुं न जानाति खण्डयति कलिकामुखं भ्रमरः॥
चाह रहा वह चाखना प्रथमोद्‌गत मकरन्द।
कलिका-मुख खोले विना करता भङ्ग मरन्द॥

यहाँ जरूर उतावले और नासमझ भ्रमर की बात हो रही है, जिसमें यह समझ नहीं है कि प्रथम समागम के समय दाक्षिण्य ही रतिकौशल है।

13

निष्कर्षतः प्राचीन पठन-परिपाटियों को खारिज करना ग़लत है। हम उनमें कुछ जोड़ सकते हैं, कुछ 'नया' भी कह सकते हैं किन्तु इसके लिए शब्दकोष, व्याकरण और परम्परागत साहित्यशास्त्र का ही आश्रय श्रेयस्कर है। 'भिन्न परम्परा' जैसी कोई चीज नहीं होती। लोग सीखते हैं, भूलते हैं, जोड़ते हैं, घटाते हैं, किन्तु नयी परम्परा नहीं बनाते। पुराने से अलग हो कर नया होना एक पैगंबरी आग्रह है जिसके अधीन न रहना ही काव्यालोचन के लिए उचित होगा।

1. इस पर विशेष चर्चा के लिए देखिए, The poems of Ancient Tamil, लेखक George L Hart III, प्रकाशक University of California Press; प्रथम संस्करण 1975।
2. राका प्रकाशन, इलाहाबाद; प्रथम संस्करण 2002।
3. इस लेख में छन्दःशास्त्र के निर्णयसागर प्रेस द्वारा मूलतः प्रकाशित और भारत सरकार की पुनर्मुद्रण योजना के अन्तर्गत 1986 में पुनर्मुद्रित संस्करण का उपयोग किया गया है।
4. अत्रानुक्तं गाथा - छन्दःशास्त्र 8-11
5. रघुवंश 12-104
6. स्वरा अर्ध च आर्यार्धम् - छन्दःशास्त्र 4-14
7. यस्याः प्रथमे पादे द्वादश मात्रास्तथा तृतीयेऽपि
   अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश साऽऽर्या॥-श्रुतबोध।
8. पढमं बारह मत्ता वीए अट्ठादहेहिं संजुत्ता
   जह पढमं तह तीअं दहपंचविहूसिआ गाहा॥ -प्राकृतपिङ्गल 1-49।
9. सब्बाए गाहाए सत्तावण्णाइँ होन्ति मत्ताइं
   पुब्बद्धम्मि अ तीसा सत्ताईसा परद्धम्मि॥ -प्राकृतपिङ्गल 1-51

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

10. देखिए आप्टे के कोष में 'गाथा' का अर्थ।
11. राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान से 1962 में प्रो॰ एह डी वेलणकर द्वारा सम्पादित संस्करण प्रकाशित।
12. The poems of Ancient Tamil, पृ. 202
13. पृ. xxv
14. द्विधाप्रयुक्तेन च वाङ्मयेन सरस्वती तन्मिथुनं नुनाव
संस्कारपूतेन वरं वरेण्यं वधूं सुखग्राह्यनिबन्धनेन।। —कुमारसम्भव 7-90
15. यह वर्तनी वस्तुत: उनकी अपनी पद्धति नहीं है, निर्णयसागर प्रेस से गाथा-सप्तशती का प्रथम संस्करण जब छपा था तो उसमें काव्यमाला के सम्पादक महामहोपाध्याय दुर्गाप्रसाद जी ने जिस पद्धति का चुनाव किया था, वही पद्धति इस संस्करण में भी अपनायी गयी है।
16. बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् से 1958 में प्रकाशित।
17. महिलाएँ में संस्कृत छाया के अन्तर्गत 'व्यतिक्रान्त' की जगह 'व्यतिक्रांत' छपा है।
18. Devotional Hindi Literature (सम्पादक Winand M. Callewaert, Bart Op de Beeck प्रकाशक मनोहर पब्लिकेशंस नयी दिल्ली 1991) की छपाई पर ध्यान दीजिए; पाण्डुलिपियों के लेखन पर सम्पादकों ने भूमिका में विचार किया है।
19. तात्पर्य उन जगहों से है, जहाँ प्रो॰ पिशल के अनुसार अनुस्वार की जगह 'म्' लिखना शुद्ध है।
20. यह 'दे दिया है' होना चाहिए, किन्तु मैंने छपे हुए वाक्य को उद्धरण में बदलना उचित नहीं समझा।
21. पिशलकृत प्राकृत भाषाओं के व्याकरण का डॉ. हेमचन्द्र जोशी द्वारा अनुवाद, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् 1958 में प्रकाशित; पृ 492।
22. देसी भासा उभय तडुज्जल—स्वयम्भू; साथ ही देसिल बयना सब जन मिट्ठा—विद्यापति, और संस्कृतात् प्राकृतं श्रेष्ठं ततोऽपभ्रंशभाषणम्—शाकुन्तल की टीका में शङ्कर, पर भी ध्यान दीजिए।
23. भाखा बोलि न जानहीं, जिनके कुल के दास
तिन भाखा कविता करी जरमति केसवदास।। —केशवदास।
24. ग्रामाधिपतेरायुक्तस्य हलोत्थवृत्तिपुत्रस्य यूनो ग्रामीणयोषितो वचनमात्रेण साध्या:। ताश्चर्षण्य इत्याचक्षन्ते विटा: —कामसूत्र 5-5।
25. गाथा-सप्तशती के उत्तरार्ध से ली गयी गाथा 819, प्राकृत मूल और छाया जगन्नाथ पाठक जी के संस्करण से हैं।
26. गाथा 6-12, इस महिलाएँ के सरवरक़ पर रखा गया है और इस प्रकार यह 'महिला' शब्द की उस परिधि का सीमाङ्कन करती है, जिसे पाण्डेय जी ने स्वीकार किया है।
27. वज्जालग्गं गाथा 668
28. आर्यासप्तशती आर्या 274
29. गाथासप्तशती भूमिका, पृ. 33
30. आर्यासप्तशती पृ. 33
31. वाच: पल्लवत्युमापतिधर: . . . गीतगोविन्द के प्रारम्भ में ही यह श्लोक आता है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

32. महिलाएँ, पृ. xix-xx
33. महिलाएँ, पृ xix-xx
34. परोढां वर्जयित्वात्र वेश्याञ्चाननुरागिणीम्। आलम्बनं नायिकाः स्युः . . . तथा उपनायकसंस्थायां . . . .रतौ शृङ्गारेऽनौचित्यं . . . –साहित्यदर्पण 3-188, 238
35. न चौपपत्ये साहित्यदर्पणकारस्यासम्मतिरिति भेतव्यम्।
–उज्ज्वलनीलमणि की अट्ठारहवीं कारिका ''लघुत्वमत्र यत्प्रोक्तम् . . .। की व्याख्या में
36. यहाँ 'मिश्र' प्राचीन लेखकों के अनुकरण पर आदर जताने के लिए है, जातिसूचक आस्पद नहीं।
37. विवेक प्रकाशन, अलीगढ़; 1981
38. स्त्रीपुरुषयोः परस्पररिरंसैवानुरागः; सामान्या के निरूपण पर **रसामोद**।
39. शतरुद्रसंहिता, अध्याय 26
40. महिलाएँ, पृ. xii
41. महिलाएँ, पृ. 91
42. छूटि जाय गैया कै बिलैया चाटि चाटि जाय कौन दुख दैया सोचि सोचि उर धान्यो मैं
हौंही जमवैया औ धरैया निज शैया तरे कहाँ जो कहैया हास होयगो बिचान्यो मैं।
'ग्वाल कवि' हौले के अवैया निरदैया यही आज या समैया ओट पैया गई पान्यो मैं
मैया को बुलाओ या कन्हैया को करैगो हाल दधि को चुरैया मैया पकरि पछान्यो मैं।।
–ग्वाल।
43. गाथाओं की संस्कृत छाया और उनके पद्यबद्ध हिंदी अनुवाद महिलाएँ से लिए गए हैं।
44. महिलाएँ में 'बाल' की जगह 'बात' छपा है।
45. कामराजदीक्षितकृत शृंगारकलिकात्रिशती, काव्यमाला 14; 2-49
46. कामराजदीक्षितकृत शृंगारकालिकात्रिशती, काव्यमाला 14; 2-82
47. महिलाएँ में 'मालती' छपा है; इससे छन्दोभङ्ग होता है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

कालिदास का मेघदूत और रवीन्द्रनाथ ठाकुर

इन्द्रनाथ चौधरी

कालिदासस्य मेघदूतं रवीन्द्रनाथठाकुरस्य मेघदूत-कविता इत्यनयोः साहित्यिकदृष्ट्याऽस्मिन् लेखे तुलना विधीयते।

यह मेघोत्सव है। इस उत्सव में महाकवि कालिदास और गुरुदेव रवीन्द्रनाथ की कविताओं में निः सर्ग के संबंधों के निरूपण को लेकर विचार-विवेचन की योजना है।

रवीन्द्र कहते हैं कि मानव और प्रकृति को लेकर ही विश्व का वैचित्र्य है– यह भारतीय दृष्टि है। इसको स्पष्ट करते हुए रवीन्द्र कहते हैं कि अकेला मनुष्य बड़ा ही निरर्थक है, क्योंकि एक के भीतर ऐक्य नहीं। बहु को, नाना को लेकर जो एक है, वही वास्तविक एक है। ऐक्य ही सत्य का पता देता है। इसीलिए हमारे जीवन में प्रकृति की इतनी कीमत है। प्रकृति से प्रेम ही भारतीयता की सबसे बड़ी पहचान है। आंतरिक और बाह्य जीवन को लेकर ही संपूर्णता है। और हमारा सारा प्रयत्न अपने को संपूर्ण बनाना है।

भारतीय 'रोमांटिसिज्म' स्वच्छन्दतावाद वस्तुतः प्रकृति में स्व की खोज है अथवा प्रकृति के साथ स्व का तादात्मीकरण है, जहाँ प्रकृति ब्रह्म (supreme reality) का प्रतीक बन जाती है। इसीलिए भारतीय स्वच्छन्दतावाद में रहस्यवाद एक महत्त्वपूर्ण अंग है। यह अंग्रेजी रोमांटिसिज़्म नहीं है जो ईसाई पवित्रता की शृंखलाओं को तोड़कर यूनानीवाद (हेलेनिज़्म) में आनन्द को ढूँढता है। पाश्चात्य रोमांटिसिज्म व्यक्तिवाद की स्थापना है जहाँ प्रकृति is a source of reference to define one's own identity। अपनी अस्मिता को परिभाषित करने का आधार है, संदर्भ है। भारतीय विचारधारा में स्व को हमेशा स्व-विषयक self referential के रूप में स्वीकार किया गया है और जहाँ प्रकृति या चिरन्तन सत्य के साथ स्व का तादात्मीकरण होता है। रवीन्द्र प्रकृति और मनुष्य में सौन्दर्य की खोज करते हैं। मगर इस खोज में प्रकृति का, सृष्टि का जो वेदनामय रूप है उसको भूलते नहीं। सृष्टि के वेदनामय रूप को लेकर ही प्रकृति का संपूर्ण रूप व्यक्त हुआ है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

इसीलिए बॉदलेयर की तरह नीले आकाश को केवल a grimy sky (उदास आकाश) कहकर रुक नहीं जाते। वर्षा को prison of bars (शलाकों का कैदखाना) कहकर थम नहीं जाते। रवीन्द्र कहते हैं कि 'हे रुद्र, तुम्हारा दुःख रूप, मृत्यु रूप देखने से हम दुःख और मृत्यु के मोह से मुक्त हो पाते हैं और अपनी उपलब्धि कर पाते हैं।'

पृथ्वी रवीन्द्र के लिए स्निग्ध और हिंस्र दोनों हैं। कहते हैं कि

'है निदारुण, तुम ही मेरे प्रिय हो................ कंपित हृदय और अश्रुसिक्त नेत्र से तुम्हें दयामय कहकर अपने को धोके में नहीं रखना चाहता।'

रवीन्द्र के लिए सुंदर के बीच जो भयंकर है उसे पहचानना जरूरी है। इसीलिए उनके लिए हँसी और रुदन, जन्म और मृत्यु, दिन और रात, मुक्ति और बंधन इकट्ठे नृत्य करते रहते हैं। यह विरुद्धों की अनुपूरकता है। नृत्य तांडव भी हो सकता है, परन्तु ध्यान दीजिए तांडव नृत्य एक ओर सब कुछ ध्वंस करता है परन्तु साथ ही उसके प्रत्येक पदक्षेप में सृष्टि की नयी रचना भी होती रहती है।

"मम चित्ते केये नाचे
ताता थै थै ताता थै,
हासि कान्ना हीरा पान्ना दोले भाले
नाचे जन्म, नाचे मृत्यु पाछे पाछे
दिवारात्रि नाचे मुक्ति, नाचे बंध।।"

(मेरे चित्त में ता ता थै थै की ताल में कौन नाचता है। हँसी और रुदन हीरे और पन्ने की तरह भाल पर चमक रहे हैं। जन्म और मृत्यु इकट्ठे नाच रहे हैं, मुक्ति और बंधन रात-दिन नृत्य करते दीखते हैं।)

इसीलिए रवीन्द्रनाथ धरती और आकाश दोनों को लेकर ही अपनी कविता रचते हैं। वृक्ष के डालों की शय्या तो आकाश है, मगर उसकी जड़ें जमीन में हैं, धरती में हैं। रवीन्द्र ने वर्षा को लेकर बहुत कुछ लिखा है। एक विरहिणी ने एक बार पूछा था कि विरह वसन्त या वर्षा किसमें ज़्यादा व्याप्त रहता है। कालिदास ने वर्षा की पटभूमिका में ही विरह काव्य लिखा है। मेघ को दूत बनाने के लिए ऐसा किया, ऐसी बात नहीं है। वसंत में दूतों का अभाव नहीं, हवा को भी दूत बनाया जा सकता था। कारण जरूर कुछ और होगा–

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

वसन्त उदासीन और गृहत्यागी है, वर्षा संसारी और गृहवासी है। वसन्त मन को विक्षिप्त करता है, वर्षा व्यक्ति को एक स्थान पर घनीभूत करता है। वसन्त में हमारा मन अन्तःपुर से बाहर चला जाता है हवा में तैरता रहता है, फूलों की खुशबू से मतवाला हो जाता है, और चाँदनी के अंदर सो जाता है।

वर्षा हमारे मन के चारों ओर बारिश के पानी की यवनिका खींच देती है। सिर पर बादलों का शामियाना टंग जाता है। वसंत में हमारा हम हवा की तरह, फूल की खुशबू की तरह, चाँदनी की तरह हल्का होकर चारों ओर छा जाता है। वर्षा में मन चारों ओर से वापिस आकर वर्षा के द्वारा खींची गई यवनिका के भीतर और शामियाना के नीचे आ उपस्थित होता है। वसंत में बहिर्जगत् अपने द्वार का उद्घाटन कर हमें न्यौता देकर ले जाता है। चिड़ियों का गीत मन को उड़ा ले जाता है। किन्तु वर्षा का वज्रसंगीत हमें मन के अन्दर ही स्तम्भित किए रखता है।

चिड़ियों के गीत की तरह यह गाना लघु, तरंगमय, वैचित्र्यमय नहीं, यह स्तब्ध कर देता है। उच्छ्वसित नहीं करता। वसंत में मेरा 'मैं' व्याप्त हो जाता है। वर्षा में वह प्रगाढ़ हो जाता है।

केवल प्रकृति और मनुष्य या स्त्री-पुरुष की वर्णना पर निर्भर करके मेघदूत जैसा स्मरणीय काव्य कदाचित् ही इस विश्व में और कोई लिखा गया हो। बार-बार पढ़ने से ऐसा लगता है कि मेघदूत के कवि का वास्तविक उद्देश्य यक्ष के विरह का वर्णन नहीं, पारिपार्श्विक हृदयावलि का वर्णन है। कहने को प्रकृति के व्याज से कालिदास ने एक विरह-काव्य की रचना की है। वर्षा को आधार बनाकर प्रेम की गहराई को रूप दिया है।

सन् 1890 में 29 वर्ष की उम्र में रवीन्द्रनाथ ने मेघदूत कविता लिखी थी जो 'मानसी' में संकलित हुई। सन् 1892 में 31 साल की उम्र में 'मेघदूत' पर निबंध लिखा। 35 साल की उम्र में 'मेघदूत' के नाम से एक सानेट प्रकाशित किया। 40 साल की उम्र में 'नव वर्षा' नामक निबंध और 41 साल की उम्र में 'बाजे कथा' (बेकार की बात) नामक और एक निबंध प्रकाशित हुआ जिनमें कालिदास के मेघदूत की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। उसके बाद एक छोटी कथा 'मेघदूत' सन् 1922 में 61 साल की उम्र में प्रकाशित हुई। फिर इसी विषय वस्तु को लेकर सन् 1932, 33 तथा 38 में यानी 71, 72 तथा 77 साल की उम्र में तीन कविताएँ प्रकाशित हुईं – 'विच्छेद', 'यक्ष' और फिर 'यक्ष' नाम से और एक कविता। ऐसा प्रतीत होता है कि रवीन्द्र नाथ के पूरे जीवन और चिंतनधारा पर मेघदूत का गहरा प्रभाव रहा है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

मेघदूत कविता की रचना के समय रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने एक चिट्ठी प्रथम चौधुरी को लिखी थी। उनका कहना था:–

वर्षा–मुखरित दोपहर के निर्जन अवकाश में कालिदास के मेघदूत को पढ़ते हुए उनका मन उदास हो गया था। ऐसा लगा मानो काल रुक गया है। इच्छा हुई कालिदास के युग में वापिस जाने की – फिर कहा कि उस युग के समस्त नद–नदी–नगर–जनपद के नाम कितने श्रुतिमधुर हैं। कवि कल्पना के पंख फैलाकर रेवा, शिप्रा, वेत्रवती, गंभीरा, निर्विन्ध्या, चित्रकूट, आम्रकूट, विन्ध्य, दशार्ण, विदिशा, अवन्ती, उज्जयिनी की यात्रा करते हैं और यक्ष के विरह के साथ अपनी वेदना को जोड़ने की बात करते हैं।

मगर सवाल है कि मेघदूत में विरह क्या इतना तीव्र है कि मन उदास हो जाता है – या मेघदूत के व्याज से यह रवीन्द्र की अपने द्वारा संरचित रोमानी दुःखवाद की अभिव्यक्ति है।

यह बात सही है कि वर्षा के साथ प्रेम और विरह का एक अविच्छेद्य संबंध स्थापित हो गया है और इसमें मेघदूत का प्रभाव है।

परन्तु कदाचित् इस काव्य में वर्षा और विरह का आवेग उतनी गहराई से प्रकट नहीं होता है।

बुद्धदेव बसु ने इस बात को स्पष्ट करते हुए लिखा है कि कवि पहले श्लोक में यक्ष का वर्त्तमान और प्राक्तन अवस्था को जताते हुए, बिना किसी विलम्ब के दूसरे श्लोक में मेघ को ले आते हैं, तीसरे, चौथे और पाँचवें श्लोक में यक्ष की वेदना, चिंता और संकल्प का उल्लेख है और छटे श्लोक से यक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करने लगते हैं। यक्ष का भाषण पूर्वमेघ के अंतिम श्लोक में समाप्त होता है। मेघ अपना दीर्घ रास्ता नापते हुए, अलका का प्रदर्शन कर, यक्ष–प्रिया का अवलोकन और फिर यक्ष की वार्ता सुनाकर जब अपना कर्त्तव्य समाप्त करता है तब उत्तरमेघ के केवल तीन श्लोक बाकी रह जाते हैं। तीन श्लोकों में यक्ष फिर अपना आवेदन प्रस्तुत करता है और एक संहत तथा विषयसम्मत स्वस्तिवाचन के साथ काव्य समाप्त होता है। इसमें लिरिक का आभास है, नाटकीय विन्यास है, एक रसान्वित भ्रमण कहानी का आस्वाद है। इस काव्य में एक नाटकीय चित्र–रचना है। इमसें एक वक्ता है और दूसरा श्रोता – उत्तरमेघ में पात्रों में कुछ हेर–फेर होता है – मेघ वक्ता और यक्षप्रिया श्रोता। फिर यवनिका के गिरने से पहले यक्ष सीधे अपनी पत्नी को वार्ता सुनाते हैं, फिर दृश्य बदलता है अलका से रामगिरि पहुँच जाते हैं हम। यक्ष–प्रिया को उत्सर्गित

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

17 श्लोकों में (85 से 101) हम रंगमंच पर मूक अभिनय का आस्वाद लेते हैं - नायिका के नाना रूप एक के बाद एक उभर कर सामने उपस्थित होते हैं - दिन में काम करती हुई, रात को उनींदी और नींद में, बादल की और उसके देखने का तरीका, कैसे वह सुनेगी बात मेघ से। बिल्कुल चीनी तसवीर की तरह - एक के बाद एक चित्र से सज्जित पूरा चित्रपट। कहने को इसकी संरचना पिरामिड की तरह है - नीचे भौगोलिक विवरण, बीच में अलका और चोटी पर एक नारी-मूर्ति। काव्य की यह चित्रात्मकता हमें आकर्षित करती है, नहीं तो यक्ष पत्नी के विरह से कोई खास कातर दिखाई नहीं देता। वह दुबला हो गया है और उसका सिर काम नहीं कर रहा है - यह बात हमें कही गई मगर उसके व्यवहार में अप्रकृतिस्थता कहीं नहीं दिखाई पड़ती। वरन् एक विचक्षण, सुबुद्धिसम्पन्न, व्यावहारिक व्यक्ति से हमारा परिचय होता है। कालिदास ने कहा है - कामार्त्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु - मगर यह कालिदास की बात है। नहीं तो उसमें प्रेमी की कोई उन्मादस्थिति नहीं है। वह पूर्ण रूप से राजपरिषद् और संसारधर्मी व्यक्ति लगता है। अर्थ और काम में वह सिद्ध है। मेघ के प्रति उसके आवेदन में कहीं प्रलाप नहीं, चाटुवाक्य, नीतिवाक्य, अनुनय, प्रलोभन, विवेचना और संपूर्ण पथ का सही निर्देश है। पहले वह कुटज फूल से मेघ के प्रति अर्घ्य प्रदान करता है। छटे श्लोक में चाटुवाक्य, सातवें में गन्तव्य का उल्लेख, 8, 9, 11 वें में प्रलोभन (रास्ते में स्त्रियों की दृष्टि, बलाका की सेवा, राजहंस का साथ) 12 तथा 13 वें में सद्विवेचना (रास्ते में विश्राम और जलपान की व्यवस्था) 14 वें में दिक्निर्णय। फिर 16 वें से पूर्वमेघ के अंत तक पथ-निर्देश और भौगोलिक विवरण। उत्तरमेघ में 65-77 तक अलकावर्णन, 78-83 तक यक्ष के भवन का वर्णन। 85 में यक्षप्रिया का स्वभावगत रूप। 86-100 उसका वर्तमान विरहक्लिष्ट रूप। फिर 102, 4 तथा 6 में मेघ की आत्मघोषणा, फिर 107-13 तक यक्ष की वार्ता और 114-15 में यक्ष का अभिज्ञान। 117 में फिर चाटुवाक्य और नीतिवाक्य। तथा 118 आशीर्वचन। सब कुछ गणित-निर्भर व्यवस्था सापेक्ष है।

यह कैसा विरही है? जो अपने लक्ष्य के प्रति तन्मय नहीं है, दूत को जल्दी जाने के लिए न कहकर आम्रकूट पर्वत, नीचै पर्वत, उज्जयिनी की भवन-वल्लभी, कनखल के समीप हिमाचल और कैलास में उसके विश्राम की व्यवस्था करता है। मेघ के प्रमोद की व्यवस्था भी करता है। हमें ऐसा लगता है कि यक्ष की अवस्था में दुःख की तीव्रता का कोई कारण नहीं है - आठ मास बीत चुके हैं, चार मास रह गए हैं, पुनर्मिलन के बारे में वह निश्चित है। रामगिरि छायास्निग्ध और वास के योग्य है। पत्नी का विरह उसके एकमात्र दुःख का

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

कारण है, मगर क्या उसकी उक्ति में विद्यापति की कविता में अन्तर्निहित आवेग का उदाहरण मिलता है। जैसे 'ए-भरा बादर, माह भादर शून्य मंदिर मोर।।'

यह पंक्तियाँ कहते ही सारा आकाश वेदना से गूँजने लगता है। आदिगन्त विरह के ऊपर वर्षा की अजस्र धरा बहती दिखाई पड़ती है। यह वेदना किसी निर्दिष्ट व्यक्ति के लिए नहीं जिसके आने पर मेरा मंदिर भर जायेगा उसे तो मैं पहचानता ही नहीं - इसमें इसी की ध्वनि है।

मेघदूत में से यद्यपि रवीन्द्रनाथ ठाकुर इसी प्रकार का एक अर्थ निकालते हैं। आदिगन्त फैली हुई विरह भावना। बुद्धदेव बाबू कहते हैं कि यक्ष की विरह-उक्ति वास्तव-संभाव्यता पर निर्भर है। यक्ष कहता है कि जो वायुएँ देवदास की कलियों को विकसित करके उनकी गंध को ले आती हैं। उन्हें मैं इस भाव से आलिंगन करता हूँ कि संभवतः वे तुम्हारे शरीर को छूकर आयी हों। तथा-

आलिङ्ग्यन्ते गुणवति मया ते तुषाराद्रिवाताः।
पूर्वं स्पृष्टं यदि किल भवेदङ्गमेभिस्तवेति।। (उ. मेघ, ५०)

और शिला पर तुम्हारी तस्वीर अंकित कर उसके चरणों पर अपने को अवनत चित्रित करना चाहता हूँ। परन्तु रवीन्द्रनाथ इस ढंग से सोचना नहीं चाहते। उनके अनुसार मेघदूत के यक्ष का विरह निखिल विरही मन का विरह है। यह किसी काल से संबंधित नहीं चिरकाल से प्रिया-मिलन की चाह है। इसीलिए यह चिरविरह है। रवीन्द्रनाथ ठाकुर का कहना है कि मेघदूत की रचना कर कालिदास ने चिरकाल के विरह को ही स्वर दिया है। एक दिन जब उज्जयिनी के प्रासाद-शिखर पर काले बादल छा गए थे, बिजली कौंधने लगी थी, हवा तेज बहने लगी, बादलों के गरजने की आवाज़ सुनाई दी - उस आवाज़ ने हजारों वर्षों के अन्तर्गूढ़ वाष्पाकुल विच्छेद क्रंदन को जगा दिया था - काल का बंधन टूट गया - और चिरकाल की रुँधी हुई आंसुओं की धारा बह चली।

यक्ष को सांत्वना थी, 4 महीने के बाद प्रियतमा के साथ मिलन होगा, परन्तु आज के कवि के लिए इस लोक से विरह के स्वर्ग लोक में पहुँचना क्या संभव है। ध्यान दीजिए रवीन्द्रनाथ के लिए मेघदूत में वर्णित भूलोक और अलका अपार्थिव मायानगर का रूप धारण कर चुका है। रवीन्द्र जानना चाहते हैं, कहाँ है सानुमान. आम्रकूट, रेवा नदी, वेत्रवती के किनारे दशार्ण गाँव, केतकी की बेड़, गरमी से सताई हुई बादलों की छाया के लिए वनांगनाओं की व्याकुलता, अवन्तीपुरी, भ्रूविलासशिक्षाहीन नारियाँ, उज्जयिनी प्रासाद-शिखर पर सोए हुए पारावत, राजपथ पर बिजली के कभी-कभी चमकते हुए प्रकाश में जाती हुई

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अभिसारिकाएँ, सौन्दर्य की आदि सृष्टि अलका, एकाकिणी विरहिणी नारी। कवि को तो केवल तेज वर्षा में अरण्य का हाहाकार सुनाई दे रहा है और बिजली की टेढ़ी हँसी दिखाई दे रही है। हँसी टेढ़ी, क्योंकि पता नहीं किस कुबेर के शाप से पृथ्वी के नार-नारी विरह-समुद्र के पार निर्वासित हो चुके हैं - उनके प्रेम के प्रकट होने का कोई रास्ता नहीं मिल रहा है:-

भाबितेछि अर्धरात्रि अनिद्रनयान।
के दियेछे हेन शाप केन व्यवधान।
केन उर्ध्वे चेये कांदे रूद्ध मनोरथ।
केन प्रेम आपनार नाहि पाय पथ।

(आधी रात को अनिन्द्रनयनों से सोच रहा हूँ। किसने शाप दिया है, क्यों इतना व्यवधान। ऊपर की ओर देखते हुए रुद्ध मनोरथ क्यों रोता है। क्यों प्रेम अपना रास्ता ढूँढ निकाल नहीं पाता।)

दरअसल 19 वीं शती में यूरोपियों से संस्कृत विद्या हमें वापिस मिली, मगर इतिहास के रूप में या भाषातत्त्व के रूप में या फिर धर्मतत्त्व के रूप में - उसमें कहीं सप्राण साहित्यिक अन्तर्दृष्टि नहीं दिखाई पड़ी। विलसन के मेघदूत का अनुवाद और टीका पढ़ने से ऐसा लगता है कि वे भारत के भूगोल, जलवायु, पशु, पक्षी के बारे में परिचय देना चाहते थे और अपने लोगों को कहना चाहते थे कि भारतीय लोग बर्बर नहीं हैं। इसलिए संस्कृत-साहित्य के पुनः आविष्कार के समय बल था तथ्यों की ओर, रस की ओर नहीं। विश्लेषधर्मी विज्ञान की ओर संश्लेषधर्मी उपलब्धि की ओर नहीं। उस समय रचित संस्कृत-साहित्य कें इतिहास में काल-निर्णय, तथ्यविचार, ग्रंथादि की तालिका ही अधिक है, आलोचनात्मक विश्लेषण नहीं। भाषा भले ही उस समय उनके लिए मृत हो मगर उसका साहित्य जीवन्त है इसका एहसास नहीं हो सका। विश्वभावना के अंगरूप में संस्कृत चर्चा विस्तार नहीं पा सकी। विलसन ने मेघदूत की टीका मे पश्चिमी काव्य से नाना तुलनात्मक उद्धरण प्रस्तुत किए मगर जड़ वस्तु की तरह दोनों साहित्य पास-पास दिखाई अवश्य दिए मगर उनमें अन्तर्वेशन (interpenetration) नहीं दिखाई दिया। ऐसे समय 19वीं शती के भारतीय लेखकों में राष्ट्रवाद की नयी चेतना के प्रसार-स्वरूप पुनरुत्थानवादी दृष्टि का विकास हुआ और लुप्त तपोवन के जयगान के रूप में संस्कृत की चर्चा शुरू हुई।

बंगला में हरप्रसाद शास्त्री ने 1802 में मेघदूत की व्याख्या प्रकाशित की - 9 साल पहले यह बंगदर्शन में प्रकाशित हो चुका था। यक्ष का निर्वासन

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

सामाजिक विधि-नियमों का पालन है। इस पर जोर देते हुए करुण-विप्रलंभ रसादि की व्याख्या हुई है। रवीन्द्रनाथ पहले लेखक थे जिन्होंने कालिदास को नयी दृष्टि से समझने का सफल प्रयत्न किया। रोमांटिक व्यक्तिवादिता तथा आधुनिक आत्मसचेतनता की सहायता से उन्होंने कालिदास की इम्प्रेशनिस्टिक व्याख्या की। व्यक्ति के विरह को निखिल विश्व के विरह में बदल दिया। मेघदूत सानेट (1896) में हमें सकरुण विरह वीणा सुनाई पड़ी। और सन् 1932 में प्रकाशित विच्छेद के स्वर में कोई बदलाव नहीं था। विच्छेद की अपूर्ण वेदना पूर्ण की ओर बढ़ती जा रही है। यह चलना ही आनन्द का पता देता है:-

अपूर्ण यखन चलेछे पूर्णेर दिके
तरी विच्छेदेर यात्रा पथे
आनन्देर नव नव पर्याय।

(अपूर्ण पूर्ण की ओर जब चल पड़ा है। इस विच्छेद की यात्रा पथ पर, नए नए आनन्द के स्तरों को पार करते हुए।)

1933 में प्रकाशित 'शेष सप्तक' काव्यग्रंथ के 'यक्ष' में कवि कहता है कि तुम्हारे लिए शाप ही वर हुआ और तुम्हारा प्रेम पूर्ण रूप से प्रकाशित हो सका। प्रिय-सामीप्य का बंधन छिन्न हुआ। 'अश्रुधौत सौम्य विषादेर' में से सीमाबद्ध गृहिणीसत्ता से जुड़ी हुई प्रियतमा का उद्धार होता है। अन्ततः आलोकदीप्त अलका का अमर गौरव से अनन्त का आनन्द मंदिर प्रतिष्ठित हुआ। वाक्यहीन प्रेम को भाषा मिली। यक्ष कवि बन पाए। 'सानाइ' काव्यग्रंथ की 'यक्ष' कविता 1938 में प्रकाशित हुई। यहाँ यक्ष की विरह-वेदना मेघयात्रा में साथ है। विरह की तीव्र वेदना के भीतर से ही यक्ष अपनी प्रियतमा के अनन्त प्रेम को प्राप्त करेगा। यक्ष-प्रिया भी अलका के काराकक्ष में कैद है, वह आहत है। यह मर्त्यजीवन की वेदना माधुरी के भीतर से मिलनस्वर्ग को प्राप्त करना चाहती है।

इन कविताओं में रवीन्द्रनाथ की विचारधारा का एक चित्र स्पष्ट हो उठता है। मेघदूत का युग जिसमें पूर्व और उत्तर मेघ दोनों शामिल हैं। वहाँ से हम निर्वासित हैं। मेघदूत निबंध (1892) में कहते हैं कि पता नहीं फिर कब केतकी की बेड़, चिड़ियों का घोंसला बनाना, जामन का पकते हुए पाना, दशार्ण गाँव, अवन्ती के बड़े-बूढ़ों का उदयन और वासवदत्ता की कहानी का सुनाना, शिप्रातटवर्तिनी उज्जयिनी का देखना संभव होगा। वहाँ की पुरवधुओं के केश-संस्कार के लिए जलाए गए धूप की खुशबू को साँस में भर लेना या फिर नगर

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

की प्रकांडसुषुप्ति का अनुभव भी क्या कभी करना संभव होगा? उस अंधकार में अभिसारिकाओं का व्याकुलचित्त, कंपित हृदय जाते हुए देखकर कवि की एक ही इच्छा होती है कि निकष में सोने की रेखा की तरह उनके चरणों के पास यदि वह थोड़ा प्रकाश कर पाते। मुखरित वर्षा के समय हमारी विरह-भावना जग उठती है। सुखी व्यक्ति भी अनमना हो जाता है। अभ्यस्त घेरे से हम बाहर निकल आते हैं। चिट्ठी-पत्री (1890) में रवीन्द्र लिखते हैं, "चारों ओर हरे खेत के ऊपर स्निग्ध तिमिराच्छन्न नयी वर्षा काफी सुन्दर लग रही है। ....किसी एक निबंध में आज के इस निविड़ वर्षा वाले दिन के वर्षामुखर घने अंधकार को यदि अंकित रख सकता था तो कितना अच्छा होता।" कल्पना की सहायता से हम उन दो मेघों की ओर यक्ष के बादलों के साथ अपना दूत भेज रहे हैं। कुल मिलाकर अतीत की चाह रवीन्द्र को सालती रहती है। यह अतीत कालिदास के कारण सौन्दर्य की अलकापुरी में बदल गया है। वहाँ हमारे अन्तर्लोक की प्रियतमा है। पहले हम एक थे। अब विच्छिन्न हृदयों की तरह हैं। मैथ्यू आर्नल्ड के Isolation कविता के द्वीप की तरह उसे पाने के लिए हमारी यात्रा शुरू होती है और इस यात्रा के दौरान यह अनुभव स्पष्ट हो जाता है कि प्रिय-विच्छेद ही प्रेमी की परम उपलब्धि है। दुःख मूलतः वास्तव अभावबोध से पैदा होता है मगर इस दुःख से पार पाने के लिए मिलन की चाह अस्तिवाचक और आनन्दमय है। विरह-विच्छेद वेदना के भीतर से हम पूर्ण, सत्य और सार्थक हो उठते हैं। मिलन नहीं होगा, अलतस्पर्श विरह मे जीना होगा मगर वही तो पूर्णता है। कालिदास का बादल चिरविच्छेद की वेदना के साथ चिर-मिलन का आश्वासन भी है। तब पहली दफा लगता है कि जो जानता हूँ वह तुच्छ है, जो अनजान है वही बृहत् है– इस बृहत् का स्पर्श अभी तक कर पाए हैं। नव वर्षा के दिन इस विषय-कर्म-क्षुद्र संसार को कौन निर्वासन नहीं कहेगा। पूर्वमेघ यहाँ से निकल कर यात्रा का आह्वान करता है - बहुत तरह के वैचित्र्य के साथ सौन्दर्य का परिचय कराता है - वही पूर्वमेघ का गीत है। और यात्रा के अवसान पर चिरमिलन का आश्वासन उत्तरमेघ का संवाद है।

बड़े कवियों के काव्य में यही पूर्वमेघ और उत्तरमेघ है - सारे महान् काव्य हमे वृहत्तर में ले जाने का आह्वान है और निभृत की ओर जाने का इशारा है। 'तान' यानी उद्यम तथा 'सम' यानी आश्वासन दोनों से ही महान् काव्य बनता है। यह रवीन्द्र की उपलब्धिनिष्ठ तत्त्वानुभूति है। मेघदूत अन्तर्जीवन का रूपक है - अनन्त प्रेम की अनन्त वेदना है। प्रेम का आधा मिलन है और बाकी आधार विरह। पास का आदमी कितना दूर है उसी का फिर एहसास होता है - दो आदमियों के बीच के फासले को गीत से भरा जा सकता है। इस गीत से ही

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

पास में रहने वाले का सुदूर दुर्गम निर्वासन से पार पाया जा सकता है।

मेघदूत काव्य ने रवीन्द्र के मन में एक ओर अतीत की चाह भर दी तो दूसरी ओर वर्षा ऋतु में अतलस्पर्शी विरह का आस्वाद दिलाया और अपूर्ण का पूर्ण को पाने के लिए यात्रा का संकेत दिया और विरह में ही प्रेम के चरम रूप के आविष्कार की प्रेरणा जुटाई। बुद्धदेव बसु के अनुसार एक परम कृत्रिम आदर्श में आबद्ध रहते हुए भी कालिदास की प्रतिभा अपने को प्रमाणित करती है परन्तु पारिपार्श्विक दृश्यावलियों का वर्णन ही उनका प्रमुख उद्देश्य रहा है। यक्ष के विरह का वर्णन उनका लक्ष्य नहीं था कि यह कैसा विरह है यक्ष का जिसमें तन्मयता नहीं - दूत को जल्दी जाने के लिए न कहकर स्थान-स्थान पर विश्राम के लिए कहता है। इसका उत्तर रवीन्द्रनाथ ने दिया है। उनका कहना है कि विरह की व्यग्रता में भी कवि ने रास्ते को संक्षिप्त नहीं किया। पाठक के चित्त को कवि ने विरह के वेग से बाहर निकाला है और पथ के सौन्दर्य से मंथर बना दिया है। दरअसल बुद्धदेव वसु की दृष्टि में काम और यौन विवरण की बहुमुखिता से ही यह काव्य महान् बना है। कदाचित् इसी कारण वे इस काव्य को संपूर्णता में ग्रहण नहीं कर पाये हैं। बुद्धदेव बाबू का मानस रोमांटिक है। प्रत्येक चित्रकल्प (imagery) तथा प्रतीक (symbol) में वे एक चित्र-रचना और दूसरी ओर एक गहरे रहस्य को ढूंढते हैं। परन्तु रहस्य की अस्पष्टता उन्हें मेघदूत में दिखाई नहीं पड़ती - सब कुछ प्रत्याशित और संभव पर लगता है। विस्मय का आघात नहीं है कहीं। उदाहरण दिया है–

हस्ते लीलाकमलमलके बालकुन्दानुविद्धं
नीता लोघ्रप्रसवरजसा पाण्डुतामानने श्रीः।
चूडापाशे नवकुरबकं चारु कर्णे शिरीषं।।
सीमन्ते च त्वदुपगमजं यत्र नीपं वधूनाम्।।

यह कारण समझ में नहीं आता कि बुद्धदेव बाबू विश्व विख्यात शिल्पी बति-चेल्लि की वीनस में शुद्ध नग्नता का चरम सौन्दर्य देखते हैं - विशुद्ध देह का सौन्दर्य। फिर् फूल से शृंगारित नारी के सौन्दर्य की स्वाभाविकता में वे रहस्य क्यों ढूंढते हैं। कहते हैं इमसें कोई रहस्य नहीं। यह शृंगार प्रत्येक नारी के लिए बिल्कुल स्वाभाविक है। वीनस की नग्नता या फिर लीलाकमल हाथ में लिए यक्ष नारी। क्लासिकी सौन्दर्य की range इतनी व्यापक होती है कि उसको किसी घेरे में बाँधना मुश्किल है। महादेव के वर्णन को ले लीजिए, अलका का उद्यान उसके ललाट-ज्योत्स्ना में प्रक्षालित है और उज्जयिनी के मंदिर में वे अरण्य की तरह दोनों बाहुओं को ऊँचा कर नृत्य करते हैं:–

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

पश्चादुच्चैर्भुजतरुवनं मण्डलेनाभिलीनः। (पू. मेघ, ४०)

एक ही विश्व के स्वरूप के वर्णन में कितनी व्यापकता है। अरण्य की रहस्यात्मकता है कि फिर ज्योत्स्ना की आलोक-अंधेरी में माया-कूहेलिका की आच्छन्नता। बुद्धदेव बाबू का फ्रेमवर्क विलायती है। हमारे यहाँ क्लासिकी और रोमांटिक का कोई अंतर नहीं - यहाँ कवि दो प्रकार के हुए हैं, मेघदूत के कवि जो किसी एक व्यक्ति के विरह को निखिल विश्व के विरह में बदल लेते हैं और रामायण-महाभारत के कवि जो एक जाति के हृत्स्पन्दन को काल और कालातीत की व्यापकता में स्वर देते हैं। इनमें कहीं क्लासिकल और रोमांटिक का स्पष्ट अंतर नहीं है। आधार क्लासिकल है और उसका स्वर कभी रोमांटिक मानस को रूपायित करता है तो कभी क्लासिकल व्यापकता का प्रसार। इसीलिए मेघदूत की स्पष्टता में कुछ उद्वृत्त रह जाता है जो बिजली की कौंध की तरह अर्थ को विस्तार देता है - अति दूर की अतीत स्मृति अवचेतना को उद्वेलित करती है। उदाहरणतया वायु की गति के कम्पन से कवरीपाश से मन्दार पुष्प गिर जाता है - गत्युत्कम्पादलकपतितैर्यत्र मंदारपुष्पैः (उ. मेघ, 11) - इस एक वाक्य से अचानक अवचेतन स्मृति जाग उठती है। प्रश्न तब यह नहीं उठता कि यह रोमांटिक संवेदना है या क्लासिकी अर्थवत्ता से प्रोज्ज्वल। तब इस जैसे वाक्यों के सहारे हमारी यात्रा शुरू होती है - चेतन से अवचेतन की ओर-यथार्थ से स्वप्न की ओर - वास्तव से परावास्तव की ओर। और तब रवीन्द्र लिखते हैं - दूर बहुत दूर स्वप्न में मैंने उज्जयिनी की यात्री की थी मिलने अपनी प्रियतम से - मुझे देखकर प्रियतमा ने हाथ से धीरे धीरे दीया उतारकर नीचे रख दिया और मेरे सामने आयी, मेरे हाथ पर हाथ रख कर उसने नीरव आँखों से पूछा, हे प्रिये, अच्छे तो हो? यक्ष ने भी यही प्रश्न पूछा था - अव्यापन्नः कुशलमवले पृच्छति त्वां वियुक्तः। (उ. मेघ, 43) बुद्धदेव बाबू को यह प्रश्न नीतिज्ञ जड़वादी का लगता है और रवीन्द्र के प्रश्न में जन्म-जन्मान्तर की वेदना ध्वनित दिखाई पड़ती है। बात ऐसी नहीं और फिर इस वाक्य के बारे में बुद्धदेव बाबू क्या कहेंगे?

'कच्चित् सौम्य व्यवसितमिदं बन्धुकृत्यं त्वया मे' (उ. मेघ, 57), हे सौम्य, तुम मेरे मित्र बनोगे? इस विनती में कितनी तीव्रती है, कितनी गहराई है और साथ ही कितनी वेदना है, क्योंकि अन्ततः इसका कहीं पता नहीं कि यक्ष की प्रार्थना को मेघ स्वीकार करेगा या नहीं। क्योंकि मेघ तो निरुत्तर है? क्या विडम्बना है कि इस निरुत्तरता को यक्ष स्वीकृति मान लेता है। इसीलिए तो रवीन्द्र का प्रश्न है, यक्ष किसने तुम्हें आश्वासन दिया कि एक दिन शरत्-पूर्णिमा रात्रि में चिरमिलन होगा - तुम्हें तो चेतन-अचेतन में फ़र्क का कोई पता नहीं, क्या

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

मालूम यदि तुम सत्य और कल्पना में अंतर भुला बैठे हो। यक्ष नीतिज्ञ जड़वादी नहीं है। वह भी जानता है कि अंधकारमयी रजनी में चिर विरह को भोगना ही प्रेम की चरम तृप्ति है। और रवीन्द्र की प्रियतमा का दीया तेज हवा में पता नहीं कब बुझ जाता है। अंधकारमयी रजनी में उज्जयिनी सुप्त एकाकार हो जाती है और शिप्रानदी के किनारे शिव के मंदिर में आरती समाप्त होती है - अंधकार में अनादि विरह मेघदूत के अनन्त गौरव को फिर एकदम प्रकट करता है - विरह वेदना की एक ध्वनिमय अतृप्ति नहीं वरन् उस वेदना की रससिक्त प्रगाढ़ता में प्रेम की व्यापकता का आस्वाद कर पाते हैं, बस।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

बौद्ध-न्याय में दूषण और दूषणाभास-विवेचन

लक्ष्मी मोर

बौद्धन्यायपरम्परायां प्रमाणसमुच्चयः प्राधान्यमावहति। एतस्य मूलं नोपलभ्यते, प्रत्यक्षपरिच्छेदमात्रं प्रतिसंस्कृतं समुपलभ्यतेऽद्य। तथैव दिङ्नागप्रणीतत्वेन प्रथतेऽपरो न्यायग्रन्थो न्यायप्रवेशसूत्रम्। एतस्य बौद्धसिद्धान्तदृष्ट्या तत्परम्परायां महत्त्वपूर्णं स्थानं वर्तते। तत्र दूषणं दूषणाभासं च विचारयति लेखिकात्र। पक्षदूषणं–तस्य नव प्रभेदाः, हेतुदूषणं–तस्य त्रयः प्रभेदाः, दृष्टान्तदूषणं-तस्य प्रभेदद्वयम्, एवं दूषणाभासाश्चात्र विचार्यन्ते।

भारतीय न्याय-विद्या (Indian Logic) में बौद्ध-न्याय का प्रमुख स्थान है। बौद्ध-न्याय का विकास प्रसिद्ध बौद्धाचार्य दिङ्नाग के आविर्भाव से माना जाता है, यद्यपि इसका सूत्रपात बौद्ध-दर्शन के प्रारम्भिक ग्रन्थों में हो चुका था। दिङ्नाग के नाम से एकाधिक रचनाओं का उल्लेख मिलता है।[1] जिनमें **प्रमाण-समुच्चय** बौद्ध-न्याय की दृष्टि से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण स्वीकार किया गया है। वह भी अपने मूल रूप में आज उपलब्ध नहीं है।[2] उसके केवल प्रत्यक्ष परिच्छेद का तिब्बती भाषा से प्रतिसंस्कृत रूप प्राप्त होता है।[3] इसके अतिरिक्त 'न्यायप्रवेश सूत्र' नामक ग्रन्थ भी आचार्य दिङ्नाग की ही रचना माना जाता है, यद्यपि विद्वानों में मतभेद है कि यह दिङ्नाग की रचना है या उनके शिष्य शङ्करस्वामी की[4] रचना। यह दोनों विद्वानों में से किसी की भी रचना रही हो, किन्तु बौद्ध-न्याय के सिद्धान्तों की दृष्टि से निर्विवाद रूप से यह एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है।

न्यायप्रवेश ग्रन्थ की प्रथम कारिका से ज्ञात होता है कि संविद् (ज्ञान) के दो प्रकार हैं–(1) आत्मसंविद्, (2) परसंविद्। 'आत्मसंविद्' से तात्पर्य है–आत्मावबोध के लिए ज्ञान प्राप्त करना। इसके साधन प्रत्यक्ष, प्रत्यक्षाभास तथा अनुमान एवं अनुमानाभास हैं। 'परसंविद्' से तात्पर्य है–स्वयं प्राप्त किए गए ज्ञान को दूसरे तक पहुंचाना। 'परसंविद्' अर्थात् परप्रत्यायन (परावबोध) के लिए

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

कारिका में साधन, साधनाभास तथा दूषण, दूषणाभासों का उल्लेख किया गया है।[5] प्रस्तुत शोध-पत्र का विषय उनमें से केवल दूषण और दूषणाभासों का विवेचन करना है।

(1) 'दूषण' शब्द से तात्पर्य और उसके भेद :

'दूषण' शब्द की व्युत्पत्ति दूष + णिच् + ल्युट्–इस प्रकार की गई है। जिसका अर्थ है–अपवाद, अपकीर्ति और दोष-कथन।[6] 'दूषण' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए ग्रन्थकार ने कहा है **'साधनदोषोद्भावनानि दूषणानि'**[7] अर्थात् साधन-दोषों का उद्भावन-प्रकाशन-शब्दों द्वारा कथन करना ही दूषण कहलाता है। पक्ष, हेतु और दृष्टान्त पर प्रकाशन के साधान बताये गए हैं और उनमें 'न्यूनत्व' अथवा 'अशुद्धि' का बोध कराना 'साधन-दोष' कहलाता है।[8]

धर्मकीर्ति ने भी 'दूषण' को 'दूषणा' संज्ञा देते हुए परिभाषित किया है–**दूषणा न्यूनतायुक्तिः**[9] अर्थात् साधनों में न्यूनता आदि का कथन ही दूषणा है। धर्मोत्तर ने इसका अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा है–न्यूनता अर्थात् हेतु आदि के असामर्थ्य का (शब्दों द्वारा) कथन करना 'दूषणा' है।[10] इसको इस प्रकार भी कह सकते हैं कि जो **'पक्षाभास'** इत्यादि साधन के दोष होते हैं, उनको शब्दों द्वारा दूसरे के प्रति प्रकट करना 'दूषणा' कहलाता है।

न्यायबिन्दु टीका में शंका उठाई गई है कि न्यूनता (दूषण) इत्यादि तो वादी के कथन से विपरीत अर्थ की सिद्धि करने वाले नहीं होते, फिर वे दूषण कैसे हैं? साथ ही वहाँ इसका उत्तर भी दिया गया है कि उस न्यूनता आदि के कथन से दूसरे (प्रतिपक्षी) की अभीष्ट सिद्धि रुक जाती है,[11] यद्यपि ये वादी के विपरीत अर्थ को सिद्ध नहीं करते, अतः वे दूषण ही हैं।

इस प्रकार स्पष्ट है कि साधन अर्थात् पक्ष, हेतु और दृष्टान्त में दोषों का उद्भावन अर्थात् शब्दतः कथन करना 'दूषण' है। 'दूषण' के भी मुख्यः तीन भेद हैं पक्ष-दूषण, हेतु-दूषण और दृष्टान्त-दूषण। न्यायप्रवेश में इनका विवेचन करते समय इनके उपभेद भी दिखाए गये हैं, जिनका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है–

1.1 पक्षदूषण :

'पक्ष' के दोषों का उद्भावन अर्थात् कथन ही 'पक्ष-दूषण' कहलाता है। यह नौ प्रकार का है–

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

1.1.1 प्रत्यक्षविरुद्धपक्ष-दूषण :

अनुमान-वाक्य में जो 'पक्ष' प्रत्यक्ष रूप से प्रसिद्ध (ज्ञात) धर्म के विरुद्ध धर्म वाला कथन किया जाये वह प्रत्यक्षविरुद्ध प्रत्यक्षाभास कहलाता है।[12] प्रतिवादी द्वारा शब्दतः इस पक्षाभास का कथन करना ही 'प्रत्यक्षविरुद्ध-पक्ष-दूषण' कहलाता है। यथा **'अश्रावणः शब्द इति'**।[13] अर्थात् शब्द अश्रावण है। यह 'प्रत्यक्षविरुद्ध-पक्षदूषण' का उदाहरण है। शब्द-रूप पक्ष सभी को श्रवण रूप में ज्ञात है, लेकिन यहां उसे उससे विरुद्ध अश्रवण कहा गया है जो स्पष्टतः ही प्रत्यक्ष का विरोधी है।[14]

1.1.2 अनुमानविरुद्ध-पक्षदूषण :

जो 'पक्ष' अनुमान प्रमाण के विरुद्ध हो वह अनुमानविरुद्ध पक्षाभास कहलाता है। इस पक्ष-दोष का कथन करने के कारण इसे 'अनुमानविरुद्ध-पक्ष-दूषण' कहा गया है। यथा–**'नित्यो घट इति'**[15] यहाँ घट धर्मी (पक्ष) है तथा नित्यता साध्य-धर्म है इस धर्म का धर्मी घट में होना स्वीकृत-अनुमान के विरुद्ध है क्योंकि स्वीकृत अनुमान है 'घट अनित्य है, कारणों से उत्पन्न होने के कारण, प्रदीप के समान'[16] यह 'अनमानविरुद्ध-पक्षदूषण' का उदाहरण है।

1.1.3 आगमविरुद्ध-पक्षदूषण :

'जो पक्ष' आगम प्रमाण के विरुद्ध हो वह 'आगमविरुद्ध-पक्षदूषण कहलाता है। यथा **'वैशेषिकस्य नित्यः शब्द इति'**[17] अर्थात् यदि कोई वैशेषिक **'शब्दो वै नित्यः'** ऐसा साध्यरूप से स्वीकार करे तो उसके लिए यह आगमविरुद्ध पक्षाभास होगा, क्योंकि वैशेषिक मत में शब्द की अनित्यता ही प्रसिद्ध है।[18] इसका अर्थात् आगमविरुद्ध पक्ष का कथन करना ही 'आगमविरुद्ध-पक्षदूषण' है।

1.1.4 लोकविरुद्ध-पक्षदूषण :

जो पक्ष लौकिक व्यवहार के विरुद्ध हो वह लोकविरुद्ध पक्षाभास कहलाता है। यथा–**'शुचि नरशिरः कपालं प्राण्यङ्गत्वात् शङ्खशुक्तिवदिति'**[19] अर्थात् 'मृत-मनुष्य का कपाल पवित्र है, प्राणी का अंग होने के कारण, शङ्खशुक्ति के समान।' परन्तु लोक में मृत मनुष्य के कपाल की पवित्रता को अस्वीकार किया गया है।[20] अतः यह 'लोकविरुद्ध-पक्षदूषण' का उदाहरण है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

1.1.5 स्ववचनविरुद्ध-पक्षदूषण :

अपने ही वचन के विरुद्ध पक्ष के होने पर 'स्ववचनविरुद्ध-पक्षाभास' कहलाता है। यथा-'माता मे वन्ध्येति,'[21] यह कथन वक्ता के अपने ही वचन के विरुद्ध है, क्योंकि यदि वह पुत्र है तो माता बन्ध्या हो ही नहीं सकती। अर्थात् वन्ध्या माता कैसे हो सकती है?[22] अतः यह 'स्ववचनविरुद्ध-पक्षाभास' है। इसका शब्दतः कथन ही 'स्ववचनविरुद्ध पक्षदूषण' है।

1.1.6 अप्रसिद्धविशेषण-पक्षदूषणः

यदि वादी द्वारा प्रयुक्त पक्ष का विशेषण प्रतिवादी की अस्वीकृत हो तो वह 'अप्रसिद्धविशेषण पक्षाभास' कहलाता है। जैसे यदि बौद्ध सांख्यमतावलम्बी के प्रति कहे कि **'विनाशी शब्दः'**।[23] तो यह ठीक न होगा क्योंकि सांख्य के मत में कुछ भी विनाशी नहीं है,[24] शब्द भी नहीं। अतः यह 'अप्रसिद्ध-विशेषण-पक्षदूषण' का उदाहरण है।

1.1.7 अप्रसिद्ध विशेष्य-पक्षदूषण :

यदि वादी द्वारा प्रयुक्त पक्ष का विशेष्य प्रतिवादी को अस्वीकृत हो तो वह 'अप्रसिद्धविशेष्य-पक्षाभास' कहलाता है। जैसे यदि सांख्य, बौद्धमतावलम्बी के प्रति कहे कि **'चेतन आत्मेति'**[25] तो यह ठीक न होगा क्योंकि बौद्धों के मत में आत्मा चेतन नहीं है, बौद्ध आत्मा की सत्ता को स्वीकार नहीं करते।[26] अतः यह 'अप्रसिद्ध विशेष्य-पक्षदूषण' हुआ।

1.1.8 अप्रसिद्धोभय-पक्षदूषण :

जब वादी द्वारा प्रयुक्त वाक्य में विशेषण और विशेष्य दोनों ही प्रतिवादी को स्वीकार्य न हों तो वह 'अप्रसिद्धोभय-पक्षाभास' कहलाता है। जैसे-यदि वैशेषिकमतावलम्बी किसी बौद्ध के प्रति कहे 'सुखादिसमवायिकारणमात्मेति'[27] अर्थात् सुखादि का समवायिकारण आत्मा है, तो यह ठीक न होगा। क्योंकि बौद्ध को न चेतन आत्मा और न समावायिकारण ही स्वीकार्य है।[28] अतः यह 'अप्रसिद्धोभयो-पक्षाभास' का उदाहरण है। इसका कथन करना ही 'अप्रसिद्धोभयो-पक्षदूषण' कहलाता है।

1.1.9 प्रसिद्धसम्बन्ध-पक्षदूषण :

जहां वादी ऐसे धर्म-धर्मी सम्बन्ध का कथन करे जो प्रतिवादी को भी उसी रूप में स्वीकृत हो वहाँ 'प्रसिद्धसम्बन्ध-पक्षाभास' होता है। जैसे-**'श्रावणः**

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

शब्दः'।[29] यहाँ शब्द धर्मी है और श्रावणत्व साध्यधर्म है। साध्यधर्म और धर्मी का यह सम्बन्ध सभी को स्वीकार्य है अर्थात् किसी को भी विप्रतिपत्ति न होने के कारण शब्द के श्रावणत्व को साध्य रूप से रखने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार साध्यधर्म और धर्मी सम्बन्ध के पूर्णतः ही सिद्ध होने से न्यायप्रवेशकार के अनुसार पक्षाभास का ही एक भेद है।[30] और इसका शब्दतः कथन करने पर यह 'प्रसिद्ध-सम्बन्ध-पक्षदूषण' कहलाता है।

1.2 हेतु-दूषणः

जब हेतु के दोषों अर्थात् हेत्वाभासों का प्रतिवादी द्वारा शब्दतः कथन किया जाता है वह हेतु-दूषण कहलाता है। न्यायप्रवेश के टीकाकार हरिभद्रसूरि ने हेत्वाभास की व्याख्या करते हुए कहा है- **'हेतुवदाभासन्ते इति हेत्वाभासाः'**[31] अर्थात् जो हेतु के समान आभासित होते हैं वे हेत्वाभास कहलाते हैं। बौद्ध-न्याय के अनुसार, हेतु में 'पक्ष धर्मत्व,' 'सपक्षे-सत्वम्' व 'विपक्षेऽसत्वम्' इन त्रिरूपों में से एक भी अभाव होगा वह सद्हेतु न होकर हेत्वाभास कहलायेगा-ऐसा माना जा सकता है। धर्मकीर्ति ने भी हेत्वाभास का ठीक इसी अर्थ में लक्षण किया है-'तीन रूपों में से एक रूप का भी कथन न करने पर साधनाभास अर्थात् हेत्वाभास (असद् हेतु) हो जाता है।[32] तर्कभाषाकार ने भी हेत्वाभास का लक्षण करते हुए कहा है-जो पक्षधर्मत्व आदि आवश्यक हेतु रूपों में से किसी एक से भी रहित हों, वे अहेतु होते हैं। वे भी कतिपय हेतु-धर्मों के योग से हेतु जैसे भासित होते हैं वे हेत्वाभास कहलाते हैं।[33] न्यायप्रवेशकार के अनुसार हेत्वाभास के तीन भेद हैं-(1) असिद्ध, (2) अनैकान्तिक, (3) विरुद्ध।[34] न्यायप्रवेश में इनके उपभेद भी दर्शाए गए हैं जो कुल मिलाकर चौदह हैं। इन सबका शब्दतः कथन करना ही हेतु-दूषण कहलाता है। किन्तु स्थानाभाव के कारण प्रस्तुत स्थल पर केवल तीन मुख्य भेदों का ही विवेचन किया जा रहा है, उपभेदों का नहीं।

1.2.1 असिद्ध-हेतु-दूषणः

जब हेतु असिद्ध हो अर्थात् साध्य को सिद्ध करने में समर्थ न हो, वह असिद्ध हेत्वाभास कहलाता है। तर्कभाषाकार केशव मिश्र के अनुसार असिद्ध वह हेतु है जो अनुमापक (लिंग) के रूप में निश्चित न किया गया हो।[35] जैसे-पर्वत में अग्नि से व्याप्त धूम है' इस प्रकार का व्याप्ति विशिष्ट पक्षधर्मता-ज्ञान ही परामर्श है, वही अनुमानक हुआ करता है। उसके लिए तीन बातें आवश्यक हैं-पक्ष, पक्षधर्मता तथा व्याप्ति। इनमें से किसी एक का भी अभाव होने से वह असिद्ध हेत्वाभास हो जाता है, जैसे-**'शब्दो नित्यः चाक्षुषत्वात्'** यहाँ शब्द पक्ष

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

है। 'चाक्षुषत्व' हेतु है। यह हेतु पक्ष (शब्द) में नहीं रहता, क्योंकि शब्द का चक्षु द्वारा ग्रहणं नहीं किया जा सकता। यहाँ पर हेतु चाक्षुषत्व स्वरूपतः ही असिद्ध है। अतः यह स्वरूपासिद्ध हेत्वाभास है। धर्मोत्तर ने न्याय बिन्दु टीका में असिद्ध हेत्वाभास को स्पष्ट करते हुए कहा है–धर्मी से धर्म (एक रूप) के सम्बन्ध की असिद्धि होने पर या सन्देह होने पर असिद्धनामक हेत्वाभास होता है।[36] जैसे 'शब्द अनित्य है' यह सिद्ध करने के लिए दिया गया 'चाक्षुषत्व' हेतु दोनों वादी (वादी तथा प्रतिवादी) के प्रति असिद्ध है।

ठीक इसी प्रकार से न्यायप्रवेशवृत्तिकार ने 'असिद्ध' शब्द को स्पष्ट करते हुए कहा है-जो साध्य को सिद्ध कर सके वह सिद्ध हेतु होता है, किन्तु जो सिद्ध करने में समर्थ नहीं वह असिद्ध-हेतु हेत्वाभास कहलाता है।[37] जैसे 'शब्द अनित्य-कृतकत्वात्[38] अर्थात् 'शब्द' अनित्य है 'कृतक' होने से। 'शब्द' को नित्य मानने वाले मीमांसक और सांख्याचार्यों के प्रति यहाँ दिया गया 'कृतकत्व' हेतु उचित नहीं है क्योंकि उनके अनुसार 'शब्द' की केवल अभिव्यक्ति होती है उत्पत्ति नहीं। जबकि वादी नैयायिक आदि जो शब्द को अनित्य मानते हैं, के मत में कृतकत्व हेतु उचित है। अतः कृतकत्व हेतु 'अन्यतरासिद्ध' हेत्वाभास का उदाहरण है। जो असिद्ध हेत्वाभास का ही एक शब्द है। इस प्रकार असिद्ध हेत्वाभास का शब्दतः कथन करना ही 'असिद्ध-हेतु दूषण' है।

1.2.2 अनैकान्तिक हेतु-दूषण :

न्यायप्रवेश के टीकाकार हरिभद्रसूरि ने 'अनैकान्तिक' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखा है कि निश्चय होना 'ऐकान्तिक' कहलाता है और जिसका कोई निश्चय न हो अर्थात् जो हेतु निश्चिय किए गये 'त्रिरूपत्व' से भिन्न रूप में पाया जाए वह अनिश्चित रूप वाला होता है[39]। अतः अनैकान्तिक हेत्वाभास कहलाता है। तर्कभाषाकार (केशव मिश्र) के अनुसार **'सव्यभिचारोऽनैकान्तिकः'** अर्थात् सव्यभिचार हेतु अनैकान्तिक हेत्वाभास कहलाता है।[40] व्यभिचार का अर्थ है अव्यवस्था, औचित्य का अतिक्रमण, नियमपूर्वक न रहना। अर्थात् जो हेतु के साध्य के साथ व्यवस्थित रूप में नहीं रहता, वह सव्यभिचार कहालाता है, उसका नाम अनैकान्तिक हेत्वाभास है।

न्यायबिन्दु में अनैकान्तिक हेत्वाभास का लक्षण इस प्रकार दिया गया है–**''तथैकस्य रूपस्यासपक्षेऽसत्वस्यासिद्धावर्तकान्तिको हेत्वाभासः।''**[41] अर्थात् त्रिहेतु के एक रूप असपक्ष में न होना-इसके असिद्ध होने पर अनैकान्तिक

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

हेत्वाभास होता है। जैसे शब्द में अनित्यता आदि धर्म साध्य होने पर जो प्रमेयत्व आदि धर्म (हेतु दिया जाता) है, वह सपक्ष तथा विपक्ष में सर्वत्र या एकदेश में विद्यमान है।[42] जब हेतु किसी एक असपक्ष में अथवा सभी असपक्षों में विद्यमान होता है तो वह हेतु अनैकान्तिक (अनिश्चित) हेत्वाभास हो जाता है और अनैकान्तिक हेत्वाभास का शब्दतः कथन करने पर 'अनैकान्तिक हेतु-दूषण' कहलाता है।

1.2.3 विरुद्ध हेतु-दूषणः

विरुद्ध हेत्वाभास को स्पष्ट करते हुए तर्कभाषाकार ने कहा है **'साध्यविपर्ययव्याप्तो हेतुर्विरुद्धः'**[43] अर्थात् जो साध्याभाव से व्याप्त होता है वह 'हेतु' विरुद्ध हेत्वाभास कहालाता है, जैसे-**'शब्दो नित्यः कृतकत्वात्'**[44] यहाँ 'नित्यत्व' साध्य है 'कृतकत्व' हेतु है। 'कृतक' का अर्थ है कार्य, जन्य, उत्पन्न होने वाला और जो कृतक होता है वह अनित्य होता है। यहाँ 'अनित्यत्व' का अर्थ है नित्यत्व का अभाव (साध्याभाव)। अतः यहाँ जो कृतकत्व हेतु है, वह साध्याभाव से व्याप्त है तथा वह विरुद्ध हेत्वाभास है।

न्यायप्रवेश के टीकाकार हरिभद्रसूरि ने 'विरुद्ध' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखा है कि **'विरुध्यते सविरुद्धः'**[45] अर्थात् जो हेतु अपने साध्य धर्म और धर्मो के साथ अन्वित न होकर उस साध्य के विपरीत रूप के साथ अन्वित होता है तो वह विरुद्ध हेत्वाभास कहलाता है। इसी का शब्दतः कथन करना 'विरुद्ध-हेतु-दूषण' है।

1.3 दृष्टान्त-दूषण :

जब दृष्टान्त के दोषों (दृष्टान्ताभासों) का शब्दतः कथन किया जाता है तो न्यायप्रवेशकार के अनुसार वह 'दृष्टान्तदूषण' कहलाता है।

दृष्टान्त का कार्य यह दिखलाना है कि हेतु के होने पर साध्य होता है तथा साध्य के न होने पर हेतु भी नहीं होता। जब कोई दृष्टान्त अपने इस कार्य को नहीं कर सकता तो अवश्य ही इसमें दोष होता है। फिर भी वह किसी रूप में दृष्टान्त-सा दिखाई देता है इसलिए उसे 'दृष्टान्ताभास' कहते हैं।[46]

न्यायप्रवेश के टीकाकार हरिभद्रसूरि ने दृष्टान्ताभास की व्याख्या करते हुए कहा है कि **'दृष्टान्तवदाभास इति दृष्टान्ताभासः'**[47] अर्थात् जो दृष्टान्त के समान आभासित हो, वस्तुतः दृष्टान्त न हो वह दृष्टान्ताभास कहलाता है। क्योंकि दृष्टान्त को दो प्रकार का कहा गया है। अतः मूल भेद की अपेक्षा से दृष्टान्ताभास

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

भी दो प्रकार का है।[48] (क) साधर्म्य दृष्टान्ताभास (ख) वैधर्म्य दृष्टान्ताभास।[49] इनका शब्दतः कथन करने पर ये ही 'साधर्म्य दृष्टान्त-दूषण' तथा 'वैधर्म्यदृष्टान्त-दूषण' कहलाते हैं। इनका संक्षिप्त विवेचन निम्न प्रकार है–

1.3.1 साधर्म्यदृष्टान्त-दूषण :

'साधर्म्य दृष्टान्त' को स्पष्ट करते हुए ग्रन्थकार ने कहा है–यत्र हेतोः, सपक्ष एवास्तित्त्वं ख्याप्यते'[50]। अर्थात् जहाँ हेतु का अस्तित्व केवल सपक्ष में ही कहा गया हो वहाँ साधर्म्य दृष्टान्त होता है। यथा **'यत्कृतकं तदनित्यं दृष्ट तथा घटादिरिति'**[51]। अर्थात् जो कृतक होता है वह अनित्य होता है जैसे घट। यह साधर्म्य का उदाहरण है, क्योंकि यहाँ 'कृतकत्व' धर्म सभी घटादि सपक्षों में रहता है। इसी आधार पर कहा जा सकता है कि जहाँ साधर्म्य-दृष्टान्त अपने वास्तविक रूप में न हो अपितु वैसे आभासित होता हो वहाँ साधर्म्यदृष्टान्ताभास होता है और इसका शब्दतः कथन करना ही 'साधर्म्यदृष्टान्तदूषण' कहलाता है।

1.3.2 वैधर्म्य-दृष्टान्त दूषण :

'वैधर्म्य दृष्टान्त' का लक्षण 'साधर्म्य-दृष्टान्त' के विपरीत दिया गया है–**'यत्र साध्याभावे हेतोरभाव एव कथ्यते'**[52] अर्थात् जहां साध्य का अभाव होने पर साधन (हेतु) का भी अभाव कहा गया हो वहां 'वैधर्म्यदृष्टान्त' होता है। जैसे–**''यन्नित्यं तदकृतकं दृष्टं यथाकाशमिति'**[53] अर्थात् जो नित्य होता है वह अकृतक होता है जैसे आकाश-यह 'वैधर्म्य दृष्टान्त' का उदाहरण है। यहाँ बौद्ध को 'नित्य' शब्द से 'अनित्यता' का अभाव और 'अकृतक' शब्द से 'कृतकत्व' का अभाव अभिप्रेत है। तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार बौद्ध 'अभाव' शब्द से 'भाव या सत्ता का न होना' अर्थ लेते हैं उसी प्रकार 'नित्यता' से उनका अभिप्राय है 'अनित्यता का अभाव' और 'अकृतक' शब्द से 'कृतकता का अभाव'।[54] इसी आधार पर कहा जा सकता है कि जहाँ वैधर्म्य-दृष्टान्त अपने वास्तविक रूप में न हो अपितु वैसा आभासित होता हो वहाँ वैधर्म्यदृष्टान्ताभास होता है और इसका शब्दतः कथन ही 'वैधर्म्य-दष्टान्त-दूषण' कहलाता है।

(2) दूषणाभास :

'दूषणाभास' शब्द दो पदों से मिलकर बना है–'दूषण + आभास' अर्थात् दूषण का आभास। जो वस्तुतः दूषण न हो अपितु दूषण के समान आभासित हो, वह दूषणाभास कहलाता है। न्याय-प्रवेशकार के अनुसार 'जब साधन में दोषों के न होने पर भी उनका कथन किया जाता है तो वह 'दूषणाभास' कहलाता है।[55]

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

इसी को और अधिक स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा है कि 'सम्पूर्णे साधने न्यूनत्ववचनम्'[56] अर्थात् साधन में सम्पूर्णता (दोषराहित्य) होने पर भी न्यूनत्व (दोष) का कथन करना दूषणाभास है। आचार्य धर्मकीर्ति और धर्मोत्तर ने भी 'दूषणाभास' को स्वीकार किया है लेकिन उसको 'जात्युत्तर' संज्ञा दी है। 'दूषणाभासस्तु जातयः,'[57] जाति-शब्द सादृश्यवचनः। उत्तरसदृशानि जात्युत्तराणि।[58] यहां 'जाति' शब्द 'सादृश्य' अर्थ का वाचक है। अतः जो उत्तर जैसे लगते हैं वे जात्युत्तर कहलाते हैं। अर्थात् जो यथार्थ में उत्तर न हो किन्तु उत्तर के स्थान में प्रयुक्त होने के कारण उत्तर जैसे प्रतीत होते हों वे जात्युत्तर कहलाते हैं। धर्मकीर्ति कहते हैं 'अविद्यमान दोषों की उद्भावना जात्युत्तर है।[59] इस कथन से दूषण तथा दूषणाभास का अन्तर भी स्पष्ट प्रतीत होता है। प्रतिपक्षी के साधन (पक्ष, हेतु, दृष्टान्त) में विद्यमान दोष का कथन करना दूषण है।[60] किन्तु यदि प्रतिपक्षी के साधन वाक्य में दोष न हो फिर भी उसमें दोष दिखलाया जाए तो वह कथन दूषणाभास होगा। इसी को बाद के बौद्ध नैयायिकों ने जात्युत्तर के नाम से पुकारा है।

अब प्रश्न है कि दूषणाभास कितने प्रकार के हैं–पक्षाभास, हेत्वाभास और दृष्टान्ताभास के जितने भेदों का विवेचन न्यायप्रवेशकार ने अपने ग्रन्थ में किया है। उन्हीं के आधार पर दृष्टान्ताभास के भी उतने ही भेद माने जा सकते हैं। ऐसा ग्रन्थ में संकलित है। उदाहरणार्थ–'पक्ष के दोष-युक्त न होने पर भी यदि कोई पक्ष में दोषों का कथन करे तो यह 'पक्ष-दूषणाभास' कहलाएगा।[61] इसी प्रकार हेतु के साध्य को सिद्ध करने में समर्थ होने पर भी यदि उसमें दोष प्रदर्शन किया जाये तो वह 'असिद्ध हेतुकदूषणाभास' कहलाएगा।[62] यदि हेतु ऐकान्तिक अर्थात् त्रिरूप सम्पन्न हो किन्तु अनेकान्तरूप में प्रदर्शित किया जाए तो वह 'अनेकान्तहेतुकदूषणाभास' कहलाएगा।[63] और यदि हेतु साध्य धर्म और धर्मी को यथावत् रूप में सिद्ध करता हो किन्तु उस हेतु के विपरीत साध्य के साथ अन्वित हुआ प्रदर्शित किया जाए तो वह 'विरुद्ध-हेतुक-दृष्टान्ताभास' कहलाता है।[64] साधर्म्य और वैधर्म्य दृष्टि से दृष्टान्त के सम्यक् होने पर भी उसमें दोष-कथन करने पर 'दृष्टान्त-दूषणाभास' होता है।[65]

इस प्रकार साधनाभासों के आधार पर दूषणाभास स्वीकार किये जा सकते हैं, लेकिन ध्यान देने योग्य बात यह है कि दूषणाभास वस्तुतः पर पक्ष को दूषित नहीं करते क्योंकि परपक्ष निरवद्य अर्थात् दोषरहित है।[66]

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि न्यायप्रवेशकार के अनुसार साधन-दोषों का उद्भावन अर्थात् शब्दतः कथन करना 'दूषण' तथा जो वस्तुतः

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

दूषण न हो अपितु दूषण के समान आभासित होता हो वही 'दूषणाभास' कहलाता है।

---

1. Stcherbatsky, **Buddhist Logic I,** p. 39.
2. Vidyabhushana, **History of Indian Logic,** p. 275.
3. (i) **Pramāṇa-Samuccaya,** Ch. I ed. and restored into Sanskrit by M. Hattori in his **Dinuāga on perception.**
   (ii) **Pramāṇa-Samuccaya,** Ch. I.ed. and restored into Sanskrit with Vṛtti, ṭīkā and notes by H.R.R. Iyengar Mysore University, 1930.
4. भूमिका, न्यायप्रवेश-सूत्रम्, पृ॰ 6
5. साधनं दूषणं चैव साभासं परसंविदे। प्रत्यक्षमनुमानं च साभासं त्वात्मसंविदे।। न्या॰ प्र॰ 1
6. संस्कृत-शब्दार्थ-कौस्तुभ, पृ॰ 528
7. न्यायप्रवेश, पृ॰ 8, पं॰ 1
8. साधनदोषो न्यूनत्वम्। न्या॰ प्र॰, पृ॰ 18, पं॰ 1-2
9. न्यायबिन्दु, 3. 137
10. न्यूनतादेर्वचनम्। न्यायबिन्दु-टीका, पृ॰ 366
11. ननु च न्यूनतादयो न विपर्ययसाधनाः, तत् कथं दूषणम् इत्याह-तेन न्यूनतादिवचनेन परेषाम् इष्टश्वासावर्यश्च तस्य सिद्धिः निश्चयः, तस्याः प्रतिबन्धात्। नावश्यं विपर्यय-साधनाद् एव दूषणम्। न्यायबिन्दु टीका, पृ॰ 367
12. ततश्च प्रसिद्धधर्मशब्दलोपात् प्रत्यक्षप्रसिद्धधर्मविरुद्धप्रत्यक्षविरुद्धः। न्यायप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 19, पं॰ 24
13. (क) न्यायप्रवेश, पृं॰ 17-18
    (ख) न्यायप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 20, पृं॰ 3
14. अश्रावणत्वं साध्यधर्मः, साध्यमानस्तत्रैव धर्मिणि प्रत्यक्षप्रसिद्धेन श्रावणत्वेन विरुध्यते इति प्रत्यक्षविरुद्धः। न्या॰ प्र॰ वृत्ति, पृ॰ 20, पं॰ 3-5
15. (क) न्यायप्रवेश, पृं॰ 2, पृं॰ 18
    (ख) न्यायप्रवेश-वृत्ति, पृ॰ 20, पृ॰ 9
16. अनुमानप्रसिद्धेनानित्यत्वेन तत्रैव धर्मिणि बाध्यते। अनुमानं चेदम्। अनित्यो घटः कारणा-धीनात्मलाभत्वात् प्रदीपवत्।
    —न्यायप्रवेश-वृत्ति, पृ॰ 20, पं॰ 9-11
17. (क) न्यायप्रवेश, पृ॰ 2, पं॰ 19
    (ख) न्यायप्रवेश वृत्ति, पृ॰ 20, पं॰ 11-12
18. वैशेषिकोऽहमित्येवं पक्षपरिग्रहं कृत्वा यदा शब्दस्य नित्यत्वं प्रतिजानीते तदागमविरुः। यतस्तस्यागमे शब्दस्यानित्यत्वं प्रसिद्धम्।
    न्यायप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 20, पं॰ 20, पं॰ 12-13
19. (क) न्यायप्रवेश, पृं॰ 2, पं॰ 20-21
    (ख) न्यायप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 10, पं॰ 15-16
20. स(शुचित्व) साध्यमानः तत्रैव धर्मिणि लोकप्रसिद्धशुचित्वेन निराक्रियते इति।
    —न्या॰ प्र॰ वृत्ति, पृ॰ 20, पं॰ 17

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

21. (क) न्यायप्रवेश, पृ॰ 2, पं॰ 22
(ख) न्या॰ प्र॰ वृत्ति, पृ॰ 10, पं॰ 15-16
22. वन्ध्या चेत्कथं मातेति? न्या॰ प्र॰ वृत्ति, पृ॰ 2, पं॰ 13
23. (क) न्यायप्रवेश, पृ॰ 2, पं॰ 26, पृ॰ 3, पं॰ 1
(ख) न्यायप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 10, पं॰ 24
24. न हि तस्य (सांख्यस्य) सिद्धान्ते किंचिद्विनश्वरमस्ति।
—न्यायप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 21, पृं॰ 3
25. (क) न्यायप्रवेश, पृ॰ 3, पं॰ 2
(ख) न्यायप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 22, पं॰ 11-12
26. सर्वे धर्मा निरात्मानः। न्यायप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 21, पं॰ 14
27. (क) न्यायप्रवेश, पृ॰ 3, पं॰ 3-4
(ख) न्यायप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 21, पं॰ 15-16
28. न तस्य (बौद्धस्य) आत्मा विशेष्यः सिद्धो नापि समवायिकारणं विशेषणम्।
—न्यायप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 21, पं॰ 22
29. (क) न्यायप्रवेश, पृ॰ 3, पं॰ 4-5
(ख) न्यायप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 21, पं॰ 14
30. प्रसिद्धो वादिप्रतिवादिनोरविप्रतिपत्या स्थितिः सम्बन्धी धर्मधर्मिलक्षणो यस्मिन् स तथाविधः।
—न्याप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 21, 22, पं॰ 25, 1
31. न्यायप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 22, पृ॰ 1-8
32. तत्र त्रयाणां रूपाणाम् एकस्याभिरूपस्यानुक्तो साधनाभासः।
—न्यायबिन्दु टीका, 3.55
33. पक्षधर्मत्वादिरूपाणां मध्ये येन केनापि रूपेण हीना अहेतवः तेऽपि कतिपयहेतुरूप-योगाहेतुवदाभासमाना हेत्वाभासाः। तर्कभाषा (केशव मिश्र) पृ॰ 271
34. असिद्धानैकान्तिकविरुद्धा हेत्वाभासाः। न्यायप्रवेश, पृ॰ 3, पं॰ 8
35. लिङ्गत्वेनानिश्चितो हेतुरसिद्धः। तर्कभाषा, पृ॰ 111
36. एकस्य रूपस्य धर्मिसम्बन्धस्यासिद्धौ सन्देहे, वा सिद्धौ हेत्वाभासः।
—न्यायबिन्दु टीका, पृ॰ 262
37. सिध्यति सः सिद्धः प्रतीतः न सिद्धः असिद्धः प्रतीतः।
—न्यायप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 22 पं॰ 20
38. कृतकत्वादिति।
(क) न्यायप्रवेश, पृ॰ 3, पं॰ 11-12
(ख) न्यायप्रवेशवृत्ति पृ॰ 23, पं॰ 4
(ग) न्यायप्रवेशपञ्जिका, पृ॰ 55, पं॰ 2
39. ऐकान्तमेव ऐकान्तिकः। न ऐकान्तिकोऽनैकान्तिकः।। न्यायप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 24, पं॰ 6-7
40. तर्कभाषा, पृ॰ 115
41. न्यायबिन्दु 3.66
42. न्यायबिन्दु 3.67
43. तर्कभाषा, पृ॰ 115

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

44. वही
45. न्यायप्रवेश वृत्ति, पृ॰ 27, पं॰ 14
46. दृष्टान्तवद्-आभासमानः, दृष्टान्ताभासः। मि॰ धर्मोत्तर-प्रदीप, पृ॰ 239
47. न्यायप्रवेशवृत्ति पृ॰31, पं॰ 14
48. यथा दृष्टान्तो द्विविधः एवं मूलभेदव्यपेक्षया तदाभासोऽपि तथा।
    —न्या॰ प्र॰ वृत्ति, पृ॰ 31, पं॰ 12-13
49. दृष्टान्ताभासो द्विविधः। न्यायप्रवेश, पृ॰ 5, पं॰ 19
50. न्यायप्रवेश, पृ॰ 1, पं॰ 16, पृ॰ 2 पं॰ 1
51. वही, पृ॰ 2, पं॰ 1-2
52. वही, पृ॰ 2, पं॰ 2-3
53. न्यायप्रवेश, पृ॰ 2, पं॰ 3-4
54. नित्यशब्देनात्रानित्यत्वस्याभावः अकृतशब्देनापि कृतकत्वस्याभावः उच्यते।
    —न्यायप्रवेशवृत्ति, पृ॰ 18, पं॰ 22, 24
55. अभूतसाधनदोषोद्भावनानि दूषणाभासानि। न्या॰ प्र॰, पृ॰ 8, पं॰ 5-6
56. न्या॰ प्र॰, पृ॰ 8, पं॰ 6
57. न्या॰ बि॰ 3. 139
58. न्या॰ बि॰ टीका, पृ॰ 367
59. अभूतदोषोद्भावनानि जात्युत्तराणीति। न्या॰ बि॰ टीका, पृ॰ 368
60. भूतदूषणोद्भावना दूषणा। धर्मो॰ प्र॰, पृ॰ 254
61. अदृष्टे पक्षे पक्षदोषवचनम्। न्या॰ प्र॰, पृ॰ 8, पं॰ 6-7
62. सिद्धहेतुके सिद्धहेतुकवचनम्। वही, पं॰ 7
63. एकान्तहेतुकेनेकान्तहेतुकं वचनम्। वही, पं॰ 7-8
64. अविरुद्धहेतुके विरुद्धेतुकं वचनम्। वही, पं॰ 8-9
65. अदृष्टदृष्टान्तदृष्टदृष्टान्तदोषवचनम्। न्या॰ प्र॰, पृ॰ 8, पं॰ 9
66. न ह्येभिः परपक्षो दूष्यते। निरवद्यत्वात्तस्य। वही, पं॰ 10-11

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

शिवादित्य-कृत सप्तपदार्थी का वैशेषिक दर्शन को योगदान

भूपेन्द्र कुमार राठौर

शिवादित्यः प्रमितिविषयाः पदार्थाः इति पदार्थलक्षणादारभ्य स्वीयसप्तपदार्थ्यां नावीन्यमाश्रयते। तथा द्रव्यलक्षणं च द्रव्यत्वसामान्ययोगिगुणत्वसमवायिकारणमिति, अप्त्वजातिमत्यः शीतस्पर्शवत्यः आपः इति जललक्षणं, नित्यसम्बन्धः समवायः स चैक एव यः स्वयमसमवेत इति समवायलक्षणं तथैवाभावादिलक्षणेषु च नावीन्यं दर्शयति। तत्सर्वमत्र लेखे विस्तरेण प्रस्तूयते।

न्याय वैशेषिक के सिद्धान्तों को निर्बाध गति से आगे बढ़ाने वाले आचार्यों में शिवादित्य मिश्र कृत सप्तपदार्थी का विशिष्ट स्थान है। इसी से शिवादित्य मिश्र का नाम अमर हुआ है। यद्यपि ग्रन्थकार ने न्यायमाला, हेतुखण्डन, लक्षणमाला आदि ग्रन्थों का भी निर्माण किया है। हेतुखण्डन ग्रन्थ में उपाधिवार्तिक और अर्थापत्तिवार्तिक नामक शिवादित्य के अन्य दो ग्रन्थों की भी चर्चा है। शिवादित्य का लक्षणमाला ग्रन्थ प्रायः लुप्त हो चुका है। शिवादित्य मिश्र का समय उदयनाचार्य (१०२५-११०० ई.) के पश्चात् बादेन्द्र (११००-१२२५ई.) से पूर्व का है। पॉटर ने इनका जन्म (११००-११५० ई.) के मध्य माना है। गङ्गेशोपाध्याय ने निर्विकल्पक ज्ञान के विषय में शिवादित्य मिश्र की चर्चा की है।

व्यावर्तनीयम् अधितिष्ठति जगदिह साक्षाद्,
एतत् विषयसनमतौ विपरीतमन्यत दण्डि।
पुमानेति विशेषणमात्रदण्डः, पुन्सौ न जातिरनुदण्डमसौ च तस्य।।[१]

गंगेशोपाध्याय ने उदयनाचार्य का विशेषण और उपलक्षणा के सम्बन्ध में जो चर्चा की है, वहाँ शिवादित्य का भी उल्लेख है। भट्टवागीन्द्र के महाविद्या विडम्बन में शिवादित्य मिश्र की भी चर्चा है।[२] चित्सुखाचार्य ने तत्त्वप्रदीपिका में अनेक स्थलों पर शिवादित्य के विषय का उल्लेख किया है।[३] न्यायप्रसादिनी में

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

प्रत्यक्ष रूप में शिवादित्य मिश्र की 'लक्षणमाला' का उल्लेख मिलता है। चित्सुखाचार्य ने लक्षणमाला से ही अनेक सन्दर्भों को सामने रखा है। डॉ. दिनेशचन्द्र भट्टाचार्य के अनुसार 'लक्षणमाला' महाविद्या से सम्बन्धित ग्रन्थ है। वर्धमान उपाध्याय के अन्य-इच्छानयतत्त्वबोध[४] तथा जानकी नाथ भट्टाचार्य के न्यायसिद्धान्तमञ्जरी[५] में शिवादित्य मिश्र की चर्चा मिलती है। सप्तपदार्थी के आधार पर ही बाद में केशवमिश्र की तर्कभाषा, लोगाक्षिभास्कर की तर्ककौमुदी, जगदीशतर्कालंकार की तर्कामृत, विश्वनाथ की भाषापरिच्छेद तथा अन्नम्भट्ट का तर्कसंग्रह सामने आया है।

सप्तपदार्थी के नाम से ही स्पष्ट हो जाता है कि इनमें द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय और अभाव का विवेचन हुआ है। यद्यपि वैशेषिक दर्शन में सप्त पदार्थों की मान्यता है फिर भी शिवादित्य मिश्र से पहले विद्वानों ने कणादसूत्र का अनुसरण करते हुए छः पदार्थों का विवेचन किया है। ग्रन्थकार ने स्वयं लिखा है– कि पदार्थ सात होते हैं – **ते च द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेष-समवायाभावाख्याः सप्तैव।**[६] इस सत्ता के आधार पर ग्रन्थकार ने अपने ग्रन्थ का नाम सप्तपदार्थी लिखा है।

(१) पं. शिवादित्य ग्रन्थारम्भ में सांस्कृतिक परम्परा का पालन करते हुए भगवान् शंकर व गुरु को प्रणाम करते हैं–

हेतवे जगतामेवसंसारार्णवसेतवे।
प्रभवे सर्वविद्यानां शम्भवे गुरवे नमः।।[७]

(२) उद्देश्य खण्ड में सप्तपदार्थों का उल्लेख कर पदार्थ की परिभाषा में श्री मिश्र ने लिखा है कि– **प्रमितिविषयाः पदार्थाः** अर्थात् 'भौतिक जगत्' की वस्तुएँ ही नहीं अपितु अनुभव में आने वाले सब प्रमेय विषय पदार्थ हैं।

यहाँ **'ज्ञेयत्व'** के स्थान पर **'प्रमितिविषयत्व'** कहे जाने से इस ऐतिहासिक तथ्य पर प्रकाश पड़ता है कि शिवादित्य के समय तक 'पदार्थशास्त्र' वैशेषिक और 'प्रमाणशास्त्र' न्याय का समन्वय प्रारम्भ हो चुका था तथा वैशेषिक ने न्याय की प्रमाण-मीमांसा को अपना लिया था।

(३) सप्तपदार्थी में शिवादित्य मिश्र ने १-५५ सूत्रों का उद्देश्य खण्ड माना है। तथा ५६ से १६३ वें सूत्र तक लक्षण प्रकरण माना है।

(४) सप्तपदार्थी में द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय और अभाव इन सात पदार्थों का सम्यक् विवेचन मिलता है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

(५) सप्तपदार्थीकार ने द्रव्य की स्वतन्त्र परिभाषा दी है, उन्होंने लिखा है कि – **द्रव्यं तु द्रव्यत्वसामान्ययोगिगुणत्वसमवायिकारणं चेति।**[९] **तद्द्रव्याणि पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशकालदिगात्ममनांसि नवैव।**[१०] अर्थात् द्रव्य द्रव्यत्व जाति और गुण से युक्त समवायिकारण है, जो पृथिवी-जल-तेज-वायु-आकाश-काल-दिक्-आत्मा और मन से युक्त नौ ही हैं।

(I) लक्षण प्रकरण में सर्वप्रथम स्थान पृथिवी द्रव्य का है। पृथिवी, पृथिवीत्व रूप जाति विशेष के सम्बन्ध में गन्धवती है। गन्ध पृथिवी में समवाय सम्बन्ध से रहता है। पृथिवी नित्य और अनित्य है। नित्यपृथिवी परमाणुरूपा तथा अनित्यपृथिवी कार्यरूपा है। पुनः अनित्य पृथिवी भी शरीर, इन्द्रिय, और विषय के भेद से तीन प्रकार की है। शरीर (हम लोगों का) प्रत्यक्ष सिद्ध पार्थिव शरीर है। गन्ध की ग्राहिका घ्राण इन्द्रियपृथिवी है। विषय घटादि है। पृथिवी में चौदह गुण हैं, ये हैं– रूप-रस-गन्ध-स्पर्शसंख्या-परिणाम-पृथक्त्व-संयोग-विभाग-परत्व-अपरत्व-गुरुत्व-द्रवत्व तथा संस्कार।[११]

परमाणु :–सप्तपदार्थीकार ने परमाणु का लक्षण अवयवरहित क्रियावान् बताया है। अवयव, द्रव्य का समवायिकारण है।[१२]

शरीर :- सप्तपदार्थीकार ने शरीर को भोग का अन्त्यावयवी कहा है, जिसमें अवच्छिन्न होकर आत्मा सुख - दुःख का भोग करती है।[१३]

इन्द्रिय :- सप्तपदार्थीकार ने साक्षात्कार का साधन अतीन्द्रिय किया है।[१४]

विषय :- सप्तपदार्थीकार ने ज्ञायमान आत्मा के भोग के साधन को विषय कहा है।[१५]

(II) सप्तपदार्थीकार ने जल का लक्षण जलत्व जाति से युक्त शीतल स्पर्श वाला कहा है।[१६] यहाँ शिवादित्य ने प्रशस्तपाद[१७] तथा अन्नम्भट्ट[१८] के जल - लक्षण का समन्वय कर जल का लक्षण **अप्त्वजातिमत्यः शीतस्पर्शवत्यः आपः** दिया है।[१९]

(III) शिवादित्य ने तेज का लक्षण तेजस्त्व जाति से युक्त उष्णस्पर्श वाला द्रव्य तेज किया है।[२०] इस लक्षण में प्रशस्तपादाचार्य के तेज लक्षण[२१] तथा मानमनोहरकार के तेज लक्षण[२२] को समन्वित रूप देकर तेज द्रव्य के लक्षण की सिद्धि की है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

(IV) सप्तपदार्थीकार ने वायु का लक्षण वायुत्व जाति से युक्त अरूप किन्तु स्पर्शवान् किया है।[२३] यहाँ सप्तपदार्थीकार ने वायु को वायुत्व जाति से युक्त, रूपरहित, स्पर्शवान् द्रव्य माना है।

(V) सप्तपदार्थीकार ने आकाश का लक्षण शब्द गुण से युक्त किया है। आकाश की सिद्धि घटाकाशादि के भेद से भिन्न सर्वव्यापक स्पष्ट की है।[२४]

(VI) सूर्य परिवर्तनजन्य अपरत्व को असमवायिकरण का जो आधार है तथा जो परत्व अपरत्व का अधिकरण नहीं है, वही काल है।[२५] यह लक्षण देकर आचार्य ने इसकी उत्पत्ति, स्थिति और विनाश – तीन विशेषताएँ बतायी हैं।[२६]

(VII) सप्तपदार्थीकार ने दिशा की शास्त्रीय परिभाषा को लक्षित करते हुए लिखा है कि – परत्व, अपरत्व के असमवायिकरण का आधार, सूर्य के संयोगों से अनुत्पाद्य तथा अपरत्व का अनधिकरण जो द्रव्य है, वहीं दिशा है।[२७]

शिवादित्य ने उपाधिभेद से दिशा के एकादश भेद बताये हैं।[२८] इन्होंने ऐन्द्री, आग्नेयी, याम्या, नैर्ऋति, वारुणी, वायवी, कौबेरी, ऐशानी, नागी, ब्राह्मी के अतिरिक्त ग्यारहवीं दिशा 'रौद्री' को माना है। जो रुद्र की है तथा ऊर्ध्व एवं अधोदिशा के मध्य स्थित है, जिसे सामान्यतः अन्तरिक्ष कहा जाता है।[२९] वैशेषिक दर्शनानुसार दिशा में वस्तुतः एक ही संख्या पायी जाती है, किन्तु उपाधिवंश ही दिशा के दश या ग्यारह भेद मिलते हैं।[३०]

(VIII) सप्तपदार्थीकार ने आत्मा के लक्षण को परिभाषित करते हुए लिखा है कि आत्मत्व (जाति) के (समवाय) सम्बन्ध वाला बुद्धि गुण से युक्त आत्मा है।[३१]

(IX) सप्तपदार्थीकार ने मनस्त्व जाति से युक्त, स्पर्शशून्य, क्रिया का अधिकरण द्रव्य ही मन कहा है।[३२]

(6) वैशेषिक दर्शनसम्मत सात पदार्थों में द्वितीय पदार्थ गुण हैं। सप्त पदार्थीकार ने गुण का लक्षण गुणत्वजाति से युक्त, सामान्यवान् होने पर समवायिकरण से रहित अचलनात्मक कहा है।[३३] सप्तपदार्थी में रूप, रस आदि २४ गुणों का उल्लेख है।[३४]

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

(I) शिवादित्य ने चित्ररूप व चित्ररस की कल्पना की है।[३५]

(II) अनुमान प्रमाण में अन्वय, व्यतिरेक तथा अन्वयव्यतिरेक – तीन स्वरूपों की चर्चा मिलती है।[३६]

(III) प्रतिज्ञा-हेतु-उदाहरण-उपनय-निगमन – इन पञ्चावावय वाक्यों का विवेचन सप्तपदार्थी में है। जो न्यायदर्शन में पहले ही वर्णित है।[३७]

(IV) उपाधि का लक्षण इस प्रकार किया गया है – **उपाधिश्च साध्यव्यापकत्वे सति साध्य समवायि**[३८] तथा किरणावली में उदयनाचार्य ने **साध्य-व्यापकत्वे सति साधनाव्यापकत्व उपाधि**[३९] किया है।

(V) शिवादित्य मिश्र ने प्राचीन वैशेषिक दर्शन के अनुसार प्रत्यक्ष और अनुमान – दो ही प्रमाणों को माना है। अनुमान खण्ड का विवेचन कुछ संक्षेप में मिलता है।[४०]

(VI) दु:ख के २१ प्रकार बताये हैं।[४१]

(VII) सप्तपदार्थी में असिद्ध-विरुद्ध-अनेकान्तिक-अनध्यावासित-कालात्यापदिष्ट तथा प्रकरणसम हेत्वाभासों की चर्चा है।[४२]

(VIII) व्याप्ति में पक्षधर्मता के आधार पर सही अनुमान होता है। स्वप्नावस्था में अन्तः इन्द्रिय उस स्थिति में रहती है, जहाँ ज्ञानेन्द्रियाँ कार्य नहीं करती हैं।[४३]

(7) वैशेषिक दर्शनसम्मत सप्त पदार्थों में तृतीय पदार्थ कर्म है। कर्म के लक्षण में शिवादित्य ने लिखा है कि -प्रथम (आद्य) संयोग व विभाग के असमवायिकारण में रहने वाली कर्मत्व जाति कर्म है।[४४] कर्म के उत्क्षेपण, अपक्षेपण, आकुञ्चन, प्रसारण तथा गमन पाँच भेद हैं।[४५] शिवादित्य लिखते हैं कि उत्क्षेपणादि कर्मविहित, निषिद्ध तथा उदासीन रूप होते हैं।[४६]

(8) सामान्य पदार्थ के लक्षण में सप्तपदार्थीकार ने लिखा है कि नित्य एक और अनेकों में समवेत रहने वाला सामान्य पदार्थ है।[४७] सामान्य पर, अपर तथा परापर के भेद से तीन प्रकार का है।[४८] व्यापक मात्र अर्थात् अधिक देश वृत्ति में रहने वाला पर सामान्य है, जैसे-सत्ता। व्याप्य मात्र अर्थात् अल्पदेशवृत्ति में रहने वाला अपर सामान्य है, जैसे – घटत्वादि। व्याप्य-व्यापक रूप परापर सामान्य है, जैसे द्रव्यत्वादि। सामान्य को

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

जातिरूप और उपाधिरूप कहा है।[५१] सत्ता, द्रव्य, गुण एवं कर्म में रहने वाले समान तत्त्व जातिरूप हैं, पाचकत्व, अन्धत्व एवं अम्बत्व आदि उपाधिरूप हैं।

(9) शिवादित्य मिश्र ने विशेष का लक्षण सामान्य से रहित एक व्यक्ति में रहने वाली वृत्ति दिया है।[५१] इस लक्षण का वैशिष्ट्य यह है कि सामान्य- रहित रहने से यहाँ द्रव्य, गुण और कर्म तीनों की व्यावृत्ति हो जाती है तथा द्वितीय वाक्यांश से यह स्पष्ट किया गया है कि नित्य द्रव्य के साथ एक विशेष का समवाय होता है। विशेष प्रत्येक नित्य द्रव्य में पृथक्-पृथक् पाये जाने से तो अनन्त ही है। विशेष पूर्वोक्त द्रव्य-गुण-कर्म एवं सामान्य से पृथक् पदार्थ है, चूँकि ये केवल नित्य द्रव्यों में ही समवेत होकर रहते हैं।[५२]

(10) सप्तपदार्थीकार समवाय का लक्षण 'नित्य सम्बन्ध समवाय' देते हैं।[५३] समवाय एक ही है, जो स्वयं असमवेत ही होता है।

(11) शिवादित्य ने सप्तपदार्थी में अभाव का लक्षण दिया है- अभाव वह है, जिसका ज्ञान अपने प्रतियोगी के ज्ञान के अधीन होता है।[५४] अभाव के चार भेद हैं- प्रागभाव, प्रध्वंसाभाव, अत्यन्ताभाव, अन्योन्याभाव। प्रागभाव प्रतियोगी के भेद से अनन्त ही हैं।[५५]

(12) सप्तपदार्थीकार ने निःश्रेयस् (सिद्धि) का कारण ग्रन्थ में वर्णित तत्त्वों का ज्ञान बताया है।- एतेषां तत्त्वज्ञानं निःश्रेयस् हेतुः।[५६] यह शास्त्रज्ञान मोक्ष को देने वाला अर्थात् कल्याण का साधन है।[५७]

(IV) शिवादित्य ने ग्रन्थ की समाप्ति पर **'कीर्तिर्यस्य स जीवति'** को इस प्रकार अभिव्यक्त किया है-

सप्तद्वीपाधरायावत् यावत् सप्तधराधराः।
तावत्सप्तपदार्थीयमस्तु वस्तुप्रकाशिनी।।[५८]

निष्कर्षतः सप्तपदार्थी वैशेषिक दर्शन के सम्पूर्ण सिद्धान्तों का पाण्डित्यपूर्ण ढंग से बोध कराने में पूर्णतया सक्षम है। यह ग्रन्थ आदर्श प्रकरण ग्रन्थ के समान भारतीय दर्शन के तत्कालीन सारगर्भित उद्देश्यों की विवेचना करता है। फलतः यह ग्रन्थ तुलनात्मक एवं विवेचनात्मक भी है।

---

१. तत्त्वचिन्तामणि प्रत्यक्षखण्ड पृ. ८३९-३०
२. महाविद्याविडम्बन पृ. ७४, ७९, १०९

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

३. चित्सुखी पृ. १८३
४. अन्यइच्छानयतत्त्वबोध पृ. ६६ (प्रयाग)
५. न्यायसिद्धान्तमञ्जरी (History of Nyāya of Mithilā p. 63)
६. सप्तपदार्थी पृ. ३
७. हेतवे जगतामेव संसारार्णवसेतवे।
प्रभवे सर्वविद्यानां शम्भवे गुरवे नमः। सप्तपदार्थी पृ. - १
८. प्रमितिविषयाः पदार्थाः। सप्तपदार्थी पृ.-२
९. सप्तपदार्थी पृ. - ३
१०. सप्तपदार्थी पृ. - ५
११. सप्तपदार्थी पृ. - ६३, ११, १३७
१२. सप्तपदार्थी पृ. - ८८, ८९
१३. वही पृ. - ९१, १२, ९२
१४. वही पृ. - ९२
१५. वही पृ. - ९३
१६. वही पृ. - ६३
१७. प्रशस्तपादभाष्य पृ. - २६
१८. तर्कसंग्रह पृ. - ३१
१९. सप्तपदार्थी पृ. - ६३
२०. वही पृ. - ६४
२१. प्रशस्तपादभाष्य पृ. - २२
२२. मानमनोहर पृ. - १९
२३. सप्तपदार्थी पृ. - ६४
२४. सप्तपदार्थी पृ. - ६४
२५. सप्तपदार्थी पृ. - ६७
२६. सप्तपदार्थी पृ. - १८
२७. सप्तपदार्थी पृ. - ६६
२८. वही पृ. - १८
२९. वही पृ. - १८
३०. वैशेषिक दर्शन में पदार्थ निरूपण पृ. - १७४
३१. सप्तपदार्थी पृ. - ७०
३२. वही पृ. - ६८
३३. वही पृ. - ५६
३४. वही पृ. - ६
३५. वैशेषिक दर्शन में पदार्थ निरूपण पृ. - २८३
३६. शोधप्रबन्ध भूपेन्द्र कु० राठौर पृ. - ३७
३७. सप्तपदार्थी पृ. - ११६, ११७
३८. शोधप्रबन्ध भूपेन्द्र कु० राठौर पृ. - ३७
३९. वही पृ. - ३७

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

४०. वही पृ. - ३७
४१. सप्तपदार्थी पृ. - ५०
४२. सप्तपदार्थी पृ. - ११९ - १२२
४३. शोधप्रबन्ध भूपेन्द्र कु० राठौर पृ. - ३९
४४. सप्तपदार्थी पृ. - ५८
४५. वही पृ. - ७
४६. वही पृ. - ८३
४७. वही पृ. - ५८
४८. वही पृ. - ७
४९. वही पृ. - ८४
५०. वही पृ. - ४२
५१. वही पृ. - ६०
५२. वैशेषिक दर्शन में पदार्थ निरूपण पृ. - ४९५
सप्तपदार्थी पृ. - ८
५३. वही पृ. - ६१, १४३, ९
५४. सप्तपदार्थी पृ. - ६२
५५. वही पृ. - १०, ४३
५६. वही पृ. - ४९
५७. वही पृ. - १५२
५८. वही पृ. - १५३

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

मथुरा प्रसाद दीक्षित के सुभाषितों में समकालीनता

अजयकुमार मिश्र

मथुराप्रसाददीक्षितस्य सुभाषितानि भारतीयपरम्परा उपस्थापयन्ति पाश्चात्त्यशासनस्य विरुद्धं जनमानसं जाग्रति। एतैः सुभाषितानां परिभाषैव समसामयिकतामाश्रित्य परिवर्त्यमाना दृश्यते। विविधोदाहरणैः दीक्षितस्य सुभाषितानां समसामयिकतां प्रमाणयति लेखकोऽस्मिन् प्रस्तावे।

ग्लोबलाईजेशन के टाइफून के खिलाफ़ समसामयिक संस्कृत की जीवंतता को उजागृत करने के लिए ओझल साहित्यकारों को समुचित रूप से प्रकाश में लाना ही होगा। पाश्चात्य भाषाविद् डेल्जी ने भी अपनी पुस्तक लांग्येजैज़ इन डेंजर में अपनी-अपनी भाषा को जानने और उनकी हिफ़ाजत करने की जो वकालत की है उसे नज़रअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। अन्यथा संप्रेषणीयता की विविध बारीकियों से समृद्ध अलास्का के मूलवासियों की भाषा एयाक जैसा माहौल बनाने की कोशिश की जा सकती है, क्योंकि जैसे-जैसे अलास्का में गोरी हुकूमत ने अपना सिक्का जमाना शुरू किया और वहाँ के लोगों ने पूँजीवादी शैली की जीवनपद्धति को गले लगाना शुरू किया वैसे-वैसे ही ग्रामीण मछुआरों की यह एयाक भाषा अपने वजूद को खोते हुएं मृतभाषा की कोख़ में समाती चली गयी। जबकि उस इलाके के स्प्रूस नामक पेड़ की फुनगी से लेकर इनके जड़ों तक के अंगों-प्रत्यंगों तथा उनसे प्राप्त संसाधनों से जुड़े शब्द-संपदाओं की क़ाफ़ी प्रचुरता थी। इस भाषा के पास ताजा तथा जमी बर्फों के विविध प्रकारों के नामों का भी लोक-प्रयोग था। साथ ही साथ बर्फ के पिघलने पर जूतों पर लिपटने वाले चिंपचिपे कीचड़ के लिए भी विशेष शब्द-संधान था। लेकिन उस लोकसंस्कृति की भाषा की जीवंतता का अब कहीं कोई सवाल ही नहीं। लेकिन संस्कृत भाषा पुष्कल और अभ्यर्हरणीय शब्द-संपदाओं की अनुपम थाती है और इसकी गागर में सागर रूपी सटीक संप्रेषणीयता की इसी अचूक वैज्ञानिकता को आज संगणक विज्ञान भी दाद दे रहा है। विश्व के ख्यातिप्राप्त विज्ञान संस्थान नासा ने तो

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

संस्कृत-शब्दों के विपुल पर्यायों को लेकर अनुसंधानात्मक पहल की ओर भी कदम बढ़ाया है। इस भाषा का साहित्य तो पूरी दुनिया के मानव-जीवन, दर्शन तथा इनके संसाधनों से जुड़ी अकूत खजाना का ऊर्जागृह है। अतः संस्कृत भाषा की स्थिति एयाक की तरह तो कदापि नहीं हो सकती। लेकिन आज की सूचना प्राद्यौगिकी तकनीक के दौर में विज्ञापन/प्रचार के बल पर किसी भी चीज़ को झुठलाया जा सकता है, क्यों न वह थोड़े समय के लिए ही हो। अतः यह ज़रूरी है कि संस्कृत भाषा के आधुनिक साहित्य की जीवंतता को लेकर 'भेड़िया आया भेड़िया आया' रूपी जो मृत भाषा का अफवाह फैलाया जा रहा है, उससे नितान्त रूप में निजात पाने की ज़रूरत है। क्योंकि इतिहास और संस्कृति के बीच अन्योन्याश्रय संबंध होता है जिसका समन्वित कड़ी के रूप में साहित्य भी अपनी एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। लेकिन दुर्भाग्यवश हिन्दुस्तान के आधुनिक इतिहास के निर्माण में हिंदी, बांग्ला तथा अन्य भारतीय भाषाओं की सामग्रियाँ पढ़ने को तो मिलती हैं। लेकिन सुधीर चंद्र (लिटरेचर एंड सोसल कॅनसेस्सनेस इन क्लोनियल इंडिया, आक्सफोर्ड यूनीर्वसीटी प्रेस, दिल्ली, १९९२) सदृश जाने माने सांस्कृतिक इतिहासकारों के पास आधुनिक संस्कृत-साहित्य की सामग्रियाँ हाथ नहीं लग सकी हैं।

न केवल पाश्चात्य अपितु कुछ भारतीय विद्वानों के खेमों से भी यह आवाज़ उठी है कि आज संस्कृत की सर्जना मृतप्रायः साहित्य के कटघरे में खड़ी है। लेकिन व्यावसायिक शिक्षा के धक्का-मुक्की में न केवल संस्कृत-साहित्य अपितु कमोबेश सभी अव्यावसायिक भाषाओं और उनके साहित्यों का सामान्य पाठकों की उदासीनता का शिकार बनना लाजिमी रखता है। लेकिन यह भी ध्यान रहे कि साहित्यिक बाज़ार के क्षितिज पर उदासीनता का मँडराता यह बादल तत्कालीनता की ही घटा लिए है और समय आते ही श्याम मिथक की यह घटा अपने आप फट भी जायेगी। ग़ौरतलब़ है कि प्रौद्योगिकी विज्ञान तथा स्वास्थ्य विज्ञान की जगह इन दिनों मैनेजमेंट और संगणक विद्याओं का ही माहौल समय के साथ गर्म है। साहित्य किसी भी समाचार पत्र/मीडिया का विकल्प नहीं हो सकता है। यह तो इनके लिए संसाधन का काम करता है। साहित्य तो इतिहास की संस्कृति के निर्माण/पुनर्निर्माण में ठोस साक्ष्यों का आधार होता है और अख़बार आदि अपना तात्कालिक अंजाम देकर फिर नई ख़बर के फिराक में लग जाता है। आज भौतिक उत्थान के महाकुंभ में व्यावसायिक शिक्षा की गोताखोरी की बेशुमार भीड़ है। लेकिन समय के साथ नये व्यावसायिक माँग के सामने इन आयामों के रूझान का रंग भी फीका ही पड़ जाएगा। जीवन और इसके समसामयिक माँगों के शोर को साहित्य/संगीत ही तो मांझता है। अन्यथा जीवन

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

का अन्तः सौन्दर्य ही खतरे में पड़ जायेगा। सुभाषित वचन, सूक्तावली तो अपने साहित्य के मूल कथ्य तथा भावाभिव्यक्ति को सार रूप में कहने के लिए एक सख़्त डीवाइस का काम करते हैं। मथुरा प्रसाद दीक्षित की सूक्ति भारतीय परंपराओं/मान्यताओं के उपस्थापन के साथ-साथ समसामयिक सरोकारों तथा ब्रितानी हुकूमत के खिलाफ़ भी बड़े मारक और मन को बौखला देने वाली सुभाषित लस्तकों का सृजन है। इससे सुभाषित वचन की परिभाषा भी समसामयिकता के साथ बदलती नज़र आती है। इससे तस्दीक होता है कि आज की संस्कृत अपनी भाषा तथा साहित्य में समसामयिकता का पुट डालकर अपनी जीवंतता के नैन्तर्य को महफूज बनाये रखने में सर्वथा सक्षम है।

विश्व के प्रथम लिखित साहित्य के रूप में वेदों की तो सर्वमान्यता है ही और यह भी सच्चाई है कि किसी भी सामान्य संस्कृत पाठक को इसका एहसास ज़रूर होगा कि वेद, रामायण, महाभारत जितना अतीत में मंथन के विषय रहे हैं आज भी उतना ही गवेषकों के लिए चिंतन के विषय बने हुए हैं। यहाँ यह भी साफ़ कर देना ठीक ही होगा कि संस्कृत के कवि/लेखक निरन्तर भारतीय उपजीव्य, प्रतिनिधि काव्यों, महाकाव्यों में समसामयिकता के भाव-संचार के साथ निरन्तर अपनी सर्जना के दौर में सर्वथा संलग्न हैं। मथुरा प्रसाद दीक्षित ने भी जहाँ अपने राष्ट्रीय, पौराणिक तथा दार्शनिक नाटकों में इन उपजीव्यों को अपना बिम्ब बनाया है वहीं अंग्रेज़ी हुकूमत से जूझते भारतीय जनमानस की मनोव्यथा, आशा निराशा और सुख दुःख-अनुभूति का बड़ा ही जीवंत अंकन प्रस्तुत किया है। भारतविजय तथा गांधिविजय नाटकों में सुभाषित वचनों के बदलते तेवर और उनमें उत्कट राष्ट्रीय भावनाओं को बड़े साकार रूप में पढ़ा जा सकता है। भारतमाता अंग्रेज़ों को यमराज के यहाँ भेजने की चेतावनी देती हुई कहती हैं– अपकारस्य कर्तारमुपकारविलोपकम्। त्वां चपेटाप्रहारेण यमालयमहं नये। (स.अ., पृ. १७७)। उसी प्रकार लोकमान्य तिलक के कथन में उनकी उग्रवादी मानसिकता की झलक स्पष्टतः देखी जा सकती है क्योंकि उनके हिसाब से जो थप्पड़ मारे, उसका प्रतीकार डंडे से करना चाहिए – चपेटयोपहन्याद्यस्तस्य दण्डैः प्रतिक्रिया। (भारतविना, ष.अ., पृ. १४६)। इस उग्र राष्ट्रवादी स्वर में तल्ख़ी राष्ट्रीय सुभाषित वचन के नये अंदाज का तेवर पढ़ा जा सकता है।

किसी भी भाषा की सुभाषित या सूक्ति-वचन अपने साहित्य के संस्कारों तथा अपनी भाषा-भाषियों के विचारों को समझने-समझाने के लिए बड़ा ही ठोस का अंतःसाक्ष्य हो सकता है। यही कारण है कि जो संस्कृत भाषा में ग्रथित सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक तथा समसामयिक आयामों को खोजना चाहते हैं

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

उन्हें संस्कृत की सुभाषितावली पर ध्यान देना ही होगा। इस प्रसंग में भारतीय इतिहास के आइरन हिस्ट्री के जन्मदाता विख्यात गणितज्ञ डी.डी. कौशाम्बी का संस्कृत-सुभाषितों के प्रति आकर्षण की बात नहीं भूलनी चाहिए, जिसका जिक्र सुभाषितरत्नभण्डागार के परिचय में एन.के. आचार्य ने किया है। ग़ौरतलब़ है कि भाषा-वैज्ञानिक अध्ययन की दृष्टि से भी इन सूक्तिवचनों, कहावतों, मुहावरों का मूल्यांकन काफ़ी मायने रख सकता है। यदि संस्कृत की इसकी भगिनी-भाषाओं के साथ तुलनात्मक अध्ययन किया जाय तो इससे न केवल संस्कृत भाषा के उत्तरोत्तर सांस्कृतिक/भाषिक सरोकारों का अन्वेषण किया जा सकता है, बल्कि इसके समकालीन भाषाओं तथा साहित्यों के भी अंदरूनी तार खोजे जा सकते हैं। यहाँ यह भी साफ़ करना ज़रूरी है कि लोगों के बीच सामान्यतः यही अवधारणा बन गयी है कि कई देशी तथा विदेशी भाषाओं पर संस्कृत का ही प्रभाव है। लेकिन यह भी बड़ा हक़ीक़तभरा तथ्य है कि बींसवीं शताब्दी में भारतीय साहित्य के अनेक शब्दों को भी संस्कृत भाषा में पचाया गया है जो यथार्थ भाषिक मेल-जोल के साथ-साथ इस बात की भी पुष्टि करता है कि संस्कृत भाषा अपनी संप्रेषणीयता की खुशबू में हिन्दुस्तानी अदबों के शब्द-गुच्छ के गूँथने में कहीं कोई कोताही नहीं करनी चाहती है। शब्द-संपदा की यह लेन-देन की संस्कृति निश्चित रूप से संस्कृत भाषा को समसामयिक तथा तरोताजा बनाती नज़र आती है। इस सिलसिले में मुहावरों, सूक्तियों की परिपाटी भी इसकी ताजगी में और इज़ाफ़ा ही करती है तो यह सवाल कहाँ से उठता है कि समसामयिक संस्कृत और इसकी भाषा तथा साहित्य की ऊर्जस्विता आज धूमिल है? इस मामले में दैनिक अख़बार टाइम्स आफ इंडिया (संस्कृत सिम्पलीफाई इटसेल्फ, चंदन शर्मा, दिल्ली २१ अगस्त २०००) की ख़बर भी पढ़ी जा सकती है जिसमें मैंने भी संस्कृत की जीवंतता को लेकर कुछ पक्षों को उठाने का भरसक प्रयास किया है। श्री एन.आर. आचार्य ने भी सूक्ति-वचनों को महत्त्व दिया है।[१]

सामान्यतः संस्कृत भाषा के क्लासिकल ग्रंथों के विषय में भी यही अवधारणा है कि इसमें ही सुभाषित वचनों या श्लोकों की थाथी सन्निहित है। ऐसे विचारों को क्यों न मान्यता मिले, क्योंकि भारतीय संस्कृति का चिंतन और आम जनजीवन पर संस्कृत भाषा के क्लासिकल तेवर आदि का इतना गहरा और व्यापक प्रभाव व्याप्त है कि उनके आकर्षण तथा अनुचिंतन के नॉस्टॉल्जिया से बाहर हम निकल ही नहीं पाते हैं। ध्यातव्य है कि हिन्दू धर्म मात्र धर्म ही नहीं अपितु जीवन शैली का उत्तरोत्तर गुणात्मक विकास भी है। यही कारण है कि इस संस्कृति में जितना आस्तिक दर्शन को महत्त्व दिया गया है उतना ही चार्वाक जैसे नास्तिक मतों को भी तरजीह दी गयी है। विचारों का यही समन्वित मंथन और

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

सृजन हिन्दू धर्म की कालजयिता को हमेशा प्राणवान बनाये रखता है। यहाँ नोबल पुरस्कार विजेता और विख्यात अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का विचार भी कोई कम महत्त्व का नहीं है जिसमें उनका मानना है कि हिन्दू-मुस्लिम एकता की बात कोई आकस्मिक घटना नहीं थी बल्कि यह भारतीय संस्कृति को एकीकरण की एक स्थायी रूझान वाली थी।[२] उसी प्रकार लिशवेथ लिट्रप (Lisbeth Littrup) का भी मानना है कि आज के साहित्य में सांप्रदायिक सद्भाव और विवेक भाव को उचित स्थान दिया गया है।[३] इसमें कोई शक नहीं कि इस गुणात्मक रूझान के पीछे यूरोप के पुनर्जागरण का भी तत्कालीन प्रभाव रहा हो।

अत: संस्कृत के क्लासिकल ग्रंथों में संन्निहित सुभाषित वचनों के अध्ययन के अलावा इसकी समसामयिक रचनाओं में ग्रथित सूक्तियों को भी उजागृत करने की बड़ी आवश्यकता है। इसलिए भी कि इससे संस्कृत भाषा की सूक्तियों के विविध दृष्टियों से गवेषणा के समालोचनात्मक नज़रिए में नयापन भी आएगा। साथ ही साथ संस्कृत भाषा के आधुनिक काल खंड से जुड़े संस्कृत भाषा के मृतप्राय: होने की जो मान्यता की घुड़दौड़ इस भाषा और साहित्य की पहचान को ही रौंदने के फिराक में लगी है, उसे इस नयी पहल से कम से कम इसका तो एहसास होगा ही कि संस्कृत भाषा अपनी प्राचीन तथा मध्यकालीन समसामयिकता के फलसफे को अपने शब्दों में गूँथती हुई आज भी बड़े जीवंत सुभाषितों के रूप में पुष्पित एवं प्रफुल्लित है। अत: संस्कृत भाषा के सामाजिक, राजनैतिक या धार्मिक सरोकारों की अग्नि कुण्ड में जो पाश्चात्य (कुछ भारतीय विद्वान् भी) चिंतनों की राख़ का ढेर जमा किया जा रहा है उसकी भी थोड़ी सफाई की जा सके।

मथुरा प्रसाद दीक्षित के रूपकों के सुभाषित वचनों के आकलन से भान होता है कि इनकी सूक्तियाँ प्राचीन परंपरा तथा आधुनिक संदर्भों का बड़ा ही ललित, सरल तथा मनोहारी समन्वित भावनाओं का प्रतिनिधि करती हैं जिनमें जहाँ वेद, पुराण, धर्मशास्त्रीय मूल्यों के सहकारी भाव का समावेश है, वहीं समसामयिक संस्कारों, मान्यताओं, रीति-रीवाजों, अत्युत्कट राष्ट्रीयता तथा सत्ता प्रतिरोधी मारक स्वरों के साथ-साथ कई समकालीन ज्वलन्त समस्याओं की भी बड़े तल्ख़ी तेवरों की गूँज विस्फारित है। इन अनूठे सुभाषित वाक्यों में भाव की अतिरंजित मर्यादा के पलड़े के भारीपन की जगह यथार्थ और कटु सत्य के ही भार का अधिक दबाव है। इसमें संस्कृत भाषा पर लगे दरबारी संस्कृति के आरोप की जगह इसके जनमानस से जुड़ी प्राणवत्ता की भी सिद्धि होती है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

साहित्य संस्कृति का अंतःसाक्ष्य होता है और जाहिर सी बात है कि दीक्षित जी के सूक्ति सुधा कलश में भी समाज के तत्कालीन ताने-बाने के नाना बिम्बों का प्रतिबिम्बन दिखता है। अतः इन्होंने अपनी सुभाषितावली के माध्यम से संस्कृत भाषा की समसामयिकता तथा ऊर्जस्विता को सर्वथा प्रस्फुटित किया है। अतः संस्कृत भाषा के आधुनिक साहित्य में भी सुभाषित वचनों की अकूत संपत्ति निहित है और दीक्षित जी के सुभाषितों को पढ़ने से स्पष्ट होता है कि उनके भावों में जहाँ प्राचीन तथा मध्यकालीन सुभाषित वचनों, भारतीय धर्मशास्त्रों तथा रीति रिवाजों का समन्वय है वहीं आधुनिक युगीन चिंतनों के जो तत्त्व या ज्ञान मीमांसीय परिप्रेक्ष्य हैं उन सरोकारों का भी इनमें बड़ा ही जीवंत चित्रण है। इससे भी स्पष्ट होता है कि संस्कृत भाषा का आधुनिक साहित्य भी अपनी उत्तरोत्तर भाषिक प्रवाह तथा तरोताजा बिम्बों के साथ निरन्तर ऊर्मित है। लेकिन यहाँ यह भी स्पष्ट कर देना उचित ही होगा कि संस्कृत भाषा में निहित सुभाषित वचनों को लेकर जो मूलभूत ग्रंथों में इनका संकलन प्रस्तुत किया गया है उनका ऑफसेट संस्करण के अलावा और अधिक कुछ नहीं दिखता है। संभवतः वामन शिवराम आप्टे के बाद संस्कृत शब्द कोषों के साथ भी कमोबेश यही हुआ है। यद्यपि फिलहाल के वर्षों में छपे हिंदी, मराठी, आंग्ल तथा संस्कृत में बहुभाषिक उपयोगी शब्दकोष व्यवहारकोषः (एस.एन. कुलकर्णी, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, २००५ ई.) एक अभ्यर्हणीय प्रयास माना जाना चाहिए। इन सब कारणों से साफ़ है कि हम संस्कृत भाषा के उत्तरोत्तर साहित्य के बिम्बात्मक तथा इसके समसामयिक सरोकारों से अपने आपको ओझल ही करते रहे हैं। यही कारण है कि आधुनिक संस्कृत साहित्य में सन्निहित सूक्ति-वचनों का अभिनव संग्रहपूर्ण प्रकाशन के नाम पर कहीं कोई यथोचित सामग्री पढ़ने को नहीं मिलती है। यह बात अलग है कि नदीष्ण विद्वान् आचार्य सत्यव्रत शास्त्री के रचना संसार में सृजित मनभावन और ललित सुभाषित वचनों का हिन्दी अनुवाद के साथ अच्छा प्रकाशन (सूक्ति सुधा, प्रवीण प्रलयङ्कर, मुजफ्फरपुर २००३ ई.) प्रकाश में आया है। इसके अतिरिक्त आचार्य सत्यव्रत शास्त्री ने सुभाषितसाहस्त्री (राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, दिल्ली २००५ ई.), आचार्य कपिल द्विवेदी और रामजी उपाध्याय ने भी क्रमशः पिछले संकलित संस्कृत सुभाषित वचनों से कुछ हटकर संस्कृत साहित्य में निहित अन्य सूक्तियों को पाठक तक परोसने का अच्छा प्रयास किया है। डॉ. शशि तिवारी ने भी प्रकाशन विभाग से एक अच्छी सुभाषित पुस्तिका का संग्रह प्रस्तुत किया है। उसी प्रकार सुभाषित तरङ्गिणी (मुल्कराजे शर्मा, विद्यानिधि प्रकाशन, दिल्ली, २००१ ई.) तथा विश्व संस्कृत सूक्ति कोश (महामहोपाध्याय ललितप्रभ सागर, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर २००१ ई.) भी पठनीय हो सकते

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

हैं। विश्व सूक्ति कोश (श्री शरण, आर्य बुक डिपो, १९९१ ई., दिल्ली) में भी देशी-विदेशी भाषाओं की सूक्तियों के अलावा संस्कृत के क्लासिकल विद्वान् कवियों की वाणी को भी समुचित स्थान दिया गया है। सद्यः प्रकाशित पाँच सौ संस्कृत कवियों के रचित तरानों का सदुक्तिकर्णामृत (श्रींधर दास, १२वीं सदी) सुकवि तथा प्रखर समीक्षक आचार्य राधावल्लभ त्रिपाठी द्वारा मूल के साथ इसका पहली बार हिंदी अनुवाद (साहित्य अकादेमी, दिल्ली, २००७ ई.) के साथ छपना इसीलिए भी मायने रखता है कि इसमें पाठक समाज मूल संस्कृत के साथ साथ मूल हिंदी कविताओं की सरसता के साथ पूर्ण आनंद की अनुभूति कर सकता है क्योंकि इसके कुल पाँच सौ कवियों के तेईस सौ अस्सी पद्यों वाले हिंदी तर्जुमा में तत्सम भरे शब्दों का काठिन्य थोड़ा भी नहीं झलकता है और इनमें ऐसे तद्भव तथा देशज शब्दों का प्रयोग किया गया है जो आम आदमी के इस्तेमाल के आस-पास के ही लगते हैं। अतः इस मुक्तक छंद वाले ललित अनुवाद को एक मौलिक तथा तरोताजा संस्करण माना जा सकता है। इस प्रकार इसे संस्कृत के क्लासिकल अभिजात्यीयता के बँधन को हिंदी भाषा के माध्यम से तोड़ते हुए संस्कृत तथा हिंदी भाषा की एक अच्छी आपसी सूझबूझ माना जाना चाहिए। कविरत्न डॉ. कृष्ण लाल के संपादकत्व में विद्वानों ने संस्कृत नाट्य (डॉ. प्रवेश सक्सेना), गद्य (डॉ. हरिदत्त शर्मा) तथा शास्त्र (डॉ. रामप्रताप तिवारी) से जुड़े सुभाषितों का हिंदी अंग्रेज़ी अनुवाद के साथ साथ आधुनिक संस्कृत नाट्योल्लिखित (डॉ. गंगाधर पण्डा) सूक्तियों का भी हिंदी अंग्रेज़ी अनुवाद (दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली) के साथ अच्छा प्रकाशन किया है।

ध्यातव्य है कि कवीन्द्र वचन समुच्चय (ग्यारहवीं शती) सबसे पुराना सुभाषित संग्रह माना जाता है और इसके बाद तेरहवीं से सत्रहवीं शती के बीच भी सूक्ति कर्णामृत (श्रीधर दास), सूक्ति मुक्तावली (जल्हन), शार्ङ्गधर पद्धति (शार्ङ्गधर), पद्यावली (रूपगोस्वामी), पद्य वेणी (वेणी दत्त), सूक्ति रत्नहार (सूर्य कलिंग राय), सुभाषितावली (वल्लभ देव), पद्यरचना (लक्ष्मण दत्त अंकोलकर), सुभाषित हारावलि (हरि कवि) तथा पद्यामृत तरंगिणी (हरि भास्कर) जैसे सूक्ति स्तबकों के संकलनों का प्रकाशन होता रहा है। उसी प्रकार फिलहाल के अर्धदशक में भी इस दिशा में अच्छे संचयन प्रकाश में आये हैं। इनमें राष्ट्र-मञ्जूषा (वेद प्रकाश शास्त्री तथा डॉ. पूरन चंद टंडन, नीता प्रकाशन, दिल्ली, २००४) भी अच्छा इसीलिए भी माना जा सकता है कि इसमें राष्ट्र तथा इसके विविध आयामों और अंगों तथा उपांगों को लेकर जो सुभाषित वचन संस्कृत साहित्य में निहित हैं उनको विषयगत सूचीबद्ध किया गया है और इसके परिशिष्ट में इनके विषयपरक श्लोकों की संख्या भी छपी है। इससे पाठकों की

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

सुविधा और बढ़ा दी गयी है। अतः इस सूक्ति कोष की संकलन-कला अपने आपमें थोड़ा नयापन लिए भी लगता है। इसी प्रकाशन से श्री वेद प्रकाश शास्त्री और डॉ. शशिकान्त पाण्डेय ने भी मिलकर शिक्षा–मञ्जूषा (२००२ ई.) नामक ग्रंथ का अच्छा संपादन किया है। इन दोनों में मूल के साथ इनका हिंदी तथा अंग्रेज़ी अनुवाद कर संस्कृत सुभाषित वचनों की पाठकीयता में और इज़ाफा किया है। लेकिन आचार्य दिवाकर दत्त शर्मा रचित सुभाषित वचनावली (महापुरुषवचनामृतम् (संस्कृत शोध संस्थानम्, शिमला १९९८ ई.) संस्कृत के सामान्य सुभाषित वचना-गुच्छ से थोड़ा हटकर इसीलिए भी माना जा सकता है कि विद्वान् कवि ने महर्षि अरविंद, ईसा मसीह, गुरु नानक, स्वामी दयानन्द सरस्वती, आचार्य विनोवा भावे, महावीर, हजरत मुहम्मद, रवीन्द्रनाथ टैगोर, रामकृष्ण परमहंस, रामतीर्थ, विवेकानन्द तथा महात्मा गांधी के दर्शनों को संस्कृत पद्यों में रूपान्तरित कर जहाँ संस्कृत भाषा के सुभाषित वचनों को विश्व दर्शन के सहकार संस्कृति के रूप में पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया है वहीं भाषा की दृष्टि से संस्कृत साहित्य को नया आयाम देकर इसकी भाषिक बिम्बों को भी बहुरंगी बनाया है। इससे संस्कृत भाषा की ग्रहनशीलता तथा समन्वित संप्रेषणीयता और मुखरित होता दिखता है। आपसी मेल-जोल तथा भाईचारे के भावों को लेकर ईसा मसीह का विचार अभिव्यक्त करते कवि लिखता है– बन्धुभिः सह वैरेण हिंसकः कथ्यते नरः।।२।। इसी प्रकार महात्मा गांधी की अपृश्यता विरोधी अवधारणा भी पठनीय है – अस्पृश्यताकलङ्कोऽयं भारते चिरकालतः।।४।। युवा शक्ति स्वामी विवेकानंद के कर्मप्रधान संस्कृति और विश्वबन्धुत्व के भाव का आचार्य शर्मा ने इन मनोरम शब्दों में ताना-बाना गूँथा है – अतिरिच्य क्रियाशक्तिं तितिक्षा प्रबलायते, घृणाबलं विहायाथ बलं प्रेम्णोऽतिरिच्यते।।१।। यहाँ यह भी साफ़ कर देना बिल्कुल जायज़ होगा कि देशी या पाश्चात्य विद्वानों ने जो कुछ भी मानव तथा इसके विविध प्रसंगों के विषयों में उदात्त भाव की स्थापना की है वह संस्कृत वाङ्मय में भी संनिहित है। समूची दुनिया आचार्य अरविंद के महामानव के अवधारणा की दृष्टि से बिल्कुल साम्य रखती है और संसार की सभी मानव-जातियाँ मूलतः करुणा, आशा, निराशा, सुख-दुःख और जीवन के विविध क्षेत्रों के प्रसंगों के प्रश्नों के स्वर भी एक ही हैं। अतः हम पाते हैं कि संस्कृत-साहित्य की थाती ने इन महापुरुषों के लिए बौद्धिक/चारित्रिक संसाधनों का काम किया है और इन विचारों की साम्यता की कसौटी पर यहीं आकर विश्वमानव चिंतन की अवधारणा अपनी समग्रता का भाव प्रकट करता है। ग़ौरतलब है कि आचार्य शर्मा ने जहाँ इन तथ्यों को अन्य दार्शनिकों के मतों के तर्जुमा के जरिए संस्कृत भाषा तथा साहित्य के लिए अच्छी सामग्री जुटायी है वहीं मथुरा प्रसाद दीक्षित के नाटकों में भी विशेष

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

कर शंकरविजय, वीरप्रताप, वीरपृथ्वीराज तथा भारतविजय में भी ख़ास तौर पर पढ़ा जा सकता है जो पाठकों को सीधा संस्कृत भाषा के माध्यम से ही परोसा गया है जो तथ्य संस्कृत भाषा की समीचीनता को भी इंगित करता है। दीक्षित जी की ऐसी कई सूक्तियाँ संस्कृत भाषा को बड़ी तरोताजा और प्रासंगिक बनाती नज़र आती हैं। इससे संस्कृत भाषा के आधुनिक साहित्य की जीवंतता और समसामयिकता स्वतः ही प्रस्फुटित होती दिखती है। लेकिन यह कहना कोई ग़लत नहीं होगा कि सुभाषितरत्नभाण्डागार (चौदहवीं शताब्दी के आसपास) ही अभी तक सुभाषित वचनों की दृष्टि से लेखकों के लिए पावर हाउस का काम करता नज़र आता है और सुभाषित वचनों का यह माइट्रोकॉन्ड्रिया अपने आने वाली पीढ़ी को इतना न रीझता रहा है कि लेखकों, समीक्षकों ने इसके बाद के संस्कृत में लिखित सुभाषित वचनों को जंग फूड मानकर साहित्य के अन्ताराष्ट्रीय बाज़ार से संस्कृत क्लासिकल के नाम पर समसामयिक सर्जनाओं और उनमें लिखित ललित सूक्तियों को कोई तरजीह ही नहीं दी। इन सब कारणों से भी संस्कृत भाषा के आधुनिक साहित्य के विषय में आज यह मिथक फैलाने की साज़िश रची जा रही है कि इसने अपनी रचनाधर्मिता ही खो दी है। अतः याद रहे कि किसी भी साहित्य के कालखण्ड को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही करना उसके इतिहास और संस्कृति के साथ ही अन्याय करना है। साथ ही साथ उसकी समसामयिकता को भी और अधिक अतीत के होम सिक्नेंस में धकेल कर उसकी सांप्रतिक सामाजिक, सांस्कृतिक चेतनाओं पर कुठाराघात करना है। यहाँ महाभारत के जाने माने विद्वान् ई. डब्ल्यू. हॉपकिंस के ऑटोमिस्टिक मेथड थ्योरी के फलसफे को नज़र अंदाज नहीं किया जाना चाहिए, जिस सिद्धांत के तहत उसके द्वारा यह मिथक फैलाने की कोशिश की गयी कि महाभारत में पाठ नाम की कोई वस्तु नहीं है। बल्कि इसमें समय समय पर धुँधली तथा असंबद्ध कल्पनाओं को जोड़ने के प्रयासों से अधिक और कुछ नहीं अर्थात् यह नेबुलस मास ऑफ इंकाग्रुंइटिज़ है। इसी विद्वान् का यह भी मानना है कि भारत के पास न इतिहास की अवधारणा है और न ही इसके पास इसे सुरक्षित रखने का कोई प्रावधान। (रामायण, महाभारत चिंतन की भारतीय एवं पाश्चात्य परंपरा, डॉ. अजय कुमार मिश्र, भाषा, जनवरी–फरवरी २००८ केंद्रीय हिंदी निदेशालय, दिल्ली।)। यहाँ हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि जी. वाइको (१७२५ ई.) एवं हर्डर (१७७४ ई.) की सार्थक पहल के बाद ही पाश्चात्य दुनिया में ऐतिहासिक चेतना तथा चिंतन की शुरूआत हुई जबकि संस्कृत वाङ्मय में इससे हजारों वर्ष पूर्व इतिहासमाचक्षते (निरुक्त), चतुर्थमितिहासपुराणं पंचमं वेदानां वेदम् (छांदोग्य उपनिषद् ७–२), इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत् (१/२६७) तथा सर्गश्च

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वंतराणि। आदि अनेक ऐतिहासिक चेतनाओं का पक्का साक्ष्य भारतीय साहित्यिक दस्तावेज़ों में सुरक्षित है। विदेशी विद्वानों ने तो इतिहास के लिए हिस्ट्री शब्द का प्रयोग किया है। जो इंक्वायरी के अर्थ में संभावनामूलक ही है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में अमेरिका से छपने वाली विश्व की जानी मानी साहित्यिक पत्रिका न्यूर्याकर तथा ग्रांटा ने जो हिन्दुस्तान की आज़ादी की लड़ाई से जुड़े अपने स्वर्ण जयंती विशेषांक में यह हवाला दिया है कि भारत की आज़ादी के बाद जो भी भारतीय साहित्य में सृजन हुए हैं, यदि उनमें सआदत मंटो सरीके एक दो लेखकों का नाम हटा दिया जाय तो हम पाते हैं कि इनमें राष्ट्रवादी सरोकारों की रचनाओं का सर्वथा अभाव ही है। लेकिन इसके पीछे विदेशी बुद्धिजीवियों द्वारा भारतीय अदब पर जो सांस्कृतिक आक्रमण की साज़िश रची गयी है वह भी ग़ौरतलब है क्योंकि औपनिवेशिक गुलामी से निजाद मिलने के बाद अब साहित्यिक गुलामी के जाल में हमें फाँसने की तैयारी चल रही है। इसीलिए भी कि किसी भी मुल्क के साहित्य के साथ छेड़-छाड़ करना उसकी संस्कृति को तोड़ने-मरोड़ने का प्रयास है। सेटेनिक वर्सेज (सलमान रश्दी) या लज्जा (तसलीमा नसरीन) पर प्रतिबंध लगते ही साहित्यिक बाज़ारों के खेमों में गुटबाजी का माहौल रातों-रात गर्म हो जाता है। ज़बकि मथुरा प्रसाद दीक्षित के भारतविजय नाटक को इसीलिए ज़ब्त कर लिया जाता है कि उन्होंने अपनी उत्कट राष्ट्रवादी चेतना के नवोन्मेषशालिनी और राजनीति की मारक काव्य प्रतिभा की शक्ति और सूझबूझ के कारण आज़ादी के दस साल पूर्व ही (१९३७ ई.) इस नाटक में भविष्यवाणी की थी कि अंग्रेज़ हिन्दुस्तान को महात्मा गाँधी के नेतृत्व में सौंप कर स्वदेश चले जाएँगे और अंततः दस साल बाद यही हुआ भी। फलतः पाण्डुलिपि की अवस्था में ही इसे अंग्रेज़ी सरकार द्वारा ज़ब्त कर लिया गया।[४] हालाँकि केन्द्रीय साहित्य अकादमी से प्रकाशित पुस्तक में प्रो. के.एम. जार्ज का यह विचार कुछ अप्रमाणिकता की खरोंच लिए भी दिखता है क्योंकि भारतविजय नाटक के तृतीय संस्करण (२००९ वैक्रमाब्द) से पता चलता है कि तत्कालीन शिक्षामंत्री श्री संपूर्णानन्द जी ने जब १९४६ ई. में यह नाटक देखने के लिए मँगवाया तो इसे उनके पास इसीलिए नहीं भेजा जा सका, क्योंकि उस समय इसकी एकमात्र पाण्डुलिपि ही उपलब्ध थी। अतः मथुरा प्रसाद दीक्षित स्वयं इसे १९४७ ई. में शिक्षा मंत्री के पास ले जा सके। प्रो. जार्ज द्वारा इस नाटक के लेखक के रूप में मथुरा प्रसाद दीक्षित की जगह मथुरानाथ दीक्षित लिखा जाना भी चूक ही है।[५] साथ ही साथ इसका प्रकाशन वर्ष (जबकि आज़ादी के ब्रह्मवेला में इसका

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

प्रकाशन हुआ है) को लेकर भी प्रो. जार्ज की कथन भ्रामकता की स्थिति उत्पन्न करती है।[६]

दीक्षित जी को सोलन (शिमला) नरेश श्री दुर्गा सिंह का राज्याश्रय प्राप्त था और वहाँ के राजा ने देश की तात्कालिक हालात और गोरी हुकूमत के खौफ़ को देखते हुए भारतविजय नाटक की पाण्डुलिपि को स्वयं अपने ही पास रख लिया और अंततः आज़ादी के बाद ही इसका छपना संभव हो सका। प्रस्तुत नाटक को लेकर इस प्रकार की आधी-अधूरी सूचना भी साहित्य के इतिहास और आधुनिक संस्कृत साहित्य के बीच लड़खड़ाते रिश्तों को स्पष्ट करता है। जबकि इस घटना से तत्कालीन संस्कृत भाषा की जीवटता और जीवंतता तथा रजवाड़े के बीच कशमकश की खींचातानी के तनावों को सहज ही एहसास किया जा सकता है। इस मायने में यह भी नहीं भूलना चाहिए कि न केवल संस्कृत-साहित्य अपितु कमोबेश सभी भारतीय साहित्य ने अपने मुल्क की राजनैतिक स्वतंत्रता के बहुत पहले ही अपनी समग्र बौद्धिक स्वतंत्रता का खुलकर एलान कर दिया था। (स्वतंत्रता संग्राम और संस्कृत पत्रिकाएँ, अजय कुमार मिश्र, समकालीन भारतीय साहित्य, साहित्य अकादेमी, दिल्ली, सितंबर अक्तूबर १९९८)। इस हकीकत को नज़र अंदाज नहीं किया जा सकता कि मथुरा प्रसाद दीक्षित को भी अन्य निर्भीक रचनाकारों की तरह ही राज्य और साहित्य के मूल्यों में मूलभूत भेदों की अन्तर्दृष्टि थी। राज्य का मूलतः मूल्य निर्धारण इसकी शक्ति और संप्रभुता तथा सार्वभौमिकता के आधार पर ही अन्य राज्यों, मुल्कों तथा गुटों से रिश्ता कायम होता है। और इसका भी ध्यान रहे कि वघाट नरेश (सोलन, शिमला) श्री दुर्गा सिंह ने इसी फलसफे के तहत ही तत्कालीन औपनिवेशिक हुकूमत के खौफ़ को देखते हुए भारतविजय नाटक की पाण्डुलिपि को अपने पास रखकर ज़ब्त कर लिया। जब किसी रचनाकार की स्वतंत्रता/अभिव्यक्ति पर किसी भी प्रकार का अंकुश लगाया जाता है तो सत्ता अपनी इन्हीं हरकतों को गौरवान्वित करने के लिए अपने विज्ञापनों/ताकतों के संसाधनों को उसमें झोंक देती है। इस प्रकार अंततः इसका प्रतिफल न्यूटन का तीसरा नियम सामान्य क्रिया के प्रतिकूल प्रतिक्रिया होती है जैसी होने लगती है और सत्ता अपना मुँह लिए रह जाती है। लेकिन यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि मथुरा प्रसाद दीक्षित जो लोकमान्य तिलक की पत्रिका तिलक से प्रभावित होकर एचिसन कॉलेज लाहौर के ग्यारह वर्षों के अपने प्राचार्य के पद को लात मारते हुए हिन्दुस्तान की स्वतंत्रोन्मुखी बौद्धिक और राजनैतिक लड़ाई में कूदने के लिए जुट गये उनके व्यक्तित्व तथा रचनाओं के विषय में इतिहास के पास कोई समुचित जानकारी नहीं है। दीक्षित जी का यह राष्ट्रीय तथा सर्जनात्मक रुझान संस्कृत भाषा के

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

मारक तेवर के साथ-साथ इस भाषा पर लगे दरबारी चाटुकारिता के मिथक का भी परिशोधन करता है, क्योंकि रचना में लेखक द्वारा अपने मनोवांछित विषयवस्तु को चुनने की स्वतंत्रता तथा उसमें वैविध्य का अनूठापन ही रचनाधर्मिता की कालजयिता को जीवंत बनाये रखता है। पाश्चात्य विद्वान् होरेस कॉलस ने भी वस्तु-वैविध्य, मीडियम और विचार के विशिष्ट प्रयोग को ही सौन्दर्य माना है जिसमें अभिव्यक्ति के बिम्बों का उत्तरोत्तर समन्वित विकास उसकी स्वातन्त्र्य की भावना के साथ अनिवार्य रूप से आवश्यक होता है। यही कारण है कि दीक्षित जी के सुभाषित वचन जहाँ संस्कृत के क्लासिकल सुभाषितावली की परंपरा का निर्वाह करती है वहीं राष्ट्रवादी तथा सत्ता प्रतिरोधी भावनाओं से ओतप्रोत सूक्तियों के माध्यम से भी सूक्ति-सुधा के सौन्दर्यशास्त्र की परिभाषा में भी तब्दीली करता है जिससे साहित्य को भाषा वैज्ञानिक तथा इसके दार्शनिक तथ्यों को नया अंदाज मिला है। कवि की इसी समसामयिक सौन्दर्य चेतना ने आधुनिक संस्कृत भाषा तथा इसके साहित्य को अभिनव और जीवंत बना दिया है, क्योंकि उच्च मूल्यों के समुपस्थापन के बिना मौलिक मूल्य जीवन इसके विविध प्रसंगों को अपने आपमें हजम करने में कदापि समर्थ नहीं हो सकता है। ध्यान रहे उच्च मान्यताओं का अमूल्यन और रचनाकार की स्वतंत्रता के हनन के बाद ही साहित्यकार और उसकी रचना को सत्ता, राजनीति और इसके नाना उपादानों के समर्थनों, सिफारिशों तथा विज्ञापनों का हथियार बनाया जाता है। सत्तापोषी साहित्य का शोरगुल हर युग में सत्ता प्रतिरोधी उत्कट भावनाओं की सरगम को हमेशा दबाता ही रहा है और उस ख़ास युग के अवसान के साथ ही पुनः उस सरगम का ही रिद्म निष्पक्ष तथा बुद्धिजीवी पाठक समाज के हृदय-प्रांगण में पुनः थिरकने लगता है। यही स्पंदन दीक्षित जी के नाटकों की सूक्तियों में भी सर्वथा सुना जा सकता है। आज विश्व-शांति को लालायित पूरी दुनिया के दीक्षित जी की सुभाषित वाक्य क्यों न अच्छे लगेंगे – युद्धे प्राणिवधः क्षितौ विकलता लोकेषु विभ्रान्तता/बालस्त्रीस्थविरेषु धीतरलता दीनालसेष्वार्त्तता। (भारतविना, प.अ., प्र. १३९)। उसी प्रकार इनके अन्य नाटकों में भी युद्ध की अप्रासंगिकता तथा ताण्डव का दृश्य भी पठनीय है – सति युद्धे प्राणिहिंसा, शान्तिभङ्गः प्रजाक्षयः। आयनाशी, व्ययाधिक्य नास्माद् युद्धं समर्थये। (भारतविना, द्वि.अ., पृ. ४६)। यहाँ दूसरी पंक्ति में कवि की समसामयिक सोच नागासाकी तथा हिरोशिमा की खौफ़नाक यादों को ताजा कर जाती है। आज काबुल भी तो पुनर्निर्माण की दौर से ही गुजर रहा है। नाटककार द्वारा स्वतंत्रता जैसी इहलौकिक राजनैतिक भावना को पारलौकिक देवी का स्वरूप माना जाना भी ग़ौरतलब् है – एतत्स्वातन्त्र्यदेवपूजार्थं भवत्पादे निधीयेते (वीरप्रतापना, ष.अ., पृ. १७०)। उसी प्रकार भारतविजय नाटक में भी सिराजुद्दौला

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

द्वारा भारतमाता की मूर्ति के सामने अपना सिर झुकाया जाना भी सांप्रदायिक सद्भाव को ही इंगित करता है क्योंकि इस्लाम धर्म में मूर्ति-पूजा तो सर्वथा निषिद्ध ही है। लेकिन संभवतः सिराजुद्दौला को भी इसका एहसास है कि राष्ट्र और स्वतंत्रता तथा उसकी अस्मिता किसी भी धर्म से ऊँचा है। यही कारण है कि कवि दीक्षित ने अपने सुभाषित वचनों के माध्यम से स्पष्ट किया है कि हिन्दुस्तान में हिन्दू-मुस्लिम का कोई भेदभाव नहीं होता है बल्कि जो जिस लायक होता है उसे उसी के हिसाब से वह पद भी दिया जाता है—यस्मिन् प्रान्ते य एव योग्यः स एव मन्त्री भवति। नात्र हिन्दूयवनयोर्भेदः। (भारतविना, स.अ. पृ. १७२)। यही कारण है कि यहाँ पर बुद्ध तथा अशोक आदि ने भी शासन किया है – राज्यनियमे भेदभावस्तु न भवति। बौद्धैरशोकप्रभृतिभिधार्मिकभाव विहाय राज्यमकारि। नाटककार ने इसी कौमी एकता की बात अपने गाँधिविजय में उठाते हुए अंग्रेज़ की फूट डालो और शासन करो की कुनीति की भी घोर भर्त्सना की है—विभेदनपटुभिरेभिः पाश्चात्यैः किन्न कारयितुं शक्यते। (गांधिविजयना, प्र. अ. , पृ. ४) और भारतविजय नाटक में भी अंग्रेजों की इन हरक़तों को लेकर काफ़ी चिंता जतायी गयी है – परं कपटपटूनामुत्कोचदानेन विभेदकानामेषां मायाजालान्मुक्तिरतिदुष्करा। (भारतवि.ना., द्वि. अ., पृ. ४७)। इसी प्रकार चाँदी के जूते की व्यवस्था को लेकर भी दीक्षित जी ने अफसोस जताया है – पश्य, भूमिसम्मानसम्पत्त्यादिदानेन प्रसन्नीक्रियन्ते देशद्रोहिणः। (भारतविना, प.अ., पृ. १३८)। आज आतंकवाद का नंगा नाच और उनके द्वारा निहत्थे तथा निर्दोषों को भूने जाने की बात की अनैतिकता को उठाते हुए जालियावाला बाग कांड के प्रसंग में कवि लिखता है – आः प्रसुप्तानां मारणं नितान्तमनुचितम्। (भारतविना, तृ.अ., पृ. ८४)। उत्तर आधुनिकतावादी नारीवाद से जुड़ी अहमीयत को भी कवि ने एलान करते हुए स्पष्ट किया है कि औरत किसी भी समाज, राज्य या देश के लिए धरोहर ही होती है – एवं विधा एव स्त्रियें मम राज्यश्रियः सन्ति। (वीरप्रतापना, च.अ., पृ. ८४)। यही कारण है कि उन्होंने औरत की चतुराई की भूरि-भूरि प्रशंसा भी की है – किं नाम स्त्रीणां चातुर्येषु वक्तव्यम्। (भारतविना, द्वि.अ., पृ. ३४)। इसी प्रकार धर्मात् सर्वा आर्यस्त्रियो मे मातरः पर भी ग़ौर फरमाया जाना चाहिए। (वीरप्रतापना, च.अ., पृ. १६०)। कवि लिखता है – भूदेवाः सरहस्यवेदनिपुणाः शास्त्रास्त्रनिर्मापकाः, राजानोऽपि नयान्विताः सुकृतिनो नीत्या प्रजापालकः। विद्वांसोऽपि विमत्सराश्च वणिजो दत्ताश्च गोरक्षकाः, भूयासु सुखिनः कलासु कुशलाः शूद्राः पुनर्भारते। (शरद्धविना, ष.अ., पृ. ५२)। यहाँ नाटककार के चिंतन में बड़े ही समसामयिक, सार्वजनीन, सार्वभौमिक तथा जीवन, समाज और राष्ट्र के विविध वातायनों के आयामों का बड़ा ही प्रासंगिक

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

और समीचीन संदर्भों को उठाया गया है जिससे संस्कृत भाषा की जनोन्मुखी संचेतना बड़ा ही संवलित हो उठी है। लेकिन इन वाक्यों में गोरक्षकाः तथा शूद्राः शब्दों का प्रयोग कुछ ख़ास समकालिक माना जा सकता है। संस्कृत भाषा पर सामान्यतः ब्लू ब्लड का हिमायती और अभिजात्यीय मानसिकता के पोषक होने का आरोप लगाया जाता है। लेकिन भारतवर्ष के पुनर्निर्माण में दीक्षित जी फिर से राष्ट्र के चतुर्दिक् उत्थान में दलित समाज के योगदानों की कामना करते हैं। ठीक उसीं प्रकार ऋग्वेद का पुरुषसूक्त (१०/९०) ब्राह्मण (मुख), क्षत्रिय (भुजा), वैश्य (जंघा) तथा शूद्र (पैर) के क्रमगत उत्तरोत्तर अधिकाधिक प्रासंगिक मानकर समाज के प्रत्येक वर्ग को उपयोगी बताते हुए सार्वजनिक रोज़गार मुहैया करवाने की सिफारिश करती है। इसी प्रकार गोरक्षकाः शब्द-संधान करते वक़्त किसी भी प्रकार की कोताही से बिल्कुल बचने की ज़रूरत है क्योंकि इस शब्द का सामान्यतः सीधा तार आर्य समाज से जुड़े गोरक्षा आन्दोलन से ही जोड़ने की ग़लती की जाती है। लेकिन यहाँ यह भी ध्यान रहे कि मुंशी प्रेमचंद की कहानी दो बैलों की कथा जैसे अनेक पशुधनों पर बेहताशा भौतिक उन्नति के ट्रैक्टर ने किस कदर कहर ढाया है और मेहनतक़श मज़दूर वर्ग का अपने ही गाँव/कस्बे में खोती उनकी प्रासंगिकता और इससे उत्पन्न पलायन की समस्या और उनका असमंजस भरा संकटपूर्ण अस्तित्व भी कोई कम चिंता का विषय नहीं है। मथुरा प्रसाद दीक्षित ने अपने दार्शनिक नाटक में जहाँ जनता धर्म की चर्चा कर – पुनरशेषभारतवर्षेयैकधर्ममवलोक्य किञ्चित्सुखमनुभूय परलोकं गमिष्यसि। (शङ्करविना, प्र. अ., पृ. ५) धर्म के संविधान में सामान्यीकरण के मार्ग को प्रशस्त किया है वहीं पशुधन के विनाश से दूध तथा घी आदि की समस्याओं को भी उठाया है – खादन्तु मांसमिति निरूप्य लौकायतिककौलादिकैः, प्रत्युत्पन्नबुद्धिभिः सर्वा अपि गावो महिष्योऽपि खाद्यन्ते। घृतक्षीराणि दुर्लभानि भविष्यन्ति। (शङ्करविना, प्र. अ., पृ. २-३)। दीक्षित जी ने जाति व्यवस्था पर भी माकूल प्रश्न उठाते लिखा है – जातिः सातिशया कथं? कथमहो देहेन सा संगता? हाऽस्पृश्यापि कथं भवेदभिमता? सा जन्मना जायते। (शङ्करविना, तृ.अ., पृ. २१)। कवि की नज़र में भी रिश्वतखोरी का धंधा बड़ा ही नीचा काम है – उत्कोचं नैव कश्चिद् व्रजतु कृतिविधौ सर्वराज्ये सुखं स्यात्। (भक्तसुना, ष.अ., पृ. ९१)। इसी प्रकार वसुधा के विविध संपदाओं से भरे पूरे, शांति संपन्न तथा विद्वानों/समाजशास्त्रियों/वैज्ञानिकों के द्वारा मानव समाज से जुड़े नाना संसाधनोन्मुखी अन्वेषणों का सार्थक प्रयास और हिन्दुस्तान के जन जन में शिक्षा के प्रचार-प्रसार की कामना वाले सुभाषित स्तबक भी संस्कृत भाषा को समसामायिक तथा जीवंत बनाते हुए इस भाषा की सूक्तावली के अंदाज में ही चार चाँद लगा दिया है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

४६. यज्ञेन देव तपसा यदनाशकेन दानेन च द्विजगणैर्विविदिष्यसे त्वम्।
भाग्येन मेऽजनि मृषा तदिदं यतस्त्वां चापग्रहात्परमबुध्यत जामदग्न्यः।।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

—वर्णमालास्तोत्र, पद्य ४१

४७. वही, पद्य ३६

४८. तथाविधं प्राप्यमथो सुवैष्णवः सुचिन्तयन्नित्यमनुक्षणं प्रिया।
सदा सदाचाररतं गुरुं वरं ज्ञातं भजेताखिलसंशयच्छिदम्।।

—वर्णमालास्तोत्र, ९.४

४९. श्लाघाकम्पितमौलि जम्भरिपुणा व्रीडालसं वेधसा
साशङ्कं कमलेक्षणेन सरसं चन्द्रार्धचूडेन च।
दृष्टो मूर्ध्नि मया धृतोऽञ्जलिरयं त्रय्यन्तभूषामणेः
कृष्णानन्दमुनीश्वरस्य चरणद्वन्द्वं समालम्बते।।

—आचार्यस्तवराजभूषण, पद्य १

५०. के भृत्याः क इवात्मजाः प्रणयिनी का नाम के भ्रातरः
कौ मातापितरौ च के च गुरवः क्रुद्धस्य पुंसः पुरः।
तत्क्रोधो न भवेद्यथा मम तथा कार्या दयेति ब्रुवं-
स्तस्मै प्राञ्जलिरस्मि दाशरथये श्रीजानकीजानये।।
अग्राह्यं वसु गृह्यते प्रभुरसंसेव्यश्च संसेव्यते
प्राणाश्चेदपि यान्ति यान्त्वतिथये नान्नं पुनर्दीयते।
कुक्षिः स्वोऽपि न पुष्यते यदुदयाल्लोभं तमेवोज्झितुं
तस्मै प्राञ्जलिरस्मि दाशरथये श्रीजानकीजानये।।
विद्याद्येन न चात्मतत्त्वमथ तं मोहं जिहासन्नहं
तस्मै प्राञ्जलिरस्मि दाशरथये जानकीजानये।।
आचारेण च विद्यया च विभवैश्चान्नप्रदानेन च
स्फीतैर्बन्धुजनैश्च किं च यशसा को मेऽस्ति भूमौ समः।
इत्याकस्मिकमुज्झितुं निखिलमप्युत्सेकमभ्युत्सुक-
स्तस्मै प्राञ्जलिरस्मि दाशरथये श्रीजानकीजानये।।
दातारं कृपणोऽयमित्यकुटिलं जिह्मोऽयमित्युन्नतं
नीचोऽसाविति सर्वशास्त्रकुशलं प्रज्ञाजडोऽसाविति।
इत्थं यो मुखरीकरोति मनुजांस्तं मत्सरं प्रोज्झितुं
तस्मै प्राञ्जलिरस्मि दाशरथये श्रीजानकीजानये।।

—विश्वगर्भस्तव, पद्य ४२-४६

५१. त्यागो गर्वस्य कार्पण्यं श्रुतशीलादिजन्मनः।
अङ्गसामग्र्यसम्पत्तेरशक्तेरपि कर्मणाम्।।
अधिकारस्य चासिद्धेर्देशकालगुणक्षयात्।
उपाया नैव सिध्यन्ति ह्यपाया बहुलास्तथा।।
इति या गर्वहानिस्तद्दैन्यं कार्पण्यमुच्यते।।
शक्तेः सूपसदत्वाच्च कृपायोगाच्च शाश्वतात्।।

—लक्ष्मीतन्त्र १७.६८-७०

५२. दग्ध्वा निशाचरपुरीं प्रथितस्तवैको
भक्तेषु दानवपुरत्रितयं तथान्यः।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

त्वं चाशरासुरसमस्य गुणैः प्रभो मे
पुर्यष्टकप्रशमनेन लभस्व कीर्त्तिम्।।

—वर्णमालास्तोत्र, पद्य ३३

५३. (क) अपृथग्भूतशक्तित्वाद् ब्रह्माद्वैतं तदुच्यते।
तस्य या परमा शक्ति ज्योत्स्नेव हिमदीधितेः।।

—लक्ष्मीतन्त्र २.११

(ख) ब्रह्माद्वैतमिति। स्वापृथक्सिद्धशक्त्यंहताविशिष्टत्वात्
तद्विशिष्टं ब्रह्मैकमेव तत्त्वमित्यर्थः।

—वही (टीका), पृ०-६

५४. क्षन्तुं त्वमर्हसि रघूद्वह मेऽपराधान्सर्वंसहा ननु वधूरपि ते पुराणी।
वासालयं च तु न हृत्कमलं मदीयं कान्ता परापि न हि किं कमलालया ते।।

—वही, पद्य ५०

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

जातक एवं संहिता-स्कन्धों के आलोक में एक अध्ययन 'प्रश्नमार्ग'

हर्षबाला

वेदाङ्गज्योतिषस्य जातक-संहितेति स्कन्धद्वयम्। तृतीयोऽपि कश्चित् मार्गः प्रश्नमार्गः। एतस्योद्भवस्थानं केरलाः। प्रश्नशास्त्रमपि तावदेवोपादेयं यावज्जातकम्। इदं हि शास्त्रं साध्यं निर्वर्तयितुं मानसिकरूपेण प्रेरणां ददाति। यद्यपि शुभाशुभफलप्राप्तिः पूर्वजन्मक्रियाभिरेव जायते, ज्योतिषं तत्केवलं सूचयति, तथैव प्रश्नशास्त्रमपि तत्कर्म कर्तुं क्षमत इति निरूप्यतेऽत्र लेखे।

वेद के षडङ्गों में ज्योतिषशास्त्र वेदपुरुष की चक्षु-संज्ञा से विभूषित है, "ज्योतिषां सूर्यादिग्रहाणां बोधकं शास्त्रम्" से ज्योतिष शास्त्र की व्युत्पत्ति की गई है। इसका तात्पर्य है कि सूर्यादि ग्रह और काल का बोध करवाने वाले शास्त्र को ज्योतिषशास्त्र कहते हैं[1] इसमें प्रधानतया ज्योतिःपिण्डों की गति, स्थिति के द्वारा पड़ने वाले प्रभाव का विवेचन किया जाता है। आरम्भ में ज्यातिषशास्त्र सृष्टि के विभिन्न रहस्यों को उद्घाटित करने वाली विद्या के रूप में प्रचलित था। कालांतर में मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव से भूत, वर्तमान एवं भावी शुभाशुभ का फलादेश करना भी इसके अन्तगत समाहित हो गया, इसलिए इसे प्रत्यक्षशास्त्र कहा गया है, क्योंकि यह मानव-जीवन के रहस्यों को उसी प्रकार प्रकाशित करता है, जिस प्रकार दीपक अंधकार में रखी वस्तुओं को प्रकाशित करता है, इसलिए इसे ज्योतिर्विद्या भी कहा जाता है।[2] प्रारंभ में यह शास्त्र सिद्धान्त, होरा एवं संहिता त्रिस्कन्धात्मक रूप में विभक्त था,[3] कालांतर में सिद्धान्त, होरा, संहिता, प्रश्न तथा शकुन के रूप में इसका पंचस्कन्धात्मक विभाजन हो गया, यह शास्त्र प्रमाण व फल के भेद से दो प्रकार का है, इसका गणित स्कन्ध प्रमाण है तथा अन्य स्कन्ध फलात्मक हैं।[4] इस पंचस्कन्धात्मक विभाजन में होरा जातकशास्त्र का ही दूसरा नाम है इसकी उत्पत्ति अहोरात्र शब्द के आदि "अ" तथा अन्तिम "त्र" का लोप करने से हुई है। इसमें जातक के जन्मकालीन ग्रहों की स्थिति के

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अनुसार व्यक्ति के जीवन से सम्बन्धित लाभ-हानि, सुख-दुःख, इष्ट-अनिष्ट, उन्नति-अवनति इत्यादि का फलादेश किया जाता है।[५] सिद्धान्त उसको कहते हैं जिसमें त्रुटि से लेकर कल्प के अंत तक के काल की गणना हो, जिसमें सौर, चन्द्र, सावन मास इत्यादि मानों का प्रतिपादन हो[६]। संहिता स्कन्ध उसको कहते हैं, जिसमें ग्रहचार व उदयास्त का फल, सन्ध्यालक्षण, दिग्दाह, भूकम्प, उल्का, वास्तुविद्या, वृक्षायुर्वेद, सामुद्रिक विद्या, रत्नपरीक्षा, काक, श्वान, श्रृगाल, अश्व इत्यादि की चेष्टाओं से भावी शुभाशुभ का ज्ञान किया जाता है।[७] प्राचीनकाल में प्रश्न संहिता के अन्तर्गत समाहित था, किन्तु उत्तरमध्यकाल (ई. १००१ से ई. १६००) तक इसमें अनेक परिवर्तन व संशोधन हुए, कालांतर में यह भी एक स्वतंत्र शास्त्र के रूप में प्रचलित हो गया। यह प्रश्नकर्ता के प्रश्नाक्षर, प्रश्नलग्न तथा प्रश्नस्वर के आधार पर बिना लम्बी-चौड़ी गणना के तत्काल फल बताने वाला शास्त्र है, पंचस्कन्ध में शकुन शास्त्र को निमित्तशास्त्र भी कहा जाता है। पूर्वमध्यकाल (ई. ५०१ से ई. १०००) तक इसने भी पृथक् स्थान प्राप्त नहीं किया था, किन्तु संहिता के अन्तर्गत ही इसका विषय समाहित था, यह किसी भी कार्य या घटना से पूर्व दिखाई देने वाले लक्षणों के आधार पर फल बताने वाला शास्त्र है।[८] इस प्रकार फलित की अन्य शाखाएँ, जातक, ताजिक, मुहूर्त्त आदि भी ज्योतिष में समाहित हैं। वस्तुतः सृष्टि के समस्त विषय यथा-अन्तरिक्ष विज्ञान, वास्तुविज्ञान, भूविज्ञान, सृष्टिविज्ञान, मौसम विज्ञान इत्यादि, ऐसे अनेक विषय इसमें समाहित हैं और ऐसा लगता है कि इस शास्त्र का इतिहास अब भी पूर्ण रूप से बाहर नहीं आया और भूतकाल के गर्भ में छिपा हुआ है। प्राचीन काल से वर्तमान काल तक इस शास्त्र की उपयोगिता प्रगतिशील रही है, लेकिन सभी शाखाओं में प्रश्नशास्त्र का स्थान सर्वोपरि है, इस शास्त्र की मुख्य विशेषता यह है कि यह विद्या जीवन की मौलिक आवश्यकताओं व समस्याओं के अतिरिक्त आकस्मिक चिन्ताओं व प्रश्नों का समाधान बड़ी सरलता से तत्काल ही करती है, जबकि जातक शास्त्र तात्कालिक प्रश्नों का समाधान करने में अक्षम है। जैसे नष्टवस्तु प्रश्न में चोर कौन है? चोर का रूप, रंग, जाति, नाम, आकृति इत्यादि क्या है? ऐसे प्रश्नों का उत्तर जानना प्रश्नशास्त्र में संभव है, जबकि जातकशास्त्र में लम्बी-चौड़ी गणना के बाद भी सटीक फल ज्ञात नहीं होगा, इसलिए यह विद्या न केवल भारत में बल्कि विश्व के अन्य भागों में भी प्रचलित विद्या है। प्रश्नविद्या जातक व प्रश्नशास्त्र के सिद्धान्तों के अतिरिक्त पृच्छक के अङ्गस्पर्श, चेष्टाओं व क्रियाओं के अतिरिक्त शकुन इत्यादि को भी एक साथ प्रस्तुत करती है। प्रश्न व जातक शास्त्र एक समान लगते हुए भी दोनों में कुछ वैषम्य भी है। प्राचीन मनीषियों प्रभृति, पाराशर[९], कालिदास[१०], व्यङ्कटेश[११] एवम्

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

प्रश्नमार्गकार[१२] के अनुसार दोनों शास्त्र अभिन्न हैं, किन्तु फिर भी दोनों की अपनी-अपनी विशेषता है और प्रश्नकुण्डली जन्मकुण्डली की सहायक के रूप में मानी जाती है। जब कोई घटना जन्मकुण्डली में प्रत्यक्ष हो और प्रश्नकुण्डली में उसकी पुनरावृत्ति हो तो उस घटना का घटित होना निश्चित है, क्योंकि दोनों कुण्डलियाँ उसे दर्शाती हैं। किन्तु फिर भी प्रश्नशास्त्र सर्वोपरि एवं सर्वमान्य विद्या है और इस शास्त्र का क्रमबद्ध इतिहास हमें वराहमिहिर के समय में मिलता है, यद्यपि इससे पूर्ववर्त्ती ग्रन्थों में यथा-गर्गसंहिता, बादरायणसंहिता इत्यादि में भी इसके सिद्धान्तों की चर्चा की गई है। वराहमिहिर के प्रसिद्ध ग्रन्थ दैवज्ञवल्लभा से इस शास्त्र के विकास की परम्परा शुरू हुई और उनके पुत्र पृथुयशा एवं टीकाकार आचार्य भट्टोत्पल ने क्रमशः षट्पंचाशिका एवम् प्रश्नज्ञान की रचना से इस परम्परा को आगे बढ़ाया।[१३] केरल में प्रश्नशास्त्र का अत्यधिक विकास हुआ और प्रश्न सम्बन्धी अनेक प्रश्न लिखे गए। केरल – साहित्य के इन्हीं प्रश्नग्रन्थों की शृंखला में प्रचलित प्रश्नग्रन्थ प्रश्नमार्ग है। जिसका उत्तरी व दक्षिणी भारत में खूब प्रचार-प्रसार हुआ है। यद्यपि प्रश्नमार्ग का लेखक अज्ञात है और लेखक ने ग्रन्थ में कहीं भी अपने नाम का उल्लेख नहीं किया है तथापि कुछ विद्वानों के द्वारा लेखक का नाम विष्णु, नारायण, कृष्ण, माधव, गोविन्द, दामोदर, ऋषिकेश, पद्मनाभ, मुरारी इत्यादि होने की संभावना की गई है।[१४] के. महादेव शास्त्री ने लेखक का नाम परमेश्वर माना है[१५] जबकि मतान्तर ने स्पष्ट किया है लेखक का नाम परमेश्वर नहीं है।[१६] बहुमतानुसार लेखक का नाम विष्णु ही है, ऐसा मानने के अन्य कारण भी हो सकते हैं। प्रथम लेखक एक नम्बूदरी ब्राह्मण था और नम्बूदरी परिवार एक विष्णु - मन्दिर के निकट ही रहता था, संभवतः लेखक विष्णु- मंदिर का पुजारी या तांत्रिक रहा होगा, दूसरा इनके पिता ने ही अपने इष्टदेव विष्णु के नाम पर पुत्र का नाम रखा हो, तीसरा लेखक ने एक घटना के अनुसार अपने कट्टरविरोधी ईश्वरदीक्षित को "ईश्वरपक्षपातम्" तथा स्वयं को "विष्णुभक्त" नाम से संबोधित किया था, संभवतः यहाँ ईश्वर शब्द अपने विरोधी का तथा विष्णु शब्द स्वयं लेखक के नाम का संकेत करते हैं।[१७] प्रश्नमार्ग के लेखक के गुरु का नाम "मुरारी" पिता का नाम "महादेव" और माता का नाम "श्री" था।[१८] लेखक का जन्मस्थान केरल प्रान्त के तेल्लीचरी और कन्नौर के बीच एटक्वारा (Eddakkad) नामक विष्णु क्षेत्र स्वीकार किया गया है।[१९] एटक्वारा का पूर्ववर्त्ती नाम मध्याटवी था, मध्याटवी एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है "मध्य जंगल" उसी प्रकार Eddakkad या एटक्वारा मलयालम शब्द है, जिसका अर्थ "मध्यजंगल" है।[२०] अतः यह निश्चित ज्ञात होता है कि लेखक Eddakkad का ही निवासी था। केरल बिब्लियोग्राफी[२१] के अनुसार लेखक का

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

काल सन् १९२५-१७२५ तथा प्रश्नमार्ग का रचनाकाल सन् १६४९-१६५० स्वीकार किया गया है। एम. रामाकृष्ण भट्ट ने लेखक का जीवनकाल ८०० से ८७० कोलम् संवत् तथा १६२४ से १६९४ ईस्वी स्वीकार किया है।[२२]

उपर्युक्त सभी साक्ष्यों से सन् १६४९-५० या ८२५ कोल संवत् ही प्रश्नमार्ग का रचनाकाल सिद्ध होता है। कोल संवत् केरल का संवत् है, इस संवत् के प्रारम्भ से ही केरल का नया वर्ष प्रारम्भ होता है। यह सौर गणना पर आधारित वर्ष है, जिसका प्रारम्भ निरयण सूर्य के सिंह राशि में प्रवेश - उपरान्त होता है, इस नववर्ष को मलयालम में सिंहादि कहा जाता है, इस संवत् के प्रारंभ में ही धान की फसल तैयार होती है।[२३] अत: अनेक साक्ष्यों के आधार पर ८२५ कोल संवत् प्रश्नमार्ग का काल सिद्ध होता है। प्रश्नमार्ग मौलिक रूप से मलयालम लिपि में लिखा गया ३२ अध्यायों में विभाजित केरल के भारत विलास प्रेस से छपा ग्रन्थ है।[२४] जो दक्षिण के केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक इत्यादि क्षेत्रों में शीघ्र ही प्रसिद्ध हो गया, यद्यपि इसकी मलयालम के अतिरिक्त कन्नड़, तमिल, तेलगू लिपियाँ भी मिलती हैं। जिसके आधार पर प्रश्नमार्ग के अनुवाद व संस्करण प्रकाशित किए गए हैं। न्यू कैटालोगस कैटालोगोरम[२५] के अनुसार २९ हस्तलिखित व प्रकाशित संस्कृत पाण्डुलिपि सूचीपत्रों के आधार पर ७९ प्रश्नमार्ग की मलयालम तथा देवनागरी पाण्डुलिपियों की संकेतात्मक जानकारी मिलती है।

प्रश्नमार्ग की प्रकाशित व उपलब्ध और अप्रकाशित और अनुपलब्ध टीकाओं की भी जानकारी मिलती है प्रश्नमार्ग की पाण्डुलिपियों के आधार पर प्रश्नमार्ग के पूर्वार्द्ध पर नीलकण्ठ शर्मा द्वारा सर्वप्रथम संस्कृत टीका लिखी गई, जो १९२६. में त्रिचूर के मंगलोदय प्रेस से[२६] मतान्तर से Phalghat से छपी[२७] थी, जिसकी प्रति Oriental Library Madras में सुरक्षित है,[२८] बी.वी. रमन ने इस टीका की सहायता से ही अंग्रेजी व्याख्या प्रस्तुत की है। विद्याकल्पतरु प्रेस से १८९० में प्रश्नमार्ग के पूर्वार्द्ध पर वलिया कोकून तामपुरा के द्वारा लिखित मलयालम व्याख्या प्रकाशित हुई थी, जिसकी जानकारी British Museum के मलयालम सूचीपत्र से प्राप्त हुई है। इस टीका का सम्पादन वेङ्कटला शास्त्री ने किया है।[२९] उपर्युक्त टीकाओं के प्रकाशित होने के अनन्तर भी प्रश्नमार्ग के ३२ अध्यायों का पूर्ण पाठ शुकदेव चतुर्वेदी जी द्वारा देवनागरी में अनुवादिक रंजन पब्लिकेशन्स से प्रकाशित १९७७ का संस्करण प्रस्तुत किया गया, जिससे यह शीघ्र ही उत्तर भारतीयों के लिए भी सरलता से उपलब्ध हो गया, यह प्रथम संस्करण तीन खण्डों में विभाजित किया गया था। इसी के साथ ही देवनागरी से अनुवादित जे.एन. भसीन कृत अंग्रेजी अनुवाद भी प्रस्तुत किया गया है। यद्यपि

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

वर्तमान में जे.एन. भसीन कृत अंग्रेजी अनुवाद का प्रकाशन समाप्त हो गया है। इसके अनन्तर बी.वी. रमन ने दो स्थानों से प्राप्त प्रश्नमार्ग की पाण्डुलिपियों से प्रश्नमार्ग का अंग्रेजी अनुवाद प्रस्तुत किया, जिसे ओरियण्टल लाइब्रेरी मद्रास से प्राप्त पाण्डुलिपि से प्रथमखण्ड तथा द्वितीयखण्ड का अनुवाद दो लिपियों से किया एक ओरियण्टल लाइब्रेरी से प्राप्त तेलगू लिपि से, दूसरी ओरियण्टल लाइब्रेरी मद्रास से प्राप्त कन्नड़ लिपि से किया, जो मोतीलाल बनारसीदास, बैंगलोर तथा दिल्ली से प्रकाशित क्रमशः १९८० और १९८५ में प्रस्तुत किया गया संस्करण है।[३०] इसके पश्चात् गुरु प्रसाद गौड़ कृत पाथेय हिन्दी टीका, चौखम्बा सुरभारती वाराणसी से प्रकाशित सन् २००७ का संस्करण प्राप्त होता है। यह मूलतः कन्नड़ लिपि से रूपान्तरित देवनागरी में तैयार किया गया है।[३१] उपर्युक्त के अतिरिक्त एम.ई. मुथ्थुस्वामी कृत प्रश्नमार्गम् नामक प्रश्नमार्ग पर चार खण्डों में मलयालम व्याख्या भी प्राप्त होती है।[३२] उपर्युक्त प्रकाशित टीकाओं के अतिरिक्त प्रश्नमार्ग पर लिखी गई अप्रकाशित व अनुपलब्ध टीकाओं की जानकारी भी मिलती है। जिनमें प्रथम दुर्गमाऽर्थप्रकाशिनी स्वयं लेखक द्वारा गद्य में लिखी गई, प्रश्नमार्ग व्याख्या नामक मलयालम टीका है।[३३] Kaikulangara Rama Warrier के द्वारा रत्नशिखा नामक मलयालम टीका लिखी गई है, लेकिन यह अप्राप्त है।[३४] नीलकण्ठ शर्मा कृत मलयालम उपरत्नशिखा नामक टीका अनुपलब्ध है।[३५] श्री कब्याड़ी श्री निवासाचार्य कृत प्रश्नमार्ग पर कन्नड़ टीका भी लिखी गई है, लेकिन यह भी अनुपलब्ध है।[३६]

प्रश्नमार्ग की विषयवस्तु को ३२ अध्यायों में विभाजित किया गया है। जिसमें न केवल प्रश्नशास्त्र की विधियों से बल्कि जातकशास्त्र के सिद्धान्तों की सहायता से फलादेश किया गया है। इसके अतिरिक्त वर्तमान में अप्रचलित व अनुपलब्ध विधियों का स्वरूप व फलादेश तथा महत्त्व भी इस ग्रन्थ में प्रतिपादित किया गया है। इस विषय वस्तु में सर्वप्रथम मंगलाचरण, गुरु, इष्टदेव, ग्रहों की स्तुति, वेदाङ्ग का परिचय, ज्योतिषशास्त्र के स्वरूप का परिचय दिया है तथा अन्य विषयों में ज्योतिषशास्त्र के अधिकारी व दैवज्ञ के लक्षण व कर्त्तव्य, पृच्छक के लक्षण व कर्त्तव्य, प्रश्नकालीन विचारणीय समय, स्थान, स्वर, अङ्गस्पर्श, वस्त्र, दृष्टि, शकुन, आरूढ़ दिशा इत्यादि का विविध प्रश्नों में शुभाशुभ फलादेश, प्रश्न – फलकथन की दक्षिण भारतीय विविधाँ यथा– अष्टमङ्गल विधि, आरूढ़ लग्न, छत्रलग्न, वीथी राशि, ताम्बूल व दीपक से फलकथन, सूत्रपद्धति, त्रिस्फुट, पंचस्फुट, सूर्येन्दुराहुचक्र, प्राण, मृत्यु, देह, अप्रकाशक ग्रह इत्यादि से शुभाशुभ फलकथन तथा प्रश्नशास्त्र के मुख्य तीन सिद्धान्तों में समाहित विधियों से विविध प्रश्नों का फलकथन किया गया है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

प्रश्नमार्ग में जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से सम्बन्धित मौलिक प्रश्नों यथा–आयु, विवाह, सन्तान, धन, रोग, देव पीड़ा, मृत्यु इत्यादि प्रश्नों के छोटे से छोटे पहलू का विवेचन विस्तार से किया गया है। यथा–रोग–प्रश्न में रोग–निर्धारण, रोग के भेद, रोग के कारण, रोगारम्भ, रोग की समाप्ति, साध्य-असाध्य रोग, मृत्यु का कारण, रोग तथा रोग–निवारण की औषधियाँ व रोग की शान्ति के उपाय इत्यादि प्रतिपादित किए गये हैं। ग्रन्थकार ने न केवल जातक व प्रश्नशास्त्र बल्कि ज्योतिषशास्त्र की समस्त शाखाओं को अपना विषय बनाया है तथा मूल समस्याओं के अतिरिक्त आकस्मिक व तात्कालिक समस्याओं व प्रश्नों यथा–मूक प्रश्न, नष्टवस्तु, राज, धन, कूप, वर्षा, नष्टजातक, इत्यादि प्रश्नों का भी सूक्ष्म अध्ययन अन्यग्रन्थमतानुसार किया है। प्रश्नमार्ग के सम्पूर्ण अध्ययन से ज्ञात होता है कि यह एक संकलन ग्रन्थ है, जिसमें ग्रन्थकार ने अपने पूर्ववर्त्ती ग्रन्थकारों के मतानुसार विषय स्पष्ट किया है। जिसमें मुख्य है– षट्पंचाशिका, बृहत्संहिता, बृहज्जातक, कृष्णीयम्, सूर्यसिद्धान्त, जातकपारिजातक, सारावली, रणदीपिका, विद्वज्जनवल्लभा, सन्तानदीपिका, आचारसंग्रह, प्रश्नज्ञान इत्यादि। जिनमें से कुछ ग्रन्थ आज अनुपलब्ध हैं। यह ग्रंथ प्राचीन पारम्परिक ज्योतिष मूल्यों की पुष्टि ही नहीं करता, बल्कि नए तथ्य भी प्रस्तुत करता है, जो प्रसिद्ध ग्रन्थ बृहज्जातक में भी नहीं मिलते। अपनी विशेषताओं के कारण अनेक नूतन आविष्कारों व नए सिद्धान्तों के सृजन के अनन्तर भी प्रश्नमार्ग की गुणवत्ता अक्षुण्ण रहेगी। प्रश्नशास्त्रीय ग्रन्थ प्रश्नमार्ग प्रतियोगिता – प्रधान युग में प्रश्नशास्त्र की उपयोगिता प्रस्तुत करता है। प्रश्नशास्त्र की उपयोगिता वर्तमान में सर्वमान्य है। आधुनिक युग में पीड़ित मनुष्य के लिए यह एक मार्गदर्शक के रूप में उपयोगी शास्त्र है। प्रश्नशास्त्र इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें पृच्छक या जिज्ञासु को जन्मकाल का ज्ञान हो ऐसा कोई बन्धन नहीं होता है। बल्कि पृच्छक केवल प्रश्न के आधार पर अपनी चिन्ताओं का समाधान जान सकता है।

अतः सम्पूर्ण अध्ययन से यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि प्रश्नशास्त्र भी उतना ही उपयोगी शास्त्र है, जितना जातक शास्त्र। प्रश्नशास्त्र का महत्त्व मनुष्य– जीवन में इसलिए भी है कि वह जिज्ञासु को वर्तमान में पुरुषार्थ – साध्य कर्म करने के लिए मानसिक रूप से प्रेरणा भी देता है। प्रश्नशास्त्र यह स्पष्ट बताता है कि इस जन्म के लिए क्रियमाण या करिष्यमाण कर्म का फल प्राप्त हो रहा है। वास्तव में शुभाशुभ की प्राप्ति का कारण तो मानव के पूर्वजन्म में किए गए कर्मों का ही चक्र हैं ज्योतिष तो केवल उसे सूचित ही करता है। अतः जो ज्योतिषशास्त्र का प्रयोजन है, प्रश्नशास्त्र भी उसे पूर्ण करने में सार्थक है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

१. शास्त्री, नेमिचन्द्र – भारतीय ज्योतिष, भारतीय ज्ञानपीठ, ३० संस्करण २०००, दिल्ली, पृ१७
२. चतुर्वेदी, शुकदेव – ज्योतिष शास्त्र में रोग विचार, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, पटना, वाराणसी, मद्रास, प्राक्कथन
३. शास्त्री, नेमिचन्द्र – भारतीय ज्योतिष, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, २०००, पृ. १८
४. प्रमाणफलभेदेन द्विविधं च भवेदिदम्।
प्रमाणं गणितस्कन्धः स्कन्धावन्यौ फलात्मकौ।।
– प्र. मा. १/९ चतुर्वेदी, शुकदेव, रंजन पब्लिकेशन्स, दिल्ली १९७७
५. शास्त्री, नेमिचन्द्र – भारतीय ज्योतिष, भारतीय ज्ञानपीठ, ३० संस्करण, दिल्ली, २०००, पृ १९
६. त्रुट्यादिप्रलयान्तकालकलनमानप्रभेदस्तथा।
चारश्च धुसदां द्विधा च गणितं प्रश्नस्तथा सोत्तराः।।
भूधिष्ण्यग्रहसंस्थितेश्च कथनं मन्त्रादियत्रोच्यते
सिद्धान्तः स उदादतोऽत्र गणितस्कन्धप्रबन्धे बुधैः।।
सि.शि., भास्कराचार्य, चौखम्बा संस्कृत सीरिज, वाराणसी, १९५८, १/६-७
७. बृ.सं., वराहमिहिर, हिन्दी टीका – अच्युतानन्द झा, सुरेशचन्द्र मिश्र, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, १९८३ पृ. ५.
८. शास्त्री, नेमिचन्द्र – भारतीय ज्योतिष, भारतीय ज्ञानपीठ, ३०वाँ संस्करण, दिल्ली, २०००, पृ. १८-२१
९. जन्मलग्नं समासाद्य यद्यप्रोक्तं तु जातके।
तत्सर्वं प्रश्नलग्नेन प्रश्नकालाद् वदेद् बुधः।
बृ.पा., पाराशरमुनि, व्याख्या-सुरेशचन्द्र मिश्र, रंजन पब्लिकेशन्स, दिल्ली, १००/१९
१०. एवं जन्मखगोदयः फलमिदं सर्वं वदेज्जातके।
तन्नो चेदथ जन्मपत्रमपि वा तत्प्रश्नलग्नाद्वदेत्।।
प्रश्नो जातकतुल्य एव न भवेद् भेदोऽथवा दुर्दिने।
न ज्ञाते घटिकादिके गृहनवांशादींश्च पृच्छाद्वदेत्।।
उ.का., कालिदास, रंजन पब्लिकेशन्स, दिल्ली, २००७, ७/१
११. यज्जातके निगदितं भुवि मानवानां। तत्प्रश्नकेऽपिसकलं कथयामि तज्ज्ञाः।
प्रश्नोऽपि जन्म भवति प्रभेदः प्रश्नस्य चात्र न कश्चिदस्ति।।
सं.चि, व्यङ्कटेश, सागर पब्लिकेशन्स, दिल्ली, २००२, १/५
१२. बुध्वा शास्त्रं यथान्यान्यं बलाबलविधानतः
यथोक्तं जातके सर्वं तद्वत् प्रश्नेऽपि चिन्तयेत्।।
प्र.मा., व्याख्या-शुकदेव चतुर्वेदी, रंजन पब्लिकेशन्स, दिल्ली, १९७७, १/४५
१३. वही, प्रस्तावना।
14. It might be argued that should the author's name be a synonym of Nārāyaṇa, Govinda, Damodara, Hṛṣīkeśa, Padmanābha. Murārī etc. and not Vishṇu is particular.
Bhatt M. Rama Krishna - Essentials of Horary Astrology or Prasnapadavi, Motilal Banarasidass Publishers, Delhi - 1992. Pg. XVI.

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

15. The Praśnamārga by a Nambudiri of the Panna Kattu Family, Possibly Named Parameshwara.
Sharma. K.V. - A History of the Kerala School of Astronomy of Hindu Astrology, Punjab University, Hosiarpur, First Edition. 1972. Pg. 37, 67.
16. Veezhinathan. N. - The New Catalogue Catalogorum, Vol. 13, p. 101, Department of Sanskrit, University of Madras, 1991.
17. Bhatt M. Ramakrishna - Essentials of Horary Astrology of Prasnapadvi, Motilal Banarasidass Publishers, Delhi - 1992. Pg. XVI.
18. Ibid, Pg. XV
१९. प्र.मा., व्याख्या-शुकदेव, चतुर्वेदी, रंजन पब्लिकेशन्स, दिल्ली, १९७७, प्रस्तावना।
20. Website - Google-Map of Kerala, Encyclopaedia Index (pg. 1-3)
21. Sharma, K.V. - A History of Kerala School of Hindu Astronomy, Punjab University, Hosiarpur, 1972, Pg. 66, 67
22. The author's life period was between 800 and 870 of the Kollam (era 1624 and 1694 Ad.)
Bhatt M. Ramkrishna - Essentials of Horary Astrology of Prasnapadavi, Pg. XV, Motilal Banarasidass, Delhi, 1992
२३. प्र.मा.ए व्याख्या – गुरु प्रसाद गौड़, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, २००७, भाग-१, प्रस्तावना।
२४. प्र.मा., व्याख्या – शुकदेव चतुर्वेदी, रंजन पब्लिकेशन्स, दिल्ली, १९७७, प्रस्तावना।
25. Veezhinathanm N.- The New Catalogue Catalogorum, Vol. 13, Department of Sanskrit, University of Madras, 1991, Pg. 101, 102: Vol. I. pg i-xvi, 1968
26. Bhatt M. Ramakrishna - Essentials of Horary Astrology or Prasnapadavi, Motilal Banarasidass, Delhi-1992, Pg. XVII
27. Veezhinatham, N.- The New Catalogue Catalogorum, Vol. 13, Department of Sanskrit, Madras University 1991, Pg. 102
28. Praśna Mārga - B.V. Raman, Motilal Banarsidass, Bangolare Part 1, 1980, Delhi -1991, Reprint 1999-2003, Preface.
29. Gaur, Albertine - Catalogue of Malayabm Books in the British Museum, London, 1971, Pg. 277
30. Praśna Mārga - B.V. Raman, Motilal Banarsidass, Bangolare, Part 1, 1980, Delhi-1991, Reprint 1999-2003, Preface
३१. प्र.मा. व्याख्या – गुरु प्रसाद गौड़, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, २००७, भाग-१, प्रस्तावना।
32. Google - Sanskrit Book of Jyotish in Malayalam, Pg. 1.2
33. Sharma, K.V. - A History of Kerala School of Hindu Astrology, Punjab University, Hosiarpur, 1972, Pg. 67
34. Ibid, Pg. 67
35. Nilākantha Sarma has written a Sanskrit Commentary on the First Part of this Work. His Malayalam Commentary is called Upratna - Shikha. Bhatt M. Ramakrishna - Essentials of Horary Astrology or Prasnapadavi, Motilal Banarasidass, Delhi, 1992, Pg. XVII.
36. Ibid. XVIII

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

ऋतु-विज्ञान : शतपथ ब्राह्मण के सन्दर्भ में

अपर्णा धीर

शतपथब्राह्मणे कीदृशम् ऋतुविज्ञानं दृश्यते इत्यत्र लेखे सप्रमाणं वर्ण्यते। ऋतुविज्ञानेन पशुविज्ञानं, वनस्पतिविज्ञानं, जीवविज्ञानं, पर्यावरणविज्ञानं, खगोल-विज्ञानं, मनोविज्ञानमिति विविधविज्ञानानां ज्ञानं जायते। ऋतवो वा असृज्यन्त, ते सृष्टा नानैवासन् इति शतपथश्रुतिः ऋतूनेव सृष्टेः मुख्यकारणं निगदति। इत्थमत्र शतपथश्रुतौ प्रतिपादितम् ऋतुविज्ञानं विवेचितमस्ति।

कर्मकाण्डप्रधान शुक्लयजुर्वेदीय 'वाजसनेयी संहिता' की माध्यंदिन शाखा से सम्बन्धित ब्राह्मण का नाम 'शतपथ' है। इस ब्राह्मण में प्रतिपादित ऋतु-विज्ञान ही प्रस्तुत पत्र का उद्देश्य है। 'ऋतु' शब्द ऋ + तु, कित् से निष्पन्न हुआ है।[१] इस शब्द का कथन मौसम, वर्ष के एकभाग तथा समय आदि के रूप में किया जाता है। मोनियर विलियम्स ने 'ऋतु' शब्द को निश्चित समय के रूप में ग्रहण किया है।[२] इस सन्दर्भ में 'कालमाधव' एवं 'वैदिक कोश' द्वारा दी गई ऋतु की निष्पत्ति प्रस्तुत शब्द को और अधिक स्पष्ट करती है। इसके अनुसार 'ऋतु' शब्द का 'ऋ' गत्यर्थक है, जिसके कारण ऋतु का अर्थ है 'सदागतिशील'[३] अर्थात् जो काल निरन्तर गतिशील है, उसे 'ऋतु' कहते हैं। प्रजापति को ऋतुओं का उत्पादनकर्त्ता (सजूर्ऋतुभिः- श. ब्रा. ८.२.२.८) मानकर शतपथ ब्राह्मण ने वर्ष में छः ऋतुओं की सत्ता स्वीकार की है[४] और वसन्त से शिशिर पर्यन्त ऋतुओं के नामों का भी उल्लेख किया है।[५] वस्तुतः ये ऋतुएँ सूर्य तथा चन्द्रमा की गति से प्रभावित होती हैं। इस तथ्य के अनेक उदाहरण इस यजुर्वेदीय ब्राह्मण में मिलते हैं।[६] वास्तव में कालखण्ड के रूप में विद्यमान ये ऋतुएँ परस्पर जुड़ी हुई हैं।[७] ऋतुओं की निरन्तरता के विषय में शतपथ का मत है कि ऋतुएँ हमेशा विद्यमान होती हैं, चाहे दिन हो या रात[८] तथा क्रम में सब ऋतुएँ पहली हैं, सब बीच की एवं सभी पिछली हैं।[९] शतपथ ब्राह्मण के इस कथन द्वारा विद्वान् सत्य प्रकाश ने ऋतु-चक्र का ग्रहण करते हुए, ऋतुओं को अन्त -रहित कहा है।[१०] इसी कारण

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

शतपथ में ऋतुओं को विनाश-रहित जानकर उनकी स्थिति अविनाशी ब्रह्म के शासन में कही है।[११]

कांल के अवयव के रूप में विद्यमान ये ऋतुएँ वास्तव में वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। 'कृष्ण यजुर्वेद : एक अध्ययन' नामक ग्रन्थ में कथित डॉ. जे. सी. भारतीय के मतानुसार ऋतु वह मासक्रम है जो पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश के समस्त तत्त्वों को गतिमय करके उनमें प्राणप्रद जीवन्त अणु तत्त्वों को उद्दीप्त करता है।[१२] इसी विषय की ओर संकेत करते हुए शतपथ ब्राह्मण ने इन ऋतुओं को पशु-विज्ञान, वनस्पति-विज्ञान, जीव-विज्ञान एवं पर्यावरण-विज्ञान से जोड़ा है। शतपथ ब्राह्मण ने ऋतुओं में वायु[१३] के अस्तित्त्व का कथन कर, इन ऋतुओं की स्थिति पृथ्वी से ऊपर[१४] मानी है। वस्तुतः शतपथ के अनुसार द्यौ और सूर्य के उत्तर में ऋतुओं की स्थिति है।[१५] इस प्रकार वातावरण के उल्लेख द्वारा **पर्यावरण-विज्ञान** की ओर संकेत प्राप्त होता है।

शतपथ ने ऋतुओं को 'अग्निमान्' कहा है क्योंकि उनमें अग्नितत्त्व की शक्ति है। इस विषय को स्पष्ट करते हुए शतपथ में दो कथन हैं। प्रथम कथनानुसार वर्णित है कि देवों ने सर्वप्रथम ऋतुओं को यज्ञ में भाग दिया, तत्पश्चात् ऋतुओं के कहने पर अग्नि को यज्ञ में स्थान मिला, इसीलिए अग्नि और ऋतुओं को यज्ञ में साथ-साथ आहुति दी जाती है।[१६] द्वितीय कथनानुसार वर्णित है कि देवताओं ने सब प्रकार के रूपों का रक्षक अग्नि को बनाया परन्तु लालच वश अग्नि, उन सब रूपों को एकत्र कर ऋतुओं में जा छिपा।[१७] इन कथनों से ऋतुओं में अग्नितत्त्व की सत्ता स्पष्ट होती है। अतः शतपथ का मत है कि इसी अग्नितत्त्व के कारण ऋतुओं में प्रजनन शक्ति है[१८], जिससे ये ऋतुएँ ओषधियों एवं पदार्थों को पकाती हैं।[१९] इसप्रकार शतपथ का यह वाक्य "देवताओं ने ऋतुओं से रात, दिन, मनुष्य तथा पशुओं को बनाया"[२०] सर्वथा उचित है। इस सन्दर्भ को और अधिक स्पष्ट करते हुए शतपथ में कहा गया है कि सभी ऋतुएँ देव हैं, परन्तु केवल तीन ऋतुओं की ही प्रधानता है– वसन्त, वर्षा, शरद क्योंकि इनमें ओषधियाँ उत्पन्न होती हैं।[२१] इस प्रकार यहाँ ऋतुओं को वनस्पति से जोड़ा गया है (**वनस्पति-विज्ञान**)। पुनः वनस्पति-विज्ञान को जीव-विज्ञान से जोड़ते हुए शतपथ का मन्तव्य है कि यह प्रज्ज्वलित ऋतुएँ अर्थात् अग्नितत्त्व से युक्त ऋतुएँ ओषधियाँ पकाती हैं, जिसके सेवन से प्रजाएँ उत्पन्न होती हैं।[२२] एक अन्य वाक्य में कथित है कि प्रजापति द्वारा ऋतुओं की सहायता से प्रजा की उत्पत्ति हुई।[२३] इसी प्रकार ऋतु और पशुओं में सम्बन्ध दिखाते हुए वर्षा ऋतु के जल से पशुओं की पुष्टि कही गई है (**पशु-विज्ञान**)।[२४] शतपथ के इन वाक्यों में की

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

गई सृष्टि-कल्पना का विज्ञान-परक उल्लेख दयानन्द भार्गव ने 'वेद-विज्ञान-वीथिका' में भी किया है। उनके अनुसार सृष्टि में चलने वाले यज्ञ का सम्बन्ध अग्नि और सोम से है। इन्हीं अग्नि और सोम के उतार-चढ़ाव से ऋतुएँ उत्पन्न होती है।[२५] शतपथ ने भी अग्नि और सोम की आहुति से वृष्टि का कथन किया है।[२६] प्रस्तुत प्रसंग में दयानन्द भार्गव द्वारा कथित अग्नि और सोम रूपी सृष्टि-यज्ञ, वास्तव में सूर्य (अग्नि) और चन्द्रमा (सोम) की ओर संकेत करता है। शतपथ ब्राह्मण में भी ऋतुओं को सूर्य और चन्द्रमा द्वारा प्रभावित कहा गया है।

वास्तव में ये सभी ऋतुएँ ऐसा सुखद वातावरण प्रदान करती हैं, जिससे प्रजा, अन्न, पौधे आदि जीवित रह पाते हैं अन्यथा सभी नष्ट हो जायें। वास्तव में प्रत्येक ऋतु का अपना नैसर्गिक स्वभाव अर्थात् अपना-अपना तेज होता है, कुछ ऋतुएँ ठंडी हैं, तो कुछ गर्म। ऐसे ही पृथ्वी पर उपलब्ध पदार्थों की भी उत्पत्ति में शीत अथवा उष्ण वातावरण की आवश्यकता होती है। ऋतुओं के इसी तेज का उल्लेख करते हुए पृथ्वी को गाय कहकर उसे वर्षा, शीत, गर्मी को सहन करने में समर्थ कहा गया है।[२७] इस प्रकार वर्षा, शीत, गर्मी शब्दों के प्रयोग से ऋतुओं के वातावरण को स्पष्ट किया गया है। प्रस्तुत ब्राह्मण में सभी ऋतुओं की कार्यशैली का निर्देश भी प्राप्त होता है "वसन्त आग्नीध्र है, इसीलिए उसकी विशेषता है कि इसमें दावानल होते हैं, ग्रीष्म अध्वर्यु है इसीलिए तपता है, वर्षा उद्गाता है इसीलिए बरसता है, शरद् ब्रह्मा है इसीलिए इसमें धान पकता है, हेमन्त होता है इसीलिए इसमें पशु क्षीण हो जाते हैं"।[२८] इसके अतिरिक्त भी शतपथ के अनेक वाक्यों में प्रत्येक ऋतु की विशेषता का कथन है-

(अ) वसन्त ऋतु

'वसन्त' शब्द वस् + झच् + अन्तादेश से निष्पन्न हुआ है।[२९] शतपथ ब्राह्मण के कथनानुसार अग्नि से प्रजापति ने प्राण को तत्पश्चात् प्राण से वसन्त को बनाया।[३०] डॉ. जे. सी. भारतीय के कथनानुसार जिस समय पदार्थों में जीवदायक अग्निकण निवास करते हैं, वह वसन्त ऋतु है।[३१] सामान्य भाषा में इसे बहार के मौसम के नाम से जाना जाता है। शतपथ ने वसन्त ऋतु को संवत्सर का द्वार मानकर, उसे सभी ऋतुओं में प्रथम स्थान दिया है।[३२] यहाँ कथित है कि यज्ञ में दी गई समिधाओं से वसन्त ऋतु प्रज्वलित होकर दूसरी ऋतुओं को प्रज्वलित करती है अर्थात् यह प्रथम है, इसके बाद ही सभी ऋतुएँ क्रम सहित आती हैं।[३३] इस ऋतु की इसी प्रमुखता के कारण 'श्रीमद्भगवद्गीता' में श्रीकृष्ण ने स्वयं को ऋतुओं में वसन्त कहा है।[३४] शतपथ के कथनानुसार मधु एवं माधव मास को वसन्त ऋतु का आधार माना गया है।[३५] वैदिक-काल में प्रचलित इन

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

मासों के नामों की व्युत्पत्तियाँ तैत्तिरीय संहिता (१.१.१४) के भट्टभास्कर भाष्य तथा वाजसनेयी संहिता (७.३०) के उवट भाष्य में मिलती हैं। इन व्युत्पत्तियों के द्वारा ऋतुओं के स्वाभाविक गुणों का ज्ञान सरलता से होता है। उदाहरणतः "मधु–स च मधुप्रायत्वान्मधुरुच्यते। माधव–माधवः च त्वां प्रतिपद्यतामिति शेषः।"[३६] अथवा "मधु और माधव-मधु–प्रमुखमन्नं वसन्ते उत्पद्यत इति मधुमाधवौ-मासौ।"[३७] अभिप्राय यह है कि जो मास अत्यधिक सुगन्ध (मधु) से परिपूर्ण होता है एवं जिसमें पुष्पों की अधिकता होती है, उसे वसन्त ऋतु कहते हैं।

(आ) ग्रीष्म ऋतु

'ग्रीष्म' शब्द की निष्पत्ति दो प्रकार से मानी गई है- ग्रस् + मक् अथवा गम् + मक्।[३८] इसकी उत्पत्ति के विषय में शतपथ ब्राह्मण का मत है कि वायु से प्रजापति ने मन को तत्पश्चात् मन से ग्रीष्म को बनाया।[३९] सामान्य भाषा में इसे गर्मी के मौसम के नाम से जाना जाता है। इस समय सूर्य की किरणों का ताप अत्यधिक बढ़ जाता है इसीलिए इस मौसम में सर्वदा उष्णता की प्रतीति होती है। शतपथ ब्राह्मण ने भी इस ऋतु में विद्यमान सूर्य के तेज की ओर संकेत करते हुए कहा है कि ग्रीष्म ऋतु तपती है।[४०] इसकी व्युत्पत्ति के विषय में जहाँ 'निरुक्त' ने इस ऋतु में सूर्य की किरणों से पृथ्वी के रस खींचे जाने का कथन किया है[४१], वहीं 'वैदिक कोश' का मानना है कि यह ऋतु जीवों को क्षय को प्राप्त कराती है।[४२] 'कृष्णयजुर्वेद : एक अध्ययन' नामक ग्रन्थ में भी डॉ. जे. सी. भारतीय ने ग्रीष्म ऋतु के विषय में यही कहा है– 'जिस ऋतु में सूर्य की किरणें समस्त पदार्थों को उष्मा प्रदान करती हैं उसको ग्रीष्म ऋतु कहा जाता है।"[४३] वस्तुतः ग्रीष्म ऋतु शुक्र एवं शुचि मासों पर आधारित होती है।[४४] और इन मासों का स्वभाव ही उष्णता प्रदान करना है। शतपथ में कथित ग्रीष्म ऋतु के मासों की व्युत्पत्ति तैत्तिरीय संहिता (१.१.१४) के भट्टभास्कर भाष्य तथा वाजसनेयी संहिता (७.३०) के उवट भाष्य में प्राप्त होती है। यहाँ वर्णित है "शुक्र–शुग्दीप्तिरस्मिन्नस्तीति भुम्नि तेनैव मत्वर्थीयोरप्रत्ययः। शुचि–शोचयिता शोषयिता सलिलानामिति शुचिः।"[४५] अथवा "शुक्र और शुचि-उभावपिशोचतेः शुष्यत्यर्थस्य।"[४६] अर्थात् जिस काल में जल तक सूख जाता है वह काल ग्रीष्म कहलाता है। ग्रीष्म काल के लिए निदाघ शब्द का भी प्रयोग होता है। शतपथ ब्राह्मण में 'निदाघ' शब्द की व्युत्पत्ति प्राप्त होती है– नि + धा + अघ, एवं यहाँ इसका अर्थ गर्मी कहा गया है।[४७]

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

(इ) वर्षा ऋतु

'वर्षा' शब्द वृष् + अच् + टाप् से निष्पन्न हुआ है।[४८] शतपथ ब्राह्मण में कथित है कि प्रजापति ने आदित्य से चक्षु को तत्पश्चात् चक्षु द्वारा वर्षा को बनाया।[४९] वर्षा की व्युत्पत्ति देते हुए 'निरुक्त' में वर्णित है कि इनमें बादल बरसता है, इसीलिए वर्षा नाम पड़ा।[५०] वस्तुतः वर्षा ऋतु नभ और नभस्य नामक मासों पर आधारित मानी गई है[५१] और इन मासों का स्वभाव है बरसना। तैत्तिरीय संहिता (१.१.१४) के भट्टभास्कर भाष्य तथा वाजसनेयी संहिता (७.३०) के उवट भाष्य में कथित है कि "नभ – नह्यति बध्नाति जन्तूनिति नभः। नभस्य – न भातीति नभः।"[५२] अथवा "नभ और नभस्य – नह्यन्न सूर्यो भाति मेघप्रचुरत्वात् तस्मान्नभो नभस्यश्च।"[५३] अर्थात् जिस काल में मेघों की प्रचुरता होती है, वह काल वर्षा ऋतु के नाम से जाना जाता है। वस्तुतः शतपथ ब्राह्मण में वर्षा ऋतु के विषय में सबसे अधिक वर्णन मिलता है। यहाँ वाक्यों में उसकी वास्तविक स्थिति, उसकी रूप-रेखा तथा स्थिति आदि पर विस्तार से चर्चा की गई है।

सर्वप्रथम वर्षा ऋतु की स्थिति को अन्तरिक्ष में बताया गया है।[५४] तत्पश्चात् उसके स्वरूप का वर्णन करते हुए जल को इसका वास्तविक स्वरूप कहा गया है।[५५] अभिप्राय यह है कि जिस प्रकार वसन्त ऋतु में चारों ओर सुगन्ध का, ग्रीष्म ऋतु में उष्णता का एहसास होता है, उसी प्रकार वर्षा ऋतु का स्वरूप जल से ही बनता है। इस विषय में कहा गया है कि वर्षा ऋतु में जो वर्षा आती है, वह अग्नि से बनती है, अर्थात् अग्नि के प्रज्वलित होने से भाप बनती है, जिससे काले-काले मेघ बनते हैं और इस प्रकार वर्षा होती है।[५६] इस प्रकार यहाँ विज्ञान के वाष्पीकरण नामक विख्यात नियम की ओर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। शतपथ ब्राह्मण में वर्षा ऋतु की रूप-रेखा इस प्रकार दी गई है – वर्षा अग्नि है, संवत्स, समिधा, बिजली लौ, बादल धुआँ, चमक अंगारा, गरज चिंगारियाँ है।[५७] आज भी जब-जब वर्षा – काल आता है तो यह स्थिति सामान्यतया देखने को मिलती है– बादल, गरज, चमक, बिजली, बारिश। शतपथ ब्राह्मण में प्रतिपादित वर्षा ऋतु की रूप-रेखा के बीच डॉ. जे. सी. भारतीय द्वारा दी गई व्युत्पत्ति में भली-भाँति दिखलाई पड़ते हैं। उनका कथन है कि जिस ऋतु में सूर्य की किरणें आर्द्र वायु को लेकर ऊष्मा के बल पर वाष्प बनाकर बरसना प्रारम्भ कर देती हैं, उस काल को वर्षा काल कहा जाता है।[५८]

शतपथ के वाक्यों में वर्षा के जल का माहात्म्य भी देखने को मिलता है। यहाँ कथित है कि जल की स्वाभाविक विशेषता यह है कि वह शान्ति पहुँचाता है।[५९] अतः वर्षा के जल को पवित्र, स्वच्छ, शुद्ध एवं वज्र की तरह

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

कठोर एवं तेज समझना चाहिए, जो हमारी बुराई को काट भी देता है और धो भी देता है।[६०] पाश्चात्य विद्वान् जे. गोंडा ने भी अपने ग्रन्थ 'मन्त्र इंटरप्रिटेशन इन द शतपथ ब्राह्मण' में वर्षा के जल के महत्त्व का कथन किया है।[६१] इस प्रकार यहाँ वर्षा के जल को धर्मानुकूल कहकर उसके महत्त्व को प्रतिपादित किया गया है।[६२] वर्षा का जल पय अर्थात् पीने योग्य और शक्ति प्रदान करने वाले अन्न से युक्त है, क्योंकि इसी जल से अन्न उत्पन्न होता है।[६३] वर्षा रूपी अग्नि में देवता गण देवलोक से वृष्टि की आहुत्ति देते हैं, जिससे अन्न की उत्पत्ति होती है।[६४] इस प्रकार यहाँ उपर्युक्त अन्तरिक्ष में कही गई वर्षा की स्थिति की ओर संकेत किया गया है। वायु से भी वर्षा की स्थिति कही गई है। यहाँ कथित है कि देव पूर्व की ओर वायु को चलाते हैं, तत्पश्चात् बादल, बिजली और गर्ज के बाद वर्षा का जल बरसता है।[६५] अतः कह सकते हैं कि वायु द्वारा वर्षा होती है[४], फिर औषधियाँ तथा वनस्पतियाँ उत्पन्न होती हैं।[६६] इस विषय में पुनः जे. गोंडा कहते हैं कि वर्षा से उत्पन्न इन ओषधियों के सेवन से ही पशु-जगत् का अस्तित्त्व बनता है।[६७] इसी प्रकार यहाँ एक स्थान पर स्पष्टतः कथित है कि जुती हुई भूमि के लिए ही वर्षा होती है।[६८] वर्षा ऋतु के कारण वातावरण में अनुकूलता आ जाती है जिससे कीड़े भोजन की तलाश में बाहर आते हैं।[६९] अन्त में कह सकते हैं कि शतपथ ब्राह्मण में वर्षा ऋतु का विज्ञानपरक विस्तृत विश्लेषण दर्शनीय है।

(ई) शरद् ऋतु

'शरद्' शब्द शृ × आदि से निष्पन्न हुआ है।[७०] शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है कि प्रजापति ने दिशाओं से श्रोत्र तत्पश्चात् श्रौत से शरद ऋतु को उत्पन्न किया।[७१] सामान्य भाषा में इसे पतझड़ का मौसम भी कहते हैं। डॉ. जे. सी. भारतीय ने शरद् ऋतु की व्युत्पत्ति इस प्रकार दी है– "जिस समय जल देकर मेघ रिक्त हो जाता है, वह समय शरद् ऋतु कहलाता है।"[७२] शतपथ ने शरद ऋतु के स्वाभाविक स्वरूप का वर्णन करते हुए माना है कि ग्रीष्म और हेमन्त में क्षीण हुई ओषधियाँ वर्षा में बढ़कर इस ऋतु में बाहर की तरफ फैल जाती हैं।[७३] शरद् ऋतु इष और ऊर्ज नामक मासों पर आधारित मानी गयी है।[७४] और इन मासों में स्वाभाविक रूप से ही अन्न की प्रचुरता होती है। तैत्तिरीय संहिता (१.१.१४) के भट्टभास्कर भाष्य तथा वाजसनेयी संहिता (७.३०) के उवट भाष्य के अनुसार "इष – इडन्नम्। भुम्नि मत्वर्थीयोऽकारः प्रत्ययः। ऊर्ज – ऊर्ग् रसः। स एव मत्वर्थीयोऽकारः।"[७५] अथवा "इष और ऊर्ज – इषमन्नमूर्ज तदुपसेचनं दध्यादि तदिह प्रचुरं भवति इति मतुब्लोपादभेदोपचारात् द्वौ मासावुच्येते"[७६]। यहाँ लौकिक दृष्टि से शरद् ऋतु को स्वधा कहा गया है।[७७] स्वधा का अर्थ होता

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

है- पितरों का अन्न है, इस प्रकार शरद् ऋतु को पितरों के निमित्त माना जाता है। यहाँ ध्यातव्य है कि आज भी पितृपक्ष का आगमन शरद् ऋतु में ही माना जाता है।

(उ) हेमन्त ऋतु

'हेमन्त' शब्द हन् + झच् से निष्पन्न हुआ है।[७८] शतपथ ब्राह्मण के अनुसार प्रजापति ने चन्द्रमा से वाणी को बनाया तत्पश्चात् वाणी से हेमन्त ऋतु बनी।[८] 'निरुक्त' के अनुसार हन धातु से हिम शब्द बनता है। अतः हिम युक्त होने से हेमन्त नाम पड़ा अथवा हि धातु से हिम शब्द बनता है, अर्थात् यह यव आदि अन्नों को तृप्त करता है।[७९] डॉ. जे.सी. भारतीय के मतानुसार जिस काल में हिम सूर्य-रश्मियों के अतिनिकट आता है, उस काल को हेमन्त ऋतु कहते हैं।[८०] सह और सहस्य नामक मासों को हेमन्त ऋतु कहते हैं।[८१] अतः तैत्तिरीय संहिता (१.१.१४) के भट्टभास्कर भाष्य तथा वाजसनेयी संहिता (७.३०) के उवट भाष्य में स्पष्ट कथित है कि "सह-सहते अभिभवतीति सहः। सहस्य - प्रजानामभिभावकेन शीतेन तद्वान्।"[८२] अथवा "सह और सहस्य-राहतेः प्रसहनार्थस्य। अभिभवति ह्यसौ शीतेन"[८३] अर्थात् जिस ऋतु में प्रजा को शीत वायु पराजित कर दे, वह हेमन्त ऋतु के नाम से जानी जाती है। इस ऋतु में हिम के विद्यमान होने से औषधियों और वनस्पतियों का भी नाश होता है।

(ऊ) शिशिर ऋतु

'शिशिर' शब्द शृ अथवा शम् + किरच् से निष्पन्न हुआ है।[८४] 'निरुक्त' में शिशिर ऋतु का लक्षण देते हुए कहा गया है कि इसमें वृक्षों के पत्ते झड़ जाते हैं।[८५] वस्तुतः शिशिर ऋतु तप और तपस्य नामक मासों के संयोग से बनती है।[८६] इन मासों के स्वरूप का तैत्तिरीय संहिता (१.१.१४) के भट्टभास्कर भाष्य तथा वाजसनेयी संहिता (७.३०) के उवट भाष्य में कथन किया गया है। यहाँ वर्णित है कि "तप - तपति दहति हिमेनेति तपः। तपस्य - तपता हिमेन तद्वान् तपस्यः।"[८७] अथवा "तप और तपस्य - एतयोर्हि बलिष्ठं तपति सूर्यः।"[८८] अर्थात् जब सूर्य की तीव्रता के कारण हिम तपने एवं जलने लगे, तब शिशिर ऋतु होती है। इस विषय में 'कृष्ण-यजुर्वेद : एक अध्ययन' में कथित डॉ. जे. सी. भारतीय के मत-अनुसार जिस काल में शीतल हवायें चलती हैं, उस काल को शिशिर ऋतु कहते हैं।[८९] इस ऋतु को सामान्य भाषा में जाड़े का मौसम भी कहते हैं। इस ऋतु में बहने वाली शीत-लहर सभी औषधियों को नष्ट कर देती है, परन्तु हेमन्त ऋतु की बर्फीली हवाओं के बाद इसमें शीत की प्रतीति थोड़ी कम होती

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

है। इसकी इसी सुखदायक विशेषता के कारण 'निरुक्त' में शिशिर ऋतु को जीव नायक कहा गया है।[९०] इस प्रकार कह सकते हैं कि यह सुखद परिवेश अथवा अनुकूल वातावरण केवल ऋतुओं द्वारा ही सम्भव है। वास्तव में ये ऋतुएँ जीव-जन्तु, पेड़-पौधे आदि सभी का जीवन प्रभावित करती हैं। इसी कारण शतपथ में पुनः पुनः ऋतुओं को ओषधियों एवं प्रजा का उत्पन्न-कर्त्ता कहा गया है। ऋतुओं की इसी विशेषता के कारण दयानन्द भार्गव 'वेद-विज्ञान-वीथिका' में कहते हैं– "ऋतु ही समस्त प्रजा का कारण है, पशु-सृष्टि ऋतुप्रधान है।"[९१] ऋतुओं के जन-जीवन के अत्यधिक महत्त्वपूर्ण होंने के कारण शतपथ में ऋतुओं से की गई प्रार्थनाएँ भी प्राप्त होती हैं– "संवत्सर की ऋतु शुद्ध हों"[९२] तथा "सभी ऋतुएँ हमारी रक्षा करें।"[९३] यहाँ रक्षा से अभिप्राय ऋतुओं के आत्मसंयमी होने से है। वस्तुतः ये ऋतुएँ ही प्राकृतिक आपदा का कारण होती हैं क्योंकि अत्यधिक वर्षा, उष्णता अथवा शीतलता निश्चित ही दुःखदायी हैं। अतः इस संक्षिप्त अध्ययन में शतपथ ब्राह्मण के ऋतुपरक वाक्यों द्वारा निम्न तथ्य प्रकाशित हुए हैं–

१. ऋतु काल की अन्य लघु एवं दीर्घ इकाइयों को जोड़ने वाली मध्यवर्ती कड़ी है। वस्तुतः संवत्सर जैसे महत्त्वपूर्ण काल के अवयव की प्रत्यक्षता इसी ऋतु नामक काल की इकाई से है। यदि ऋतुएँ न होती तो संवत्सर का अस्तित्व भी न होता। अतः ऋतुओं द्वारा ही काल-ज्ञान सम्भव है। इस प्रकार ऋतुएँ **ज्योतिष-विज्ञान** के ज्ञान के लिए पृष्ठभूमि के समान हैं।

२. ऋतुओं के ज्ञान से **पशु-विज्ञान, वनस्पति-विज्ञान, जीव-विज्ञान** आदि को सहजता से ज्ञात किया जा सकता है, क्योंकि ऋतुएँ प्राणि-जगत् के व्यवहार को समझने में अत्यधिक सहायता प्रदान करती हैं।

३. शतपथ के वाक्यों में ऋतुओं की स्थिति पृथ्वी से ऊपर कही गई है तथा उनमें वायु की सत्ता का प्रतिपादन किया गया है। इस प्रकार वायुमण्डल के ज्ञान द्वारा **पर्यावरण-विज्ञान** और **खगोल-विज्ञान** को भी जाना जा सकता है।

४. शतपथ ब्राह्मण के अनुसार ऋतुएँ सब कामनाओं को पूर्ण करती हैं।[९४] अभिप्राय यह है कि सभी ऋतुएँ किसी न किसी विशेष कामना को अवश्य पूर्ण करने में समर्थ होती हैं, जैसे कोई अन्न उगाने में सहायक है, तो कोई शीतलता का अहसास देने में इत्यादि। इसप्रकार ऋतुओं द्वारा कामनाओं की पूर्ति से मानव-मस्तिष्क संतुलित रहता है। जिससे वह

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

हमेशा प्रसन्नता का अनुभव करता है। अतः ऋतुएँ चिकित्सा - प्रणाली में सहायक होकर **मनोविज्ञान** को बताती हैं।

अन्ततः कहना उचित होगा कि शतपथ ब्राह्मण ने ऋतुओं को सृष्टि-उत्पत्ति का मुख्य कारण माना है– "ऋतुवो वा असृज्यन्त। ते सृष्टा नानैवासन्"[१५] और ऋतुओं के वैज्ञानिक महत्त्व को संकेत रूप में प्रस्तुत किया है।

---

१. वामन शिवराम आप्टे, संस्कृत-हिन्दी कोश, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, २००७, पृ. २२३

२. "any settled point of time, fixed time, time appointed for any action (esp. for sacrifices and other regular worship), right or fit time....period (esp. a division or part of the year).", Monier Williams, A Sanskrit-English Dictionary, Bharatiya Granth Niketan, Delhi, 2004, p. 224.

३. ऋतुशब्दः 'ऋ' गतावित्यस्माद्धातोर्निष्पन्नः। ब्रजकिशोर स्वाई, कालमाधव, चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, द्वितीय प्रकरण, पृ. ३९;
चन्द्रशेखर उपाध्याय एवं अनिल कुमार उपाध्याय, वैदिक कोश, भाग-१, नाग प्रकाशक, दिल्ली, १९९५, पृ. ३७७

४. षड्ढ्यृतवः। श. ब्रा. ६.७.१.१८, ८.४.१.२१, १०.२.६.२, १२.२.२.१८, १३.१.५.६ इत्यादि। (श. ब्रा. - शतपथ ब्राह्मण) (शतपथ ब्राह्मण (माध्यन्दिन), (अनुवा.) गंगाप्रसाद उपाध्याय, (सम्पा.) स्वामी सत्यप्रकाश सरस्वती, विजयकुमार गोविन्दराम हासानन्द, दिल्ली, (तीन भाग) २००३)

५. वासन्तिकऽऋतौ कामस्तं.... मासं षष्ठी। मासं पुरीषमेतावाञ्छैशिरऽऋतौ...। श. ब्रा. १०.२.५.९-१५

६. आदित्येनामुत ऋतवः पृष्ठयोऽन्यतोज्योतिषो वाऽऋतव एषा एषां ज्योतिर्य एष तपति। श. ब्रा. १२.२.२.१, एष ऋतुषु प्रतिष्ठितस्तपति....। श. ब्रा. ४.२.५.९,
.....चन्द्रमा आसञ्जनं चन्द्रमसि ह्ययं संवत्सर ऋतुभिरासक्तः......। श.ब्रा. ६.७.१.१९

७. ऋतून्संङ्धाति। श.ब्रा. २.६.१.३२,
यद्वेवऽर्तव्या उपदधाति। संवत्सर एषोऽग्निः स ऋतव्याभिः संहितः....। श. ब्रा. ८.७.१.३-४

८. ....ऋतुर्यदि दिवा यदि नक्तं....। श. ब्रा. ४.३.१.८

९. ...तस्मादृतवः सर्वे पराञ्चः सर्वे प्रत्यञ्चः सर्वाः प्रथमा भवन्ति सर्वा मध्यमाः सर्वा उत्तमा. ...। श. ब्रा. १२.८.२.३५

१०. "The idea is that there is a cycle of seasons, and one can start anywhere in the cycle. No season is first, nor intermediate, nor the last. They all are in a cycle. The cycle repeats and is unending.", Satya Prakash, Satapatha Brahmana (vol.3), The Research Institute of Ancient Scientific Studies, West Patel Nagar, New Delhi, 1970, p. 582

११. .....एतस्य वाऽक्षरस्य प्रशासने गार्ग्यहोरात्राण्यर्धमासा मासा ऋतवः...। श. ब्रा. १४.६.८.९

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

१२. "अरति आगत्य प्राणोन्मेषं करोति पदार्थेषु इति ऋतुः", वीरेन्द्र कुमार मिश्र, कृष्णयजुर्वेद : एक अध्ययन (कपिष्ठल-कठ-संहिता के विशेष सन्दर्भ में), प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली, १९९०ए पृ. २०२

१३. ....प्राणो वै वायुर्ऋतुषु तद्वायुं प्रतिष्ठापयति। श. ब्रा. ८.३.२.१४

१४. ....ऋतून्दधाति तस्मादित ऊर्ध्वा....। श. ब्रा. ८.७.१.१०

१५. ....द्यौर्वाऽउत्तमा स्वयमातृणादित्य.......तस्मादर्वाचीनमेवात ऋतवोऽथो....। श. ब्रा. ८.७.१.९

१६. ते होचुः। ऋतूनेवानुमन्त्रयामहाऽइति केनेति प्रथमानेवैनान्यज्ञे यजामेति। श. ब्रा. १.६.१.५, तऽऋतवोऽग्निमब्रुवन्। आ वयं त्वामस्मासु....एषोऽग्निर्ऋतुष्वाभक्तः.....। श. ब्रा. १.६.१.८

१७. अग्नौ ह वै देवाः। सर्वाणि नूपाणि...नो गोपिष्ठो गोपायदिति वा। श. ब्रा. २.२.३.२ तान्यु हाग्निर्निचकमे। तैः संगृह्यऽर्तून्प्रविवेश......... श. ब्रा. २.२.३३.२.२.३.८.२.२.३११.२.२.३.२.६

१८. ...ऋतवोऽथो प्रजननमेतदितस्तदूर्ध्वं प्रजननं दधाति....। श. ब्रा. ८.७.१.१०

१९. ..वाऽअस्माऽअग्निमन्त ऋतव ओषधोः पचन्तीदं सर्वं य एवमेतमग्निमृतुष्वाभक्तं वेद। श. ब्रा. १.६.१.८

२०. ...तद्देवा अहरसृजन्तऽर्तुभिरिति..मनुष्यानसृजन्तऽर्तुभिरिति पशून्त्स यत्तन्मध्ये येन पशूनसृजन्त. ...। श. ब्रा. ४.३.१.१०-१२

२१. या ओषधोः पूर्वा जाताः। देवेभ्यस्त्रियुगं पुरेत्यृतवो वै देवास्तेभ्य एतास्त्रिः पुरा जायन्ते वसन्ता प्रावृषि शरदि.....। श. ब्रा. ७.२.४.२६
"....a great inportance is attached to spring, rainy season and autumn : these three are the seasons regarded for the growth of plants-", Satya Prakash, Satapatha Brahmana (vol.3), p. 584.

२२. ऋतवः समिद्धाः प्रजाश्च प्रजनयन्त्योषधीश्च पचन्ति....। श. ब्रा. १.३.४.७, १.५.३.८

२३. ...प्रजापतिरेतस्मिन्नात्मनः प्रतिहितेऽकामयत प्रजाः सृजेय....ऋतुभिरद्भिः प्राणैः....प्रजाः प्राजनय. ...। श. ब्रा. ८.२.२.७, ऋतुनेति वै देवाः। मनुष्यानसृजन्तऽर्तुभिरिति पशुन्त्स यत्तन्मध्ये येन पशूनसृजन्त....। श. ब्रा. ४.३.१.१२

२४. ....तस्माद्यदा वर्षत्यथ पशवः प्रतितिष्ठन्ति। श. ब्रा. ८.२.३.८

२५. "अग्नि का सम्बन्ध उष्ण ऋतु से है, सोम का सम्बन्ध शीत ऋतु से है। उष्ण ऋतु के तीन भाग हो जाते हैं- वसन्त, ग्रीष्म और वर्षा। सोम के भी तीन भाग हो जाते हैं- शरद्, हेमन्त और शिशिर। अग्नि की बाल्य अवस्था वसन्त है, युवा अवस्था ग्रीष्म है और वृद्धावस्था वर्षा है। इसी प्रकार सोम की बाल्य अवस्था शरत् है, युवा अवस्था हेमन्त है और वृद्धावस्था शिशिर है।", दयानन्द भार्गव, वेद-विज्ञान-वीथिका, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, १९९६, पृ. १९९

२६. ...तस्मिन्नग्नौ देवाः सोमं जुह्वति तस्या आहुतेरन्नं सम्भवति। श. ब्रा. १४.९.१.१३

२७. ते देवा अब्रुवन्। गौर्वाऽइदं सर्वं बिभर्ति....वर्षन्तं तया हिमं तया घुणिं तितिक्षते। श. ब्रा. ३.१.२.१४-१५

२८. वसन्त आग्नीध्रस्तस्माद्वसन्ते दावाश्चरन्ति....हेमन्तो होता तस्माद्धेमन्वषट्कृताः पशवः.....। श. ब्रा. ११.२.७.३२

२९. वामन शिवराम आप्टे, संस्कृत-हिन्दी कोश, पृ. ९०८

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

३०. प्राणं तस्माद्रूपादग्नेर्निरमिमीत वसन्तः प्राणायन इति वसन्तमृतुं....। श. ब्रा. ८.१.१.५
३१. "वसन्ति अग्निकणाः जीवदायकाः यस्मिन् काले पदार्थेषु स वसन्तः", वीरेन्द्र कुमार मिश्र, कृष्णयजुर्वेद : एक अध्ययन (कपिष्ठल-कठ-संहिता के विशेष संदर्भ में), पृ. २०६
३२. तस्य वसन्त एव द्वारं हेमन्तो द्वारं तं वाऽएतं संवत्सरं.....। श. ब्रा. १.६.१.१९
३३. वसन्तमेव तया समिन्धे स वसन्तः समिद्धोऽन्यानृतूंत्समिन्धऽऋतवः.....। श. ब्रा. १.३.४.७, १.५.३.८
३४. अहमृतूनां कुसुमाकरः।। श्रीमद्भगवद्गीता १०.३५
३५. अथऽर्तव्येऽउपदधाति। ऋतव एते यदृतव्येऽऋतूनेवैतदुपदधाति मधुश्च माधवश्च वासन्तिकावृतू...। श. ब्रा. ७.४.२.२९
३६. नारायण शर्मा सोनटके एवं त्रिविक्रम शर्मा नारायण धर्माधिकारी, तैत्तिरीय संहिता (भट्टभास्कर-सायणाचार्यविरचितभाष्याभ्यां समेता, प्रथमकाण्डे प्रपाठकाः १-४), वैदिक-संशोधन मण्डलेन, पूना, १९७०, पृ. ५६४
३७. जगदीशलाल शास्त्री, वाजसनेयि-माध्यन्दिन-शुक्ल-यजुर्वेद-संहिता (श्रीमदुवटाचार्य श्रीमहीधराचार्यकृतभाष्येण च समन्विता), मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली, १९७१, पृ. १२५
३८. चन्द्रशेखर उपाध्याय एवं अनिल कुमार उपाध्याय, वैदिक कोश, भाग-१, पृ. ५०२
३९. मनस्तस्माद्रूपाद्वायोर्निरमिमीत ग्रीष्मो मानस इति ग्रीष्ममृतुं...। श. ब्रा. ८.१.१.८
४०. अथ तनूनपातं यजति। ग्रीष्मो वै तनूनपाद्ग्रीष्मो ह्यासां प्रजानां तनूस्तपति....। श. ब्रा. १.५.३.१०
४१. ग्रीष्मः ग्रस्यन्ते अस्मिन् रसाः। निरुक्त ४.४.२७ (मुकुन्दशर्मणा, मेहरचन्द, लक्ष्मनदास, नई दिल्ली, १९८२)
४२. "गमयति क्षयं भूतानि", चन्द्रशेखर उपाध्याय एवं अनिल कुमार उपाध्याय, वैदिक कोश, भाग-१, पृ. ५०२
